सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
02.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 139

12 इंग्लैंड के चार बल्लेबाजों के शतक, बैकफुट पर पाकिस्तान

## न्यूज डायरी

### गुजरात : पहले चरण में 60.23% मतदान

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 19 जिलों की 89 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान में करीब 60.23 प्रतिशत वोटिंग हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच को सुबह आठ बजे शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक चला। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी कई बूथ पर मतदाताओं की कतारें लगी थी। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना है।

### साहिबगंज के स्वीटी पैलेस में इडी का छापा

**रांची।** ईडी की पांच सदस्यीय टीम गुरुवार को अवैध खनन, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बार फिर साहिबगंज पहुंची। टीम ने एसडीओ कोठी पथ, सकरुगढ़ स्थित स्वीटी पैलेस में छापेमारी की। टीम ने यहां अपने दो एडवोकेट के साथ न्यायालय में विजय हांसदा के रिमांड के लिए सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल की।

### आफताब ने नार्को टेस्ट में उगले कई राज

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा मर्डर केस के आरोपी आफताब पूनावाला का दो घंटे नार्को टेस्ट चला। आफताब ने कुछ सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिये। दो घंटे के नार्को टेस्ट में श्रद्धा के मर्डर की बात कबूल की है। श्रद्धा के मोबाइल और कपड़े कहां फेंके आफताब ने ये भी बता दिया। शव के टुकड़े करने में किस हथियार का प्रयोग किया और उन्हें कहां फेंका इसकी जानकारी भी दे दी।

### झारखंड पुलिस के जवान ने की खुदकुशी

**रांची।** इटकी थाना क्षेत्र के महुआ टोली में झारखंड पुलिस के एक जवान ने गुरुवार को खुदकुशी कर ली। सुबल तिग्गा (33) नामक जवान लातेहार का निवासी था। जवान रांची पुलिस लाइन में पदस्थापित था। खुदकुशी की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पत्नी के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 50,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 66,000 रु./प्रति किलो |

### वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट योजना समेत 37 प्रस्तावों को मंजूरी

# शिक्षकेतरकर्मियों को मिला सातवां वेतनमान

## आवासीय विद्यालय में महिला शिक्षक को 50 फीसदी आरक्षण

### बस पड़ाव विकास मद में 81.63 करोड़ की योजना मंजूर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक बैठक में कुल 37 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। विवि, कॉलेज के शिक्षकेतर कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ मिला। आवासीय विद्यालय में महिला शिक्षकों को नियुक्ति में मिलेगा 50 परसेंट क्षैतिज आरक्षण। किसानों से धान क्रय का न्यूनतम समर्थन मूल्य और धान खरीदी का लक्ष्य भी तय किया गया। कल्याण विभाग से संचालित सरकारी स्कूलों के छात्रावासों में रह रहे कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को छात्रवृत्ति 2000 से बढ़ा कर 2500 की गयी। बैठक में देवघर में बनेगा नया समाहरणालय भवन, डीवीसी को चौथे किस्त भुगतान के लिए 218.75 करोड रुपए की मंजूरी, जेबीवीएनएल को 526.58 करोड़ लोन लेने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी।

**7वें वेतनमान का लाभ 2016 से :** बैठक के बाद कैबिनेट सचिव बंदना डाडेल ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के कब्रिस्तान के डेवलपमेंट के लिए नये सिरे से रूपरेखा कार्यवाही की नीति बनायी गयी है। 25 लाख की लागत की योजना की स्वीकृति लाभुक समिति देगी। राजकीय विवि और कॉलेज इकाई में प्रशिक्षित कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने की स्वीकृति दी गयी। इसका लाभ 1 जनवरी 2016 की तिथि से मिलेगा। आवासीय विद्यालयों में महिलाओं को शिक्षकों के पदों में 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। इसके लिए कार्मिक विभाग के नियमों को संशोधित किया गया। पहले सिर्फ 5 परसेंट क्षैतिज आरक्षण मिलता था। वहीं सरकारी स्कूलों के छात्रावासों में रह रहे कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को छात्रवृत्ति 2000 से बढ़ा कर 2500 की गयी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के बस पड़ाव डेवलपमेंट के लिए 81.6 3 करोड़ की योजना मंजूर की गयी।

**वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट योजना :** 31 एकड़ से अधिक भूमि कचरा मुक्त होगी। बैठक में वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट योजना की मंजूरी दी गयी।

(शेष पेज 11 पर)

### धान क्रय का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय

बैठक में धान क्रय का न्यूनतम समर्थन मूल्य और धान खरीदी का लक्ष्य तय कर दिया है। राज्य सरकार ने धान की खरीदी विभिन्न जिलों से झारखंड राज्य खाद्य निगम और असैनिक आपूर्ति निगम के माध्यम से करेगी। साधारण ग्रेड के चावल का न्यूनत्तम समर्थन मूल्य 2,040 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान का न्यूनत्तम समर्थन मूल्य 2,060 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। इसके अतिरिक्त दोनों ग्रेड के धान खरीदी पर प्रति क्विंटल बोनस भी सरकार देगी। इसके अतिरिक्त सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में धान खरीदी का लक्ष्य 8 लाख मिट्रिक टन निर्धारित किया है।

## पल्स हॉस्पिटल समेत 82 करोड़ की संपत्ति अटैच

### मनरेगा घोटाले में पूजा के खिलाफ इडी की कार्रवाई



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी ने गुरुवार को झारखंड मनरेगा घोटाला की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की करीब 82.77 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। अटैच की गयी संपत्ति में पल्स सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, एक डायग्नोस्टिक सेंटर और दो प्लॉट शामिल हैं। मनरेगा घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही ईडी ने अटैच करने की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले का आरोप तत्कालीन खूंटी डीसी पूजा सिंघल पर है। मामले में 5 मई को ईडी ने पूजा सिंघल और उनसे जुड़े लोगों के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें भारी मात्रा में नकद और अहम दस्तावेज मिले थे। उल्लेखनीय है कि 18.06 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला उस अवधि से हुआ है, जब पूजा सिंघल खूंटी जिले में उपायुक्त थीं। वह विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए राशि स्वीकृत करने वाली प्रमुख अधिकारी थीं। ईडी ने बीते पांच मई को पूजा सिंघल के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने भारी मात्रा में नकद बरामद किया था। ईडी ने बाद में पूजा सिंघल से पूछताछ की और सिंघल को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने पूजा के पति अभिषेक कुमार झा, चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के अलावा खूंटी जिले के इंजीनियरों और अधिकारियों राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, जय किशोर चौधरी, शशि प्रकाश और राजेंद्र कुमार जैन के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में ईडी के अधिकारियों ने बताया कि अन्य आरोपितों की भी संपत्ति कुर्क की जायेगी।

### सीएम ने सूओ-मोटो म्यूटेशन प्रक्रिया का किया शुभारंभ

## अब नहीं काटने होंगे ऑफिस के चक्कर

### खरीद-बिक्री प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना जरूरी, व्यवस्था सरल व सुलभ बना रही सरकार : हेमंत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने गुरूवार को सूओ-मोटो म्यूटेशन प्रक्रिया का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन की खरीद-बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाये हैं। अब रसीद काटने के लिए आम लोगों को सीओ ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने होंगे।, सुओ-मोटो ऑनलाइन म्युटेशन प्रक्रिया का शुभारंभ भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जमीन खरीद-बिक्री के लिए निबंधन, दाखिल-खारिज, रसीद कटने से लेकर रजिस्टर पंजी-2 तक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कई बार ये प्रक्रियाएं आम जनता के लिए काफी जटिल हो जाती हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि आम जनता को सरल और सुलभ व्यवस्था उपलब्ध करायें। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम तथा श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थित थे। सीएम ने कहा कि अब राज्य में सओि-मोटो प्रक्रिया से आम व्यक्ति बिना कोई परेशानी उठाये निबंधन के बाद अपने उक्त भूमि का दाखिल-खारिज करा सकेगा। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जिला एवं अधिकारियों से कहा कि सूओ-मोटो प्रक्रिया पहली बार झारखंड में लागू की जा रही है। आप सभी अधिकारी 15-20 दिनों तक इस प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए रखें।

(शेष पेज 11 पर)

## दादा के नाम से चर्चित समरेश सिंह नहीं रहे

### राजकीय सम्मान के साथ आज अंत्येष्टि सीएम ने जताया शोक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, बोकारो।** भाजपा के कद्दावर नेता रहे झारखंड के पूर्व मंत्री समरेश सिंह (81) का निधन हो गया। लंबे समय से बीमार समरेश सिंह ने बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के लालपुर पंचायत स्थित अपने आवास देवलटांड़ गुरुवार सुबह करीब 6 बजे अंतिम सांस ली। समरेश सिंह के समर्थक प्यार से उन्हें दादा बोलते थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को पैतृक गांव चंदनक्यारी में उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। झारखंड के इस कद्दावर नेता के निधन पर राज्यपाल, सीएम समेत तमाम नेताओं ने गहरा शोक जताया है। 12 नवंबर को तबीयत खराब होने पर उन्हें भर्ती रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 16 दिनों तक चले इलाज के बाद कुछ स्वस्थ होने पर उन्हें 29 नवंबर को डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया था।

**चंदनक्यारी में होगा अंतिम संस्कार :** समरेश सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 9:00 बजे उनके पैतृक गांव चंदनक्यारी में किया जायेगा। उनके बड़े पुत्र राणा प्रताप भी अमेरिका से लौट आये हैं।

(शेष पेज 11 पर)




## चाईबासा में मुठभेड़ पांच जवान घायल



### एयरलिफ्ट कर रांची मेडिका में भर्ती, सभी जवान खतरे से बाहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर, रांची।** चाईबासाके टोंटो-गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगलों में सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में कोबरा बटालियन के पांच जवान घायल हो गये। चार घायलों को उपचार के सेना के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची के मेडिका में भर्ती कराया गया। घायल जवानों के नाम सुशील लकड़ा(25), सूरज कुमार (29), बुद्धदेव किशन(29) और कृष्णा बोखारे (31) है। (शेष पेज 11 पर)

## अगले आदेश तक नक्शा पास करने पर लगी रोक

### हाइकोर्ट ने नगर आयुक्त व आरआरडीए उपाध्यक्ष को लगायी फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने नक्शा पास करने में अवैध वसूली पर नगर आयुक्त और आरआरडीए उपाध्यक्ष को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी है। राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि नक्शा स्वीकृति जैसे मामलों में पारदर्शिता बरतनी चाहिए। कोर्ट ने आरआरडीए और नगर निगम में कितने जूनियर इंजीनियर और टाउन प्लानर है इसका ब्योरा कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि आरआरडीए में 1982 के बाद से कोई स्थाई नियुक्ति नहीं हुई है।कांट्रैक्ट बेसिस पर कर्मियों से काम कराया जा रहा है। सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त और आरआरडीए के उपाध्यक्ष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अपने मामले में जेपीएससी को भी प्रतिवादी बनाया है। मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत की जी20 अध्यक्षता शुरू, पीएम मोदी ने सदस्य देशों से किया आग्रह

## समूह को सद्भाव, आशा से भरा विकास का मॉडल बनायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के विश्व के आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को साथी देशों से आह्वान किया कि आगामी एक वर्ष में एक समावेशी, महत्वाकांक्षी एवं कार्योन्मुखी एजेंडे पर चलते हुए टकराव एवं प्रतिस्पर्धा से मुक्त संरक्षण, सद्भाव और आशा की ज्योति के साथ मानव केन्द्रित विकास का प्रतिमान स्थापित करने के प्रयास में वे सहयोग करें।




**क्या होगा भारत का एजेंडा :** प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए, हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नये प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

(शेष पेज 11 पर)

### मानव कल्याण का उत्प्रेरक बनें

मोदी ने जी-20 में भारत की अध्यक्षता की औपचारिक शुरूआत के मौके पर एक लेख में वैश्विक व्यवस्था को लेकर भारत का दर्शन प्रस्तुत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़ें, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गये।

# हाईकोर्ट ने 15 साल की मुस्लिम लड़की को दी शादी की अनुमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक 15 साल की लड़की को शादी की अनुमति दे दी है। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए अपना फैसला सुनाया। जस्टिस एसके द्विवेदी की पीठ ने यह फैसला दिया है। इसके साथ ही जस्टिस द्विवेदी ने जमशेदपुर से सटे जुगसलाई की एक 15 साल की लड़की से शादी करने वाले युवक के खिलाफ की गयी निचली अदालत की कार्रवाई को निरस्त कर दिया।

**15 साल की लड़की कर सकती है अपनी पसंद के लड़के से निकाह:** झारखंड हाईकोर्ट ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत 15 साल की लड़की अपनी पसंद के लड़के से निकाह कर सकती है। उस पर कोई बंदिश नहीं है। बता दें कि लड़की के पिता ने बिहार के नवादा जिला निवासी मोहम्मद सोनू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर उससे निकाह किया गया है। मोहम्मद सोनू ने इस प्राथमिकी को हाईकोर्ट में चुनौती दी। क्वैशिंग याचिका दाखिल की।

**लड़की के पिता ने हाईकोर्ट में दिया शपथ पत्र:** हालांकि, बाद में लड़की के पिता ने कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर कहा कि उसे इस निकाह से कोई दिक्कत नहीं है। गलतफहमी की वजह से उसने सोनू के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी थी। सुनवाई के दौरान ही लड़की के वकील ने कोर्ट को बताया कि दोनों परिवारों ने इस निकाह को मंजूरी दे दी है। इसके बाद जस्टिस द्विवेदी की खंडपीठ ने सोनू के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने भी दिया था ऐसा ही आदेश:** इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट भी कह चुका है कि युवावस्था प्राप्त करने के बाद लड़की अपनी मर्जी से किसी से निकाह कर सकती है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने मुस्लिम रीति-रिवाज से विवाह करने वाले मुस्लिम जोड़े को सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया था। इस जोड़े ने मार्च 2022 में निकाह किया था। अगस्त 2022 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि काली बाड़ी मीठा तालाब के पास स्थित निर्मित लाईब्रेरी जिसमें पढ़न–पाठन आदि की सामग्री नहीं होने के कारण असमाजिक तत्वों के द्वारा अवैध कब्जा तथा खुला रहने के कारण आवारा पशुओं का प्रवेश होते रहता है। सुरक्षा एवं लाईब्रेरी का संचालन के लिए आज दिनांक 29.11.2022 से लाईब्रेरी को नगर निगम प्रशासन अपने अधीन अंगीकृत करता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 283955 (Urban Development and Housing)22-23*D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनो को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र मे 31 दिसम्बर 2019 के पूर्व मे निर्मित अनाधिकृत भवन निर्माण को नियमितीकरण करने का विचारहित में रखती है।

इसी क्रम मे 'अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना 2022' का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। यह योजना अधिक से अधिक लोगो को लाभ पहुँचाया जा सके इसके लिए सभी हित धारक (Stakeholder) के हितो को अधिकतम रूप से समाहित करने के विचार से प्रस्तावित 'अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना 2022' प्रारूप पर अपना सुझाव करने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के वेबसाइट https://udhd.jarkhand.gov.in/ पर अपलोड किया गया है।

अतः हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के हितधारक (Stakeholder) उपर्युक्त योजना पर अपना सुझाव ईमेल ID- tpjhar@gmail.com के माध्यम से अथवा डाक द्वारा नगर निवेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग कमरा सं०–415, चतुर्थ तल, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची झारखण्ड, पिन कोड 834004 के पते पर दिनांक 20.12.2022 अपराहन् 4.00 बजे प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं अवधि के बाद विचार नही किया जाएगा। विशेष जानकारी के लिए नगर निगम हजारीबाग के सूचना भवन मे नक्शा विभाग के नगर निवेशक, श्री आलोक नारायण मो.सं. 8092683607 से संपर्क किया जा सकता है। सभी आम जनो से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा सुझाव समर्पित करें एवं निगम हजारीबाग को Well Planned हजारीबाग बनाना सुनिश्चित करे।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग।

PR 283948 Urban Development and Housing(22-23)D

**Office of the Civil Surgeon–Cum–Chief Medical Officer,Khunti.**

**EXPRESSION OF INTEREST**

Advt No:-02/2022 Date of Interview:-01.12.2022

Sadar Hospital Khunti is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). Sadar Hospital is LaQshya (Labour Room) National certified and joint winner of Kayakalp award (2020-2021). In order to increase the services more efficiently, the Hospital Management Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialists and supporting staffs for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Khunti under AB- Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna, and DMFT.

| Sl No | Post Name | No of Post | Eligibility | Remuneration per month (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Pediatrician | 1 | MBBS Degree with post graduate degree/diploma from any MCI recognized institution in Pediatrics or equivalent | Rs. 1,05,000.00/- |
| 2 | Surgeon | 1 | MBBS Degree with post graduate degree/diploma from any MCI recognized institution in Surgeon or equivalent MS | Rs. 1,05,000.00/- |
| 3 | Anesthetist | 1 | MBBS Degree with post graduate degree/diploma from any MCI recognized institution in Anesthesia or equivalent MS | Rs. 1,05,000.00/- |

1 The jobs offered are contractual for tenure of one year from the date of joining and can be renewed further after successful completion of agreement period upon mutual consent and performance review or appraisal.
2 TDS will be applicable as per Government rules and leave shall be availed according to provision of State government.
3 Age limit - 60 years as on 01.12.2022.
4 Specialists medical officer should be registered with Medical Council of India and other post must be from and government recognized instituted.
5 Interested candidates are requested to report with filled Annexure "A", at 11.00 AM on December 15th 2022 at District Collectorate Hall, Khunti - 835210 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.
6 The remuneration as mentioned above is negotiable and will be finalized during Counseling/ interview session to be held on December 15th 2022.
7 Number of vacancies can be increased or decreased.
8 No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
9 Chairman, District Health Society/Hospital Management society, will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
10 The undersigned reserves the right to cancel/reject the advertisement without assigning any reason thereof.
11 For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Contact no 7488873312/9431564241. Email id- cs.khunti@gmail.com
12 Annexure "A" and other details can be downloaded from district website http://khunti.nic.in.

Civil Surgeon-cum-
Chief Medical Officer, Khunti

PR 283913 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्प कालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –20वर्ष 2022–2023**

1.विभाग का नाम :भवन निर्माण विभाग।
2.विज्ञापनदाता का नाम :कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3.परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि एवं समय :दिनांक:09.12.2022 को अपराहण 1.00 बजे तक।
4.मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :दिनांक:10.12.2022 को अपराहण 3.00 बजे तक।
5.मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक:10.12.2022 को अपराहण 3.30 बजे तक।
6.परिमाण विपत्र की बिकी :1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, का स्थान भवन प्रमण्डल, खूँटी।
2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल,राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति:1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, का स्थान छोटानागपुर अंचल, राँची।
2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Vulnerable Witness Deposition Centre at 4 Court Khunti, Dist - Khunti for the Year 2022-23. | 10,19,185.00 | 2,500.00 | 20,400.00 | 1 Month |
| 2. | A/R to Boundary Wall in Court Campus Khunti, Dist- Khunti for the Year 2022-23. | 10,09,211.00 | 2,500.00 | 20,200.00 | 1 Month |

नोट:- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR283910 (Building)22-23*D


# फाइलेरिया उन्मूलन कार्य में सभी की भागीदारी बहुत जरूरी : बन्ना गुप्ता

## 7 जिलों के 66 लाख परिवारों को फाइलेरिया से बचाव की दी जानी है दवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के सात जिलों में शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (आईडीए) एवं फाइलेरिया व कालाजार के कम्युनिकेशन कैंपेन का गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसमुदाय की भागीदारी बहुत जरूरी है। राज्य को इस बीमारी से मुक्त करने के लिए एक साथ मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने एक्टर मनोज वाजपेयी द्वारा लोगों को फाइलेरिया से जुड़े आडियो विजुअल संदेश को भी लांच किया। साथ ही कहा कि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए फाइलेरिया से बचाने के लिए राज्य के 7 जिले पलामू, लातेहार, सरायकेला, जामताड़ा, चतरा, दुमका और गोड्डा में 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा० भुवनेश्वर प्रताप सिंह, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डा कृष्ण कुमार, सिवल सर्जन रांची सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**मुफ्त खिलाई जाएगी दवा:** इन 7 जिलों में 3 दवाओं डीईसी, अल्बेंडाजोल के साथ आईवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक बूथ व घर-घर जाकर मुफ्त खिलाई जाएगी। ये दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव और अभियान निदेशक ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाएं खाकर अभियान की शुरूआत की। अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने बताया कि ये बीमारी गंभीर समस्या है। राज्य सरकार फाइलेरिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं:** ये दवाएं 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी। राज्य स्तर से जिला स्तर तक समन्वय बनाकर, आईडीए कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए सुनियोजित रणनीति के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

**प्रतिदिन राज्य स्तर पर होगी समीक्षा:** इस कार्यक्रम की प्रतिदिन राज्य स्तर पर समीक्षा की जायेगी और कार्यक्रम के दौरान आने वाली हर समस्या का तुरंत समाधान किया जायेगा। हमारा लक्ष्य है कि इस बार 100 प्रतिशत लाभार्थियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सुनिश्चित किया जाये। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। राज्य में इस वर्ष (जनवरी-अक्टूबर 2022) के आंकड़ों के अनुसार लिम्फोडेमा के 5077 मरीज हैं और हाइड्रोसील के लगभग 3723 मरीज हैं, जिसमें 2845 (77%) मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। इसके साथ ही 21181 फाइलेरिया मरीजों को एमएम डीपी किट निशुल्क प्रदान की गयी है।

### लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : अरूण कुमार सिंह

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरूण कुमार सिंह ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (आईडीए)अभियान एवं फाइलेरिया और कालाजार के कम्युनिकेशन कैम्पेन के दौरान राज्य के सात जिलों दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला–खरसांवा एवं चतरा में करीब 66 लाख परिवारों को फाइलेरिया से बचाव की दवा दी जानी हैं। आईडीए के पहले दिन नामित बूथों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सभी आंगनबाडी केंद्रों, वार्ड कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों में दवा दी जाएगी। बाकी दिनों में बच गए लोगों को घर–घर जाकर दवाइयां खिलाई जाएंगी।

# सीएम से मिलीं बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष काजल यादव एवं सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी, रुचि तथा मिनहाजुल हक ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री जोबा मांझी भी उपस्थित थीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**CORRIGENDUM**

दिनांक 09.11.2022 को प्रकाशित अल्पकालीन निविदा (PR280836Road (22-23)#D के क्रम संख्या 04 में अंकित कार्य "गैर योजना मद अन्तर्गत चरही धाटो पथ की साधारण मरम्मति कार्य। वित्तीय वर्ष 2022–23" को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
प.नि.वि. पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.283928 Road(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-19/2022-23 PR No. 282973 Lohardaga(22-23):D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 06.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 2 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 08.12.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 3 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे |

4 ऑनलाईन प्रकाशन S.B.D. के Details of documents to be furnished for online bidding के कंडिका
Xii में Experience in similar nature of work के स्थान पर Experience in Civil work पढ़ा जाय।

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा ।

PR 283971 Lohardaga(22-23)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–33/2022–23 दिनांक :– 30.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | काँके पिठौरिया मुख्य मार्ग से बोड़िया होते हुए महाराजा मदरा मुण्डा चौक स्थित रिंग रोड तक 4 लेन का निर्माण कार्य हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) सूत्रण कार्य। |
| 2. | अनुमानित लम्बाई | 8.00 कि0मी0 (लगभग) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 15 दिन |
| 4. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 07.12.2022 एवं 08.12.2022 को कार्यालय अवधि में। |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 09.12.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 6. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 09.12.2022 को अपराह्न 3.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 8. | निविदा प्राप्ति एवं जमा करने वाले कार्यालय का नाम | (क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची। (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची । |
| 9. | कार्यालय हेल्पलाईन संख्या | 0651–2361018 |

निविदा http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

PR 283929 Road Construction Dept
Road Division Ranchi (22-23)_D


# राज्य सरकार और अनूप सिंह को जवाब दाखिल करने का निर्देश

**16 जनवरी को होगी अगली सुनवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** 46 लाख के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों की ओर से रांची में किए गए जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका है। जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार व मामले के सूचक अनूप सिंह को 2 सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए दिया है।

राज्य सरकार और सूचक के जवाब दाखिल होने के 2 सप्ताह बाद प्रार्थी इसका प्रतिउत्तर दाखिल कर सकता है। प्रार्थी की ओर से भी कोर्ट से समय की मांग की गई, कहा गया कि इससे संबंधित एक मामला सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया गया है। बंगाल सरकार की ओर से मामले में जवाब दाखिल कर दिया गया। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने पैरवी की। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी 2023 निर्धारित की है। यह सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में हुई। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को मामले की जांच को जारी रखने का निर्देश दिया था। लेकिन कोर्ट ने चार्जशीट दायर करने पर रोक लगाई थी। आपको बता दें कि इन 3 विधायकों के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में अनूप सिंह की ओर से जीरो एफआईआर हुआ था, जिसे कोलकाता ट्रांसफर कर दिया गया था। विधायकों ने इसे कोलकाता भेजे जाने को निरस्त करने मांग की है। प्रार्थी विधायकों का कहना है कि झारखंड में जांच होनी चाहिए, कोलकाता में इसकी जांच नहीं होनी चाहिए।

**अनूप सिंह की ओर से दर्ज कराया गया था जीरो एफआईआर :** आपको बता दें कि झारखंड के तीन विधायकों के खिलाफ कांग्रेस विधायक अनूप सिंह की ओर से जीरो एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसमें अनूप सिंह ने सरकार गिराने की साजिश में इन विधायकों के शामिल होने का आरोप लगाया है। यह भी बता दे कि इन तीन विधायकों के बेल पर सुनवाई करते हुए कोलकाता हाईकोर्ट ने पुलिस को 10 नवंबर को जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। उक्त तीनों विधायकों को 46 लाख कैश के साथ 30 जुलाई को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में कोलकाता पुलिस ने पकड़ा था। कोलकाता हाई कोर्ट ने उन्हें तीन महीने की सशर्त जमानत दी है। कोलकत्ता हाइकोर्ट ने कहा है कि इन तीनों को अपने पासपोर्ट जमा करने होंगे। साथ ही इन तीनों को 3 महीने तक कोलकाता में ही रहना होगा।

# विस्थापितों एवं मजदूरों के मसीहा थें दादा समरेश सिंह

## पूर्व मंत्री समरेश सिंह को सादर श्रद्धांजलि



**राजनीतिक** गलियारों में दादा के नाम से प्रसिद्ध समरेश सिंह एकीकृत बिहार के समय से ही विस्थापितों-मजदूरों के मसीहा बन गये थे। बोकारो के पूर्व विधायक 81 वर्षीय समरेश सिंह का गुरुवार को सुबह साढ़े छह बजे बोकारो स्थित आवास में निधन हो गया। समरेश सिंह को एक दिन पहले ही रांची स्थित मेदांता अस्पताल से छुप्ती दे दी गयी थी और उन्हें बोकारो स्थित उनके घर ले जाया गया था। दरअसल, मजदूर नेता समरेश सिंह का जन्म 11 अक्टूबर 1941 को बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के लालपुर पंचायत स्थित देउलटांड़ गांव में हुआ था।उनके पिता का नाम स्व अरुण सिंह एवं माता का नाम ब्रशा देवी था। स्व समरेश सिंह की प्राम्भिक शिक्षा गांव से ही हुई। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा बरमसिया हाई स्कूल से 1955 में पास की। तत्प्रात इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई रांची विश्वविद्यालय से पूरी की। स्व समरेश सिंह का विवाह बांकुड़ा की रहने वाली भारती सिंह से हुई थी। स्व सिंह अपने पीछे तीन पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

**बोकारो से निकल कर पटना तक छा गये थे समरेश सिंह**

बोकारो के पूर्व विधायक स्व समरेश सिंह भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे थे। वे एक अच्छे वक्ता थे। वे हिंदी और बांग्ला में धाराप्रवाह भाषण दिया करते थे। उनको सुनने को दूर दराज से लोग आते थे। स्व सिंह समाजिक सेवा के क्षेत्र में 1974 से राजनीति की शुरूआत की थी। उन्होंने 1974 में मजदूरों का यूनियन नेता बने।

समरेश भारतीय मजदूर संघ के अग्रणी नेता थे। उन्होंने कोलयरी क्षेत्र के मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध आवाज उठाया। उनकी बुलंद आवाज और शेर की दहाड़ से कोलयरी क्षेत्र के अधिकारियों में एक प्रकार का दहशत आ जाता था। 80 के दशक में क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ की स्थापना की थी। पटना की राजनीतिक गलियारों में उनकी आवाज की अनुगूंज सुनायी देती थी। उन्होंने पहली बार 1977 में बाघमारा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़े और उन्हें जीत हासिल हुई। जब जनता पार्टी का विघटन हुआ और भाजपा की नींव रखी गयी तो समरेश सिंह भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे। जब मुंबई में 1980 में भाजपा का प्रथम अधिवेशन का आयोजन किया गया उस अधिवेशन में स्व समरेश सिंह ने ही कमल निशान का चिरखने का सुझाव दिया था। जिसे केंद्रीय नेताओं ने मंजूरी दी थी।

इसके बाद 1985 में श्री सिंह ने इंदर सिंह नामधारी के साथ मिलकर भाजपा में विद्रोह कर 13 विधायकों के साथ संपूर्ण क्रांति दल का गठन किया था। पर कुछ ही दिनों के बाद संपूर्ण क्रांति दल का विलय भाजपा में कर दिया गया।

वर्ष 1995 में समरेश सिंह ने भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा व हार गये। इसके बाद वर्ष 2000 का चुनाव उन्होंने झारखंड वनांचल कांग्रेस के टिकट पर लड़ा। फिर 2009 में झाविमो के टिकट पर विधायक बने। बाद में भाजपा में शामिल हो गये। पर 2014 में भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर वह निर्दलीय लड़े व हारे गये।

**--सूरज नाथ शाहदेव**

(राजनीतिक विश्लेषक व स्वतंत्र स्तंभकार)

स्पीड न्यूज

## जी टाउन मैदान के गलत इस्तेमाल पर एसडीओ से मिले टिस्को कर्मचारी

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर स्थित जी टाउन मैदान का गलत इस्तेमाल को लेकर आस पास रहने वाले टाटा स्टील के कर्मचारियों ने अनुमंडल पदाधिकारी से जाकर मुलाकात की और लिखित शिकायत पत्र सौंपा। लोगों का कहना है कि जी टाउन मैदान का इस्तेमाल बच्चे खेल कूद व बूढ़े बुजुर्ग सुबह शाम टहलने के लिए अक्सर करते है मगर रोजाना वहां कुछ न कुछ कार्यक्रम का आयोजन हो रहा जिस वजह से मैदान असामाजिक तत्वों व शराबियों का अड्डा बनते जा रहा, जिससे आसपास के रहने वाले लोग बहुत परेशान है। मैदान का कॉमर्शियल इस्तेमाल से मैदान का लोग दुरुपयोग कर रहे हैं। साथ ही टेंट वगैरह लगने के बाद टेंट में कार्य करने वाले कर्मचारी वहीं सोने की व्यवस्था बना ले रहे हैं और वही आस पास चारों तरफ लोग मैदान में ही शौच भी कर रहे हैं जिससे खास कर महिलाएं घर से बाहर तक निकल कर नहीं पाती है।

## बिस्टुपुर सत्यनारायण मंदिर में मना कालका माता का जन्मोत्सव



**जमशेदपुर।** गुरुवार की शाम को बिस्टुपुर सत्यनारायण मंदिर में श्री महाकाली शक्तिपीठ अमरसर धाम वाली कुलदेवी श्री कालका मातारानी का प्रकट दिवस (जन्म उत्सव) धूमधाम से मनाया गया। श्री कालका माता परिवार टाटानगर के इस धार्मिक महोत्सव में श्री गणेश वंदना के साथ भजन कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात चला। इससे पहले संध्या 4 बजे से कालका माता की पूजा अर्चना शुरू हुई। जया-राजेश अग्रवाल ने पूजा की और बलराम पंडित ने पूजा करायी। महोत्सव में सभी महिलाएं चुंदड़ी ओढ़े व राजस्थानी परिधान में थीं। स्थानीय भजन गायक पूजा झा ने भजन और मंगल पाठ से माता को रिझाया।

## निर्माणाधीन थाना भवन का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** सीनियर एसपी प्रभात कुमार के द्वारा बर्माइंस थाना के निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। बर्माइंस थाना के नये भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर हो इसके लिए आवश्यक निर्देश भी एसएसपी ने दिए।

## सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर जनार्दन पासवान का निधन



**जमशेदपुर।** बिहार-झारखंड पुलिस विभाग के सब-इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त (2009) जनार्दन पासवान जी का आज सुबह 5 बजे ह्रदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। 75 वर्षीय स्व जनार्दन पासवान सीतारामडेरा थाना, कदमा थाना, सोनारी थाना, पोटका थाना के अलावे झारखंड के कई अन्य शहरों में पुलिस पदाधिकारी पद पर सेवा देते हुए चाईबासा थाना से सब-इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुए और फिलवक्त वे जमशेदपुर रामनगर क्षेत्र स्थित नया बस्ती में जीवन यापन कर रहे थे।

## करणी सेना के प्रदेश संयोजक बने बिनय सिंह



**जमशेदपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना झारखंड के लगातार चौथी बार बिनय सिंह को प्रदेश संयोजक का स्वतंत्र पदभार दिया गया साथ ही किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी दी गयी। करणी सेना के प्रदेश संयोजक बिनय सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गीगामेडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद सिंह कटार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज सिंह शेखावत समेत सभी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया सह आभार जताया।

# सीबीएसई क्लस्टर-3 इंटर स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शानदार आगाज

- चिन्मया स्कूल,टेल्को के प्रांगण में हो रही अंडर-19 गर्ल्स एंड बॉयज चैंपियनशिप
- टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने किया चैंपियनशिप का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर 3 बास्केटबॉल (लड़के और लड़कियां) टूर्नामेंट 2022 का उद्घाटन दिसंबर 1 को हुआ जिसमें छात्राओं द्वारा विविध राज्यों के सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि रविंद्र नरसिंहा कुलकर्णी, (प्लांट हेड ,टाटा मोटर्स लिमिटेड), विद्यालय प्रबंध समिति के प्रमुख एवं टाटा मोटर्स के सीनियर जनरल मैनेजर मानस मिश्रा, सचिव विष्णुचंद्र दीक्षित, सुश्री मृदुला सचदेव तथा चिन्मय मिशन जमशेदपुर के अध्यक्ष बी सुरेंद्र नाथ, प्राचार्य श्रीमती मीना विल्खू, उप प्राचार्य मान सिंह तथा अन्य विशिष्ट जनों के साथ उपस्थित थे।

समारोह का शुभारंभ प्रार्थना तथा मुख्य अतिथियों द्वारा ज्ञान दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा विविध राज्यों के सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति, प्रतिभागी विद्यालयों के परिचय परेड के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा तिरंगे गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन की उद्घोषणा की गई।







चैंपियनशिप का उद्घाटन करते रवींद्र कुलकर्णी, मानस मिश्रा व विद्यालय परिवार के लोग और चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।

विद्यालय परिसर में 4 दिवसीय प्रतियोगी मैच आरंभ होने से पहले इंटर स्कूल क्लस्टर - बास्केटबॉल टूनार्मेंट के लिए लॉटरी के माध्यम से फिक्सचर्स ड्रॉ किया गया, जिसमें बिहार एवं झारखंड के विभिन्न स्कूलों से आए कोच, खेल विभाग के समन्वयक, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मीना विल्खू, उप - प्रधानाचार्य श्री मानसिंह एवं स्कूल प्रशासन के कुछ प्रमुख लोग भी उपस्थित थे । उनकी उपस्थिति में ही नॉकआउट टूर्नामेंट तरीके से फिक्चर्स निर्धारित किया गया, जिसमें विद्यालयों के खेलने की तिथि व क्रमिकता सुनिश्चित की गई। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू ने सकारात्मक खेल भावना को रेखांकित करते हुए प्रतिभागी विद्यालयों के खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

**तीसरा** मैच (एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल, सुंदरनगर और केरला पब्लिक स्कूल, बमामाईंस (अंडर-19 लड़कियों) के बीच खेला गया जिसमें केरला पब्लिक स्कूल, बमामाईंस की टीम ने जीत अपने नाम किया।

**मैच के परिणाम :** प्रतियोगिता के पहले दिन बास्केटबॉल कोर्ट- 1 में पहला मैच श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो और ब्रिजफोर्ड स्कूल रांची के बीच खेला गया जिसमें श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो ने मैच जीता।

- दूसरा मैच बीएसएस प्रणव चिल्ड्रन वर्ल्ड स्कूल, सोनारी और ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल, पटना के बीच खेला गया जिसमें ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल ने जीत हासिल की।
- तीसरा मैच केरला पब्लिक स्कूल, बर्मा माइंस जमशेदपुर और फाउंडेशन स्कूल, बक्सर के बीच हुआ, जिसमें केरला स्कूल पर बर्मामाइंस ने जीत अपने नाम किया।
- चौथा मैच गोविंद विद्यालय, तमुलिया और कैरली स्कूल, रांची(अंडर-19 लड़कियों) के बीच खेला गया, जिसकी विजेता टीम रही कैरली स्कूल ,रांची।
- पांचवां मैच गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल बोकारो और संट जॉन स्कूल, रांची के बीच खेला गया जिसमें गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो विजयी रहा।
- समाचार लिखे जाने तक गोविंद विद्यालय, तमुलिया और संट मैरी इंग्लिश हाई स्कूल, बिस्टुपुर के बीच तथा सैनिक स्कूल, नालंदा और जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली, रांची के बीच मैच जारी था।
- बास्केटबॉल कोर्ट 2 में पहला मैच धनबाद पब्लिक स्कूल, धनबाद और शारदा ग्लोबल, रांची के बीच खेला गया, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद विजयी रहा।
- दूसरा मैच आर्मी स्कूल, रामगढ़ कैंट, हजारीबाग और संट पॉल स्कूल, सासाराम के बीच हुआ जिसमें आर्मी स्कूल, रामगढ़ कैंट, हजारीबाग विजयी रहा।

# लिव इन पार्टनर की हत्या का आरोपी नरेश गिरफ्तार

➲ दूसरे युवक के साथ बंद कमरे में पाकर नरेश मुखी ने पीट-पीट कर कर दी मीणा की हत्या

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत बुधवार को भाटिया बस्ती के बंद कमरे से मिली महिला मीणा पात्रो के हत्यारे की गिरफ्तारी बीती रात आदित्यपुर सरायकेला से की गई थी। हत्यारोपी नरेश मुखी ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल कर लिया है।

**संवाददाता सम्मेलन में दी जानकारी :** थाना प्रभारी राजन कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में हत्याकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि नरेश मुखी ने अपराध कबूलते हुए बताया कि वो मीणा मुखी को पत्नी के रूप में रखे हुए था। पिछले रविवार को वो जब ड्यूटी से घर लौटा तो मीणा को किसी दूसरे लड़के के साथ रूम में अकेला पाया। इससे गुस्सा होकर उसने डंडे से उसकी पिटाई कर दी जिससे मीणा बेहोश हो गई। बेहोशी में ही उसे छोड़कर वह डर कर भाग गया था। पुलिस ने बताया कि नरेश की गिरफ्तारी सरायकेला अन्नपूर्णा होटल के पास से हुई है। प्रेसवार्ता में एसआई शैलेन्द्र टुडू आदि उपस्थित थे।



हत्यारोपी नरेश को प्रेस के सामने पेश करते थाना प्रभारी।

# एक्सएलआरआइ में 10-11 को होगा होमकमिंग' 22

- जुटेंगे दुनिया भर के 250 दिग्गज पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ, जमशेदपुर में 10-11 दिसंबर को संस्थान के पूर्व छात्रों का जुटान होगा। मौका होगा एक्सएलआरआइ के 'होमकमिंग-22 का. मिलन समारोह में देश-विदेश के तकरीबन 250 पूर्व एक्सलर्स भाग लेंगे। समारोह में प्रतिष्ठित भूतपूर्व छात्र पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस साल 1972 बैच का गोल्डेन जुबिली है, यही कारण है कि उक्त बैच के विद्यार्थियों की संख्या अधिक होगी, इसके साथ ही 1980 व 1984 बैच के विद्यार्थियों ने भी रजिस्ट्रेशन किया है। इस क्रम में पूर्व छात्रों में से किसी एक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा इस वर्ष छह श्रेणी में पूर्व छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा। इनमें लाइफटाइम अचीवमेंट, प्रैक्टिसिंग मैनेजर, एकेडमिसियन, यंग अचीवर, इंटरप्रेन्योर और अलायड फील्ड केटेगरी के लिए पुरस्कार दिये जायेंगे। एक्सएलआरआइ के पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया जायेगा। एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जार्ज के मुताबिक इस होमकमिंग के दौरान करीब 200 से अधिक पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का जुटान होगा।





एक नजर में

## चांडिल डैम सैर करने पहुंचे गजराज, पर्यटकों में डर



**चांडिल।** बुधवार की शाम एक जंगली हाथी नौका विहार के पास पहुंच गए। जिसे देख वहां उपस्थित सैलानियों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सब डर से इधर-उधर भागने लगे। गजराज बिना किसी को नुकसान पहुंचाए नौका विहार, हाइड्रोल प्रोजेक्ट होते हुए डैम रोड को पार किया। मालूम हो कि हकीकत कुछ दिन पूर्व ही जंगली गजराज चांडिल डैम का सैर किया था। इसके पहले गजराज चांडिल डैम में जमकर जलक्रीड़ा किया। श्यामल मार्डी ने कहा वन विभाग किसी पर्यटक का जान जाने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा चांडिल डैम में दूरदराज से सैलानियों का आना शुरू हो गया है। श्यामल मार्डी ने विभाग से समय रहते हाथी को भगाने की मांग की है।

## विश्व एड्स दिवस : एसआरके कमलेश ने कई क्षेत्रों में चलाया एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान





**जमशेदपुर।** एड्स दिवस पर गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के पी अहमद के निर्देश पर कैंप कोऑर्डिनेटर सह संस्था के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर कमलेश ने एड्स बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करते हुए बचाव तथा लक्षण के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम के तहत संडे मार्केट बिरसानगर जोन नंबर 1 एवं जोन नंबर 8, मानगो चेपापुल समेत कई क्षेत्रों में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सचिव अमन राज, मिली दास, रुकैया खातून, मोहम्मद मिन्नत इत्यादि ने सहयोग किया।

## खिदमत-ए-मिल्लत ने जरूरतमंदों में बांटे गर्म कपड़े



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था खिदमत ए मिल्लत ने जवाहरनगर में बढ़ती सर्दी के मद्देनजर अभावग्रस्त व जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े बांटे। संस्था के सचिव हारून रशीद ने बताया कि छह वर्ष पूर्व समाज के अभावग्रस्त लोगों को सहायता हेतु इस संस्था की स्थापना की गई थी। एक सफ्ताह पूर्व शहर के बिभिन्न क्षेत्रों के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले अभावग्रस्त लोगों को चिह्नित किया गया और उन्हें जवाहरनगर बुला कर गर्म वस्त्र, कंबल, स्वेटर व गर्म कपड़े दिये गये। हारून रशीद ने समाज के उन लोगों के प्रति धन्यवाद किया जिन्होंने संस्था को सहयोग राशि उपलब्ध करायी। मौके पर संस्था के सलमान, यासिर, आरिफ, कैफी, अजहर, भोलू, फिरदौस, मो आफताब सहित अन्य सदस्यगण ने भरपूर योगदान किया।

## करीम सिटी कॉलेज ने पर निकाली जागरूकता रैली





**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस इकाई ने 1 दिसंबर 2022 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज एवं एनएसएस के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज ने एड्स जैसी खतरनाक बीमारी से लोगों को अवगत कराया एवं एवं इसके लक्षणों को बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली ने शुरूआत एड्स की शुरूआत एवं इस इस बीमारी को रोकने के लिए बरतने वाली सावधानियां के विषय में सभी को जानकारी दी। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने एक जागरूकता रैली निकाली जिसमें एड्स से संबंधित पोस्टर बनाकर समाज के लोगों में एड्स बीमारी के प्रति जागरूकता को फैलाया गया।

## एलआइसी के डीओ अर्जुन शर्मा हुए सेवानिवृत



**जमशेदपुर।** एलआईसी में वर्ष 1999 से 2022 तक अपनी सेवा प्रदान करने वाले विकास अधिकारी अर्जुन शर्मा आज आदित्यपुर शाखा से सेवानिवृत्त हो गये। आज स्वर्णरेखा सभागार भवन में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम में अर्जुन शर्मा को समाजसेवी नीरज सिंह ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं आदित्यपुर शाखा के शाखा प्रबंधक, सहायक शाखा प्रबंधक, प्रशासनिक अधिकारी गण, सभी विकास अधिकारी गण, जमशेदपुर मंडल के सभी पदाधिकारी गण एवं सभी अभिकर्ता गन एवं उनके स्कूल के सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से उनको सेवानिवृत्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अंग वस्त्र एवं शॉल देकर माल्यार्पण कर उनको विदाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सह धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ बीमा सलाहकार धर्मेंद्र कुमार ने किया किया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक जी के लाल, प्रशासनिक अधिकारी जनमेजय सरदार, पीके पटेल, अखिलेश प्रसाद, विकास अधिकारी एन के झा, अनिल पांडे, आलोक कुमार, सुखपाल सिंह, मृत्युंजय मंडल मौजूद रहे।

## किड्स इंटरनेशनल स्कूल के न्यू एफिलिएटिंग कैंपस में कक्षाएं शुरू





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** किड्स इंटरनेशनल स्कूल एक ऐसा स्कूल है जिसने काफी कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान हासिल कर ली है। सत्र 2023-24 में दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। स्कूल ने न्यू कैंपस में स्पोर्ट्स क्लब के भी शुरूवात की गई है जिसमें बास्केटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, कराटे, चेस और भी विभिन्न प्रकार के खेलों को डेडीकेटेड ट्रेंड प्रोफेशनल कोचेस के द्वारा ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ साथ उनकी कल्पना के पंख को नयी उड़ान देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां बच्चों को खेल-खेल में भाषाई कौशल के साथ सामाजिक व्यवहार और कौशल क्षमता के साथ कल्पनाशील खेलों की मदद से शिक्षा दी जाती है। स्कूल यह मानता है कि प्रत्येक छात्र अपने आप में अनोखा और विलक्षण होता है।

# डीबीएमएमएस में इंटर स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप कल से

» सीबीएसई कलस्टर-3 के तहत होनी है अंडर-19 बालक-बालिका प्रतियोगिता
» डीबीएमएस कदमा को मिली मेजबानी, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल की मेजबानी में सीबीएसई क्लस्टर थर्ड बालक एवं बालिका (अंडर-19) अंतर स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक होगा। चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल के मैदान में वॉलीबॉल के 4 नेट लगाए गए हैं जिन पर एक साथ चार मैच खेले जाएंगे। मैदान को हरा-भरा बनाने के लिए स्कूल परिवार की ओर से नियमित रूप से पानी का छिड़काव हो रहा है। वॉलीबॉल चैंपियनशिप में झारखंड और बिहार के विभिन्न 45 स्कूलों की 62 टीमों की 850 लड़के लड़कियां भाग लेंगे। खिलाड़ियों के साथ कुछ और टेक्निकल स्टाफ के रूप में 120 सदस्य भी मौजूद रहेंगे।



संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित दायें से प्राचार्या गुरप्रीत भामरा, प्रेसिडेंट ललिता चंद्रशेखर, बी चंद्रशेखर एवं अन्य पदाधिकारीगण।

# बिरसानगर जोन 11 के बस्तीवासियों ने किया सरयू राय का भव्य अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को जोन नंबर 11 बस्तीवासी समिति का बैठक रोड नंबर 4 जोन नंबर 11 में कुलदीप सिंह जी की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में सर्वप्रथम जमशेदपुर पूर्वी के स्वच्छ व ईमानदार विधायक सरयू राय का नागरिक अभिनंदन माला पहनाकर किया गया। तत्पश्चात सभी बस्ती वासियों ने एक-एक कर जोन नंबर 11मे विकास हेतु कई समस्या से विधायक जी को अवगत कराया। उन्होंने मांग की कि सभी प्रमुख सड़क के फुटपाथ को बराबर कर पेपर ब्लॉक लगाया जाय और उचित स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण करना जरुरी है। बस्तीवासियों ने जोन नंबर 11 में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विधायक से पहल करने की अपील किया गया। साथ ही सभी पुराने बिजली पोल को तार समेत बदलने और जुस्को का एक कार्यालय संडे मार्केट खोलवाने की मांग की गई।



## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में पांच से करें पीएचडी प्रवेश परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** स्त्री शिक्षा के लिए समर्पित झारखंड की एकमात्र वीमेंस यूनिवर्सिटी शोध कार्यों को गति देने के लिए तत्पर है। कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय में अलग-अलग स्नातकोत्तर विभागों के अंतर्गत शोध पंजीकरण के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय शोध प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नियमावली के अनुसार तय मानकों का अनुपालन करते हुए योग्यताधारी छात्राएं आगामी पांच दिसंबर से प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। यूजीसी नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण छात्राएं भी आवेदन पत्र भरेंगी हालांकि उन्हें प्रवेश परीक्षा की जगह सीधे साक्षात्कार में शामिल होने का मौका दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। कुलपति का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक छात्राएं शोध कार्य से जुड़े। लिहाजा उन्होंने अपने योगदान करने की तिथि से ही रिसर्च वर्क को प्राथमिकता में रखा है। विद्वत परिषद की स्थायी समिति की पहली ही बैठक में इसे पारित कराकर अभिषद् की पहली बैठक में भी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पारित कराया।

# फूलो झानो योजना से 10 हजार ऋण लेकर रोजगार खड़ी कर ली गुड़ाबांदा की मालती

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**धालभूमगढ़।** गुड़ाबांदा प्रखंड में फूलो झानो योजना से कई महिलाएं अपने पैरों में अब खड़ी हो रही है। ये महिलाएं हडिया शराब बेचना बंद कर आज डिजिटल दुनिया मे कदम रख रही है। अपने परिवार की मदद कर रही है।

ऐसे ही एक महिला मालती टुडू जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणाश्रोत बनी हुई है। गुड़ाबांदा के नाईकंशोल गांव में महुआ सूखाकर बाजार में बेचती थी जिससे परिवार चलाती थी घर पर पति, सास, बच्चे सभी है। वो ये कुछ करना नही चाहती थी पर आर्थिक तंगी से ये मजबूर थी। वर्ष 2018 में गांव मी जब एक टीम आकर महिला समूह बनाकर गई तब ये गांव में नही थी पर इसके बाद में बीरबहा महिला समूह के साथ मालती जुड़ी और धीरे-धीरे समूह के कामों में हाथ बटाया जहां गांव में समूह ने सक्रिय महिला सदस्य के रूप में चुना गया इसके बाद बैंक एवं समूह से ₹26000 के ऋण लेकर मालती ने खुद का कार्य प्रारंभ किया लेकिन इससे आर्थिक स्थिति नहीं बनी तो 2020 में फूलो झानो योजना के तहत मालती टुडू को 10 हजार रूपए का ऋण दिया गया। इससे बकरी खरीदी उसके बाद बकरी पालन कर बाजार में बेची जिससे अच्छी पैसा मिली उससे एक किराने की दुकान खोल ली आज किराने की दुकान पर मालती टुडू कपड़ों के साथ जेनरेटर भी चलाती है और एक डिजिटल बैंक लेनदेन का भी कार्य कर रही है लोगो को आधार से पैसे गांव में देना लोगो को बैंक के चक्कर से कुछ हद तक मुक्ति मिल जाती है।

इसके लिए मालती ने बैंक से 50000 रुपये मुद्रा लोन, ग्राम संगठन से 50000 रुपये एवं सीसीएल लोन 156000 रुपये ली इसमें जेएसएलपीएस ने काफी मदद की और आज 256000 रुपये कुल ऋण लेकर अपना व्यवसाय चला रही है। मालती ने बताया कि आज मुझे आर्थिक स्थिति की कोई कमी नहीं है आज मैं अपने परिवार का भरण पोषण आराम से कर पा रही हूं साथ ही बैंक का पूरा ऋण भी चुकता कर रही हूं।

शुरुआत में मुझे दिक्कतों का सामना करना पड़ा मेरे पास दुकान खोलने के लिए आवश्यक पूँजी नही थी। मैंने बैक से व्यक्तिगत ऋण लेने के बारे मे सोचा परतु बैक का ब्याज काफी ज्यादा है। मुझे फुलों झानो योजना के तहत मिली हुई सहायता राशि के माध्यम से अपना सपना पूरा किया।



अपनी दुकान के सामने खड़ी मालती टुडू।

## स्पीड न्यूज

### पलामू आयुक्त ने किया श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा यज्ञ का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी सपत्नीक राधाकृष्ण मंदिर ठाकुरबाड़ी रेडमा, मेदिनीनगर पहुंच कर श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा यज्ञ का शुभारंभ किया। उन्होंने पूजा कर श्रीमद्भागवत की आरती उतारी। साथ में अंतराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री भी थीं। हेमलता शास्त्री कथा का रसपान 7 दिसंबर तक शाम 3 बजे से 7 बजे तक कथा सुनायेंगी। मौके पर कमेटी अध्यक्ष दिलीप तिवारी (मिंटु), अजय तिवारी, सतीश तिवारी, प्रवीण तिवारी, अभिषेक तिवारी, कमल किशोर तिवारी, मनीष पांडेय उपस्थित थे।

### बाइक से गिरकर युवक घायल



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर रोड में ग्राम उपरी कला पेट्रोल पंप के समीप एक युवक बाइक से तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे वह गंभीर हो गया। उसे स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडल अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया। गुरुवार दोपहर बाद पुरानी नगर पंचायत कार्यालय वार्ड 08 का छोटू चौधरी (32) पिता स्वर्गीय भिखारी चौधरी आ रहा था। तभी उपरीकला के समीप सड़क पर अचानक साइड लेने व बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गया।

### सुपर शक्ति 600 एफइ टीमटी छड़ बेहतर



**सतबरवा।** जेपी ट्रेडर्स के प्रशाल में राजमिस्त्री सम्मेलन हुआ। (सेल्स एग्जीक्यूटिव) बिक्री कार्यपालक विद्याभूषण मिश्रा ने कहा कि सुपर शक्ति 600 एफई अधिक शक्तिशाली टीएमटी बार है। अधिक लचीलापन के साथ मजबूत किस्म का प्रमाणित छड़ है। इसके एडवांस वाईरिब से कंक्रीट में इसकी पकड़ अत्यधिक मजबूत है। इस छड़ को घर के अलावे पुल-पुलिया व बड़े निर्माण कार्यों में लगा सकते हैं। मौके पर भिखारी मिस्त्री, रामनाथ राम, लियाकत अंसारी, सरजू मिस्त्री, कलाम मिस्त्री थे।

### व्यावहारिक ज्ञान-ठोस वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है प्रयोगशाला : अभिषेक



**सतबरवा।** राजकीय सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विज्ञान शिक्षक द्वारा सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को प्रायोगिक विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि विद्यार्थियों के बीच प्रयोगशाला का महत्व करके सीखना के संदर्भ में गोलीय दर्पण की फोकस दूरी, फोकस में अंतर, अवतल दर्पण, उत्तल दर्पण, अभिमुख, ध्रुव वक्रता केंद्र मुख्य फोकस मुख्य फोकस, वक्रता त्रिज्या तथा दर्पण के मुख्य भाग पर स्थित किरण व परावर्तित किरण के बारे में समूह बनाकर प्रयोगशाला कक्ष में विद्यार्थियों ने दर्पण के संदर्भ में जाना।

### कांग्रेस ने की संगठन की मजबूती पर चर्चा

>> राहुल गांधी के नेतृत्व में देश बढ़ रहा है आगे- लक्ष्मी नारायण तिवारी



**छतरपुर।** छतरपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक अन्नपूर्णा भवन में की गई। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा एवं संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। प्रदेश प्रतिनिधि सह छतरपुर प्रभारी लक्ष्मीनारायण तिवारी ने कहा कि कांग्रेस कमेटी को गांव स्तर तक मजबूत बनाना है। इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ लगने की जरूरत है। कारण की देश आज राहुल गांधी को देखना चाहता है। और राहुल गांधी के नेतृत्व में संगठन की मजबूती के साथ ही साथ देश आगे बढ़ रहा है। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, नगर पंचायत अध्यक्ष मो आलम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, महिला अध्यक्ष सुषमा देवी, राजन चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संतोष कुमार, मो नईम, विक्की कुमार, परवेज आलम, हनीफ मियां, हंसन खान,राजेश, अजय गोस्वामी, पूनम देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कर्नल कप : दोनों मैच बराबरी पर खत्म



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरुवार को भी दो मुकाबला खेले गये। पहले मैच में पथरा और पतरा कलां की टीम एक-एक गोल से बराबरी पर रही। वहीं दूसरे मैच में भी झरहा और मोहम्मदाबाद की टीम 1-1 की बराबरी पर रही। मुख्य अतिथि पथरा मुखिया नरेश पासवान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उसका हौसला बढ़ाया। क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट दिन प्रतिदिन बेहतर खेल के साथ आगे बढ़ रहा है। निर्णायक मोहम्मद गंज के धीरेंद्र बैठा, पूर्व फुटबॉलर दुर्गा चौधरी एवं सगीर अहमद रहे। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष छठ पासवान, अजय गुप्ता, पंसस प्रदीप पासवान, समाजसेवी राम प्रवेश सिंह, संतोष सिंह, शंभु पासवान, दिलीप सिंह, रंजीत पासवान एवं हजारों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### भाजपा देश में सिर्फ नफरत की राजनीति कर रही है : बिट्टू पाठक



**विश्रामपुर।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा गुरुवार को बिश्रामपुर प्रखंड के तोलरा व केतात कला पंचायत के गांवों में निकली। यात्रा की शुरुआत शंखा से हुई। कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता पदयात्रा करते हुए दोनों पंचायत के सभी गांवों में घूमे। शंखा बस स्टैंड पर पदयात्र का समापन हुआ। जहां कांग्रेस प्रखंड कमेटी ने सभा रखी थी। जिलाध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा देश में सिर्फ नफरत की राजनीत कर रही है। जबकि कांग्रेस विकास की राजनीत करती है। विकास में सबकी भागीदारी तय करती है। कांग्रेस एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो सभी धर्म, संप्रदाय को एक साथ लेकर चलती है। युवा कांग्रेसी नेता ज्ञानेंद्र दुबे ने कहा कि भाजपा समाज को बांटकर सत्ता हासिल करती है। लेकिन अब जनता उनकी नफरत की राजनीति समझ चुकी है।

## बड़ा ओपन गार्डन बुकिंग के लिए उपलब्ध

■ ठहरने के लिए रूम व अन्य सुविधा से लैस कोयल कम्युनिटी हॉल

■ शादियों के सीजन में जिलेवासियों को जिला प्रशासन ने दी सौगात



अब



पहले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले की उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज की ओर से जिलेवासियों व विशेष तौर पर छतरपुर वासियों को कोयल कम्युनिटी हॉल के रूप में सौगात दी गयी है। यह मल्टीपरपस हॉल छतरपुर थाने के ठीक पीछे अवस्थित है जिसे आम लोग शादी, मैरिज एनिवर्सरी,बर्थडे पार्टी व अन्य तरह के सार्वजनिक आयोजनों के लिए बुक कर सकेंगे। बुकिंग के लिए लोगों को जिला परिषद कार्यालय में संपर्क करना होगा।

**पहले था गुमनाम भवन, डीडीसी के पहल से बना कोयल कम्युनिटी हॉल :** ज्ञात हो कि यह भवन जिला परिषद का है जो कि कई सालों से युहीं पड़ा था यहां असामाजिक तत्व रात में शराब पीते थे। रखरखाव के अभाव में पूरा भवन जर्जर हो गया था इसी बीच उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज मई माह में प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण करने छतरपुर पहुंची थी जहां उप विकास आयुक्त की नजर बिल्डिंग पर पड़ी जिसके पश्चात डीडीसी ने जर्जर पड़े भवन को भव्य बनाने का योजना तैयार किया जिसके बाद छह माह में ही जिला परिषद का यह गुमनाम भवन कोयल कम्युनिटी हॉल में बदल गया।

**बड़ा ओपन गार्डन, ठहरने के लिए रूम व अन्य सुविधाओं से लैस है कोयल कम्युनिटी हॉल :** इस संबंध में उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि इस हॉल में बड़ा ओपन स्पेस का गार्डन, लोगों के ठहरने हेतु रूम, वाशरूम सहित अन्य बेसिक सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि हॉल को और भव्य रूप देने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस हॉल के माध्यम से स्थानीय लोगों के बीच रोजगार सृजन करने की भी योजना है।

## पांकी विधायक ने किया कहुआ नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास

# पुल बन जाने से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ : डॉ शशिभूषण

**खब मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ पांकी।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के माड़न पंचायत के केसरी गांव में बहने वाली कहुआ नदी पर फुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवा गमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों की कठिनाई को देखते हुए विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहुआ नदी पर



पुल निर्माण के लिए शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र राजस्व वाला क्षेत्र होने के बावजूद भी अपेक्षित विकास नहीं होना यह दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा एक ऐसा विधानसभा क्षेत्र है जो कई लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र के साथ ही अंतर जिला के सीमा से सटा हुआ है।

**... और क्या बोले पांकी विधायक डॉ शशिभूषण**

उन्होंने कहा कि पांकी को विकासशील क्षेत्र बनाने के लिए अभी और समय लगेगा। लेकिन मैं अपने कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र में ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास का जाल बिछाने में लगा हुआ हूं। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मंटू शर्मा, संजय वर्मा, वशिष्ठ सिंह, योगेंद्र उरांव, निर्मल महतो व कई ग्रामीण मौजूद थे।

# कुख्यात माओवादी नारायण गोरिवा जंगल से गिरफ्तार

■ क्षेत्र में दहशत का पर्याय बना हुआ था नारायण यादव : डीएसपी अजय कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/ छतरपुर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कुख्यात नक्सली नारायण यादव पिता बंधु यादव ग्राम लावा दाग छतरपुर को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर काला पहाड़ के गोरिवा जंगल से गिरफ्तार किया है इसके पास से धमकी देकर पैसा वसूलने के मामले में मोबाइल को जप्त किया गया है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नक्सली नारायण यादव की तलास पुलिस को वर्षों से थी। उन्होंने कहा कि इसके बिरुद्ध छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार समेत कुछ थानों में नक्सली घटनाओं में संलिप्त रहते हुए कई घटनाओं को अंजाम देने का मामला दर्ज है। ठेकेदार, व्यवसायी व शिक्षकों से रंगदारी वसूलने समेत कई कांड दर्ज हैं। नारायण यादव जेल से रिहा होने के बाद काला पहाड़ के जंगल में रहकर फोन के द्वारा क्षेत्र के लोगों से पूर्व नक्सली का धौंस देते हुए पैसा वसूली का काम करता था। वह अपने रिश्तेदारों से पैसा मंगवाता था। और रिश्तेदारों के ही बैंक खाते में पैसा जमा करवाता था। उन्होंने कहा कि नारायण यादव क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुका था। जिससे लोगों में काफी दहशत बना था। लोग डरे सहमे रहते थे।

**खास बातें :** इसपर छतरपुर थाना, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, पांडू, मोहम्मद गंज समेत अन्य थानों में कई कांड दर्ज है। कुछ कांडो के मामले में इसकी पत्नी बसंती देवी एवं साला कमलेश यादव को जेल भेजा गया है। डीएसपी ने बताया कि 30 नवंबर को गुप्त सूचना प्राप्त थी कि नारायण काला पहाड़ के गोरीवा जंगल में है। वह लोगों को फोन से धमकी दे रहा है। इस सूचना के आधार पर जंगल की घेराबंदी कर उसे दबोचा गया। कहा कि इससे और पूछताछ की जा रही है। छापामारी टीम में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, पुअनि विजय रामानी, प्रियरंजन कुमार एवं अन्य जवान शामिल थे।

# उपायुक्त ने किया वेक्टर जनित नियंत्रण कार्यक्रम का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर स्थानीय नवाहाता स्थित संत मरियम स्कूल में राष्ट्रीय वेक्टर जनित नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त ए दोड्डे, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ बिजय सिंह, डीपीएम पलामू और स्वास्थ्य विभाग के अनेकों अधिकारी मौजूद रहे।

स्कूली छात्राओं द्वारा पुष्प वर्षा और स्वागत गान के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के साथ स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर अपने संबोधन में सिविल सर्जन विजय सिंह ने कहा कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु हम सभी को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का ध्यान रखना होगा।



**क्या बोले उपायुक्त :** मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त पलामू श्री ए दोड्डे ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी सरकारी निर्देशित सभी दवाओं का सेवन अवश्य करें साथ ही अपने अभिभावकों को भी प्रेरित करें। सामूहिक प्रयास से ही हम सभी इस गंभीर बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं।

**क्या बोले चेयरमैन :** स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य की उत्तम पूंजी है। स्वास्थ्य का महत्व सबसे पहले है। अच्छा स्वास्थ्य बनाये रखना कई कारकों पर निर्भर करता है जैसे हम कैसी हवा में सांस लेते हैं, कैसा पानी पीते हैं, कैसा भोजन खाते हैं, कैसे लोगों से हम मिलते हैं।

■ उपरोक्त कार्यक्रम के अतिरिक्त विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियां द्वारा छात्रों में जागरूकता फैलाई गई। साथ ही उपस्थित सभी छात्रों और शिक्षकों ने अल्बेंडाजोल डीईसी समेत सरकारी निर्देशित सभी दवाओं का सेवन किया।

## पूर्व मंत्री ददई दुबे का पोता ज्ञानेंद्र का सक्रिय राजनीति में पदार्पण

>> जनता के आशीर्वाद से बाबा के अधूरे सपने को पूरा करूंगा : ज्ञानेंद्र दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के पोते ज्ञानेंद्र दुबे का सक्रिय राजनीत में औपचारिक पदार्पण हो चुका है। ज्ञानेंद्र दुबे अपने समर्थकों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को बिश्रामपुर प्रखंड के कई गांवों का भ्रमण किया। आम लोगों से मिले। उनकी समस्याएं सुनी। समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा भी लोगों को दिलाया। इससे पहले युवा नेता ज्ञानेंद्र दुबे का बी मोड़ पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित व कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय के नेतृत्व में समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। श्री दुबे ने कहा कि राजनीत मुझे विरासत में मिली है। मेरे दादा ददई दुबे ने बिश्रामपुर विधान सभा का चार बार नेतृत्व किया है। यहां के लोगों के सुख दुख में शामिल रहे। बिश्रामपुर की आवाज को बिहार व झारखंड में बुलंद किया।

## उंटारी में नहीं हुआ मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट

>> मुखिया संघ के अध्यक्ष ने रोकवाया खेल, कहा ये फुटबॉल मैदान में किसी तरह के सुविधा उपलब्ध नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उंटारी रोड (पलामू)।** जिले भर में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है, जिसके तहत गुरुवार को उंटारी के भी खेल मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था , फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन उंटारी रोड प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी व बीडीओ ललित राम ने फीता काट कर खेल का आयोजन किया था, खेल सुरु होने के बाद खेल मैदान में पहुंचे लहर बंजारी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष अशोक सिंह से खिलाड़ियों ने खेल मैदान में गड्ढा झाड़ी सहित कई तरह के शिकायत किया, जिसके बाद मुखिया ने खेल को रोक दिया। जानकारी देते हुए मुखिया संघ के अध्यक्ष ने बताया की खेल मैदान में किसी तरह के सुविधा उपलब्ध नहीं है, यहां तक कि मैदान में मेढ़ बंदी के जैसा गड्ढा बनाया हुआ है।

### पाल्हे खुर्द के एएसआई मंदीप शुक्ला का निधन



**पड़वा पलामू।** पाटन प्रखंड के पाल्हे खुर्द के मंदीप शुक्ला का निधन बुधवार की रात पटना में हो गया। वे बिहार के पटना जिला सहायक अवर निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। बुधवार की देर रात शव पैतृक गांव पाल्हे खुर्द शव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया। अंतिम संस्कार दुर्गावती नदी के तट पर किया गया। अंतिम संस्कार में जिप सदस्य जयशंकर प्रसाद सिंह उर्फ संग्राम सिंह, मुखिया रंजीत सिंह उर्फ पप्पू, जयंत शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, श्याम सुन्दर शुक्ला, मिथिलेश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

### पाटन में मना फाइलेरिया उन्मूलन अभियान



**पाटन पलामू।** गुरुवार को पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें प्रभारी चिकित्सक डॉ अमित आजाद, धीरज, सुनीता, समाजसेवी शक्ति गुप्ता व अन्य मौजूद रहे। प्रमुख शोभा देवी ने आग्रह किया कि इसकी दवा खाकर अपने प्रखंड को फाइलेरियामुक्त करायें।

### सीओ ने किया चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड का दौरा



**चैनपुर / रामगढ़ पलामू।** सीओ संजय बाखला ने चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आदिम जनजाति क्षेत्र का हाल जाना और मतदाता सूची के बारे में जानकारी ली। बीएलओ को निर्देश दिया कि 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक आदिम जनजाति का निबंधन करें। साथ ही उन्हें आधार कार्ड से पहचान पत्र को जल्द लिंक कराने को कहें। उन्होंने बताया कि चैनपुर रामगढ़ क्षेत्र में आदिम जनजातियों का कुल संख्या 1643 है जो सरकार के कई प्रकार के लाभकारी योजनाओं से वंचित रह जा रहा है। सीओ ने की सरकार की लाभकारी योजनाएं प्राप्त हो सके उसके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## एनसीपी ने दिया बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू।** एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय परिसर ने अनुमंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता पार्टी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ने की। बैठक में सर्वप्रथम सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विनय पासवान ने कहा कि गांव गांव घर घर जाकर कार्यकर्ता विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर पर कम से कम एक एक सौ सदस्य बनायें। कहा कि इस बीच जनता की समस्याओं को भी जाने और उसे पंजी में अंकित कर पार्टी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

**पांच को होगी जिला स्तरीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता :** **मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक 5 दिसम्बर 2022 को प्रातः 11 बजे से जी एल ए कॉलेज डाल्टनगंज के मैदान में सब-जूनियर बालक/ बालिका कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें पलामू जिला के सरकारी, गैर सरकारी, स्कूल /कल्ब के वैसे इच्छुक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनका वजन 55 किलोग्राम से कम हो एवं जन्मतिथि 31-12- 2006 के बाद हो।

**रिश्वत खोर राजस्व कर्मचारी को पांच बर्ष की सजा :** **मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के स्पेशल जज एंटी करप्शन अमरेश कुमार की अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में दोषी पाते हुए पिपरा अंचल के राजस्व कर्मचारी अवधेश प्रसाद सोनी उर्फ अवधेश सोनी को पांच वर्ष की सजा सुनाई है। वहीं 50 -50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## छात्र राहुल ने कुलाधिपति को भेजा त्राहिमाम संदेश

➲ परीक्षा विभाग की अनियमितता को लेकर हैं क्षुब्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एनपीयू के स्नातकोत्तर के विद्यार्थी राहुल कुमार दुबे ने कुलाधिपति झारखंड, मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय, झारखंड, मुख्यमंत्री झारखंड, चेयरमैन यूजीसी और कुलपति नीलांबर पीतांबर विश्व विद्यालय, मेदिनीनगर के नाम त्राहिमाम संदेश में भेजा है । 29 पृष्ठे के भेजे गए त्राहिमाम संदेश में एनपीयू के परीक्षा विभाग पर कई गंभीर और संगीन आरोप लगाए है श्री राहुल कुमार दुबे ने कहा की शोध के नाम पर गुगल प्रिंट को मान्यता देना, बिना आंतरिक मूल्यांकण परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों से अधिक अंक देकर कॉलेज टॉप कराना, पास को फेल और फेल को पास कराना एनपीयू का व्यवहार बन गया है इसकी शिकायत करने पर 13 अक्टूबर पर डिटैन करवा कर आवाज दबाने की कोशिश की गई।

### दावेदारों का दावा होगा फेल क्योंकि निगम वासी जान गये हैं सबका खेल : युगल किशोर चंद्रवंशी



**मेदिनीनगर।** मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी ने प्रेस से बातचीत के दौरान कहा कि नगर निगम चुनाव के हल्ला होते ही दावेदारों की लंबी लाइन लग गई थी। बरसाती मेंढक की तरह प्रत्याशी मैदान में कूद पड़े थे। जैसे ही चुनाव टलने की खबर आई प्रत्याशी शांत होकर घर में बैठ गये कुछ वैसे प्रत्याशी भी है जो प्रतिष्ठा में प्राण देने वाली बात हो गई है अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए नगर क्षेत्रों में घूम रहे हैं और झूठे समाजसेवी होने का दावा पेश कर रहे हैं। मेरा क्या हम तो ऐसे भी लोगों की सेवा में हमेशा से लगे ही रहते हैं।

# जन कल्याण ट्रस्ट ने कचहरी परिसर में खोला कपड़ा बैंक

■ जरूरतमंदों को मिलेगा लाभ, ट्रस्ट का कदम सराहनीय : अनुज झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में कचहरी परिसर में कपड़ा बैंक का उद्घाटन मुख्य अतिथि कंपनी कमांडर अनुज झा व यातायात प्रभारी रामजीत सिंहने फिता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत दुबे ने किया। मौके परट्स्ट के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, केंद्रीय सदस्य संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। कमल गोकुल, आनंद दुबे, संजू देवी, गणेश राम, श्याम बैठा समेत कई जरूरतमंदों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुज झा ने कहा कि जन कल्याण का ट्रस्ट का यह कदम सराहनीय है। इससे जरूरमतंदों को लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि मानव जीवन में हर किसी को मदद करने की आवश्यकता है। उन्होंने हरिवंश राय बच्चन के कविता के माध्यम से कहा कि मानव जीवन कल्याणार्थ के लिए प्राप्त हुआ है।

■ अपने आप को हर समय समाज के लिए समर्पित करने की आवश्यकता है। जन कल्याण ट्रस्ट समाज सेवा के लिए तत्पर है। ट्रस्ट का यह कार्य आगे चलकर मील का पत्थर साबित होगा। यातायात प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि जन कल्याण ट्रस्ट के लिए यह समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है। समाज में इसी तरह से आगे कार्य करने की जरूरत है। मैं अपनी ओर से हरसंभव जन कल्याण ट्रस्ट परिवार को मदद करने का प्रयत्न करता रहूंगा। साथ ही यह अपेक्षा रखता हूं कि सुदूरवर्ती इलाका में जहां तक जो सुविधा नहीं है वह ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य आगे चलकर मदद कार्य निरंतर करते रहें। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि जन कल्याण ट्रस्ट गरीबों के लिए समर्पित है।

## विश्व एड्स दिवस पर हिंडाल्को के कठौतिया माइंस में जागरूकता नुक्कड़ नाटक का मंचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस में कई जागरूकता कार्यक्रम किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता माइंस के एचआर हेड अरूप बनर्जी ने की। मौके पर प्रबंधक अश्विनी कुमार ने कहा की जागरूकता और सतर्कता से बड़ा कोई अन्य हथियार नहीं है जिससे एड्स का मुकाबला किया जा सके। उन्होंने कहा कि हिंडाल्को सिर्फ काम से मतलब नहीं रखती बल्कि कंपनी इसका भी ख्याल रखती है की उनके साथ जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ साथ खनन क्षेत्र के परिधि में रहने वाले लोग सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को लेकर एड्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। कंपनी के चिकितक डॉक्टर टी गफ्फार ने कहा कि एड्स से जुड़ी कोई भी समस्या के समाधान के लिए सराकर द्वारा मुफ्त चिकित्सीय सलाह दिया जाता है, लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए।



**कार्यक्रम की खास बातें :** विश्व एड्स दिवस पर कठौतिया कोल माइंस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक गलतफहमी प्रस्तुत कर जागरूकता के संदेश दिए। नुक्कड़ नाटक में कामरूप प्रसाद सिन्हा ने हरियाऔर अमर कुमार भांजा ने माधव की भूमिका में शानदार अभिनय कर लोगो को बांधे रखा। दीदी की भूमिका में कनकलता तिर्की और भाई को भूमिका में उज्ज्वल सिन्हा ने अभिनय किया। सिकंदर कुमार ने दो स्वरचित एड्स जागरूकता गीत प्रस्तुत किया जिसे लोगों ने खूब सराहा। धन्यवाद ज्ञापन खान सुरक्षा पदाधिकारी केसी मोदक ने किया। मौके राकेश सिंह,शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिन्हा, रविन्द्र सिंह, जयंत शुक्ला, गौतम सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, रासबिहारी प्रसाद, योगेश द्विवेदी,कंदर्प मिश्रा, नितेश कुमार, अशोक दुबे, नितेश पौराणिक, अनीता भगत, सुहानी, चंदन तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने जताया गहरा शोक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा के कद्दावर नेता सह झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री व बोकारो के पूर्व विधायक और झारखण्ड में मजदूर आंदोलन के प्रतीक रहे समरेश सिंह के निधन पर राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, झारखण्ड़ के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होनें कहा है कि आंदोलन के माध्यम से झारखण्ड में भाजपा का जनाधार बढ़ाने में समरेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वनांचल राज्य के निर्माण की मांग को लेकर चलाये गए आंदोलन के ये सूत्रधार भी थे। श्री प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में कई बड़े आंदोलनों का इन्होनें नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा कि स्व. समरेश सिंह के साथ राजनैतिक एवं मजदूर क्षेत्र में लंबे समय तक काम करने का मुझे अवसर मिला था। वास्तव में समरेश दादा जिंदादिल इंसान थे। इनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है।

## 1500 सीएफटी स्टोन चिप्स किया गया जब्त

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार के नेतृत्व में रामगढ़ थाना क्षेत्र में चलाए गए जांच अभियान के दौरान वनखेता मौजा में अवैध रूप से संचालित 3 क्रेशरों को ध्वस्त किया गया । वहीं, स्थल से करीब 1500 सीएफटी स्टोन चिप्स को जब्त कर जिला खनन कार्यालय में रखा गया। जांच दल में जिला खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक, रामगढ़ थाना के सब इंसपेक्टर रोशन कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## विश्व एड्स दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व सृजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में गुरूवार को विश्व एड्स दिवस पर सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.विद्यानंद तिवारी व संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.शीला सिंह ने की। मौके पर प्राचार्य डॉ.विद्यानंद तिवारी ने कहा कि बस सुरक्षा है इस बीमारी का बचाव है। इसका ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवको से एड्स को ले समाज में जागरूकता फैलाने की बात कही।

## बरघुटुवा स्कूल की टीम मांडू को हरा फुटबॉल मैच की बनी चैम्पियन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खेलो झारखंड 2022 के तहत जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय बरघुटुवा की छात्राओं ने मांडू की टीम को हराकर चैम्पियन बनी है। रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बरघुटुवा विद्यालय के कक्षा छह से आठ की गर्ल्स टीम ने यह सफलता हासिल की है। छात्राओं की सफलता पर गुरूवार को विद्यालय प्रांगण में समारोह आयोजित कर विजेता टीम को प्रधानाध्यापक संतोष कुमार राय व खेल शिक्षक पंकज कुमार ने सबों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। पढ़ाई की तरह खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन कैरियर बनाया जा सकता है।

## बाबा वीर कुंअर चबूतरा निर्माण हुआ पूर्ण

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड दस के पांडेपुर गांव में बाबा वीर कुंअर का नया चबूतरा बनकर तैयार हो गया है। चबूतरा का निर्माण ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से किया है। दो दिसंबर दिन शुक्रवार को नव निर्मित चबूतरा स्थल पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी समाजसेवी मुन्ना यादव व उदय यादव ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि परंपरा के अनुसार पूरी श्रद्धा के साथ बाबा बीर कुंअर का गावना अगहन शुक्ल पक्ष नवमी को होगा। इस अवसर पर कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा महाभंडारा का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नागेन्द्र यादव, सहित गांव का पूरा यादव परिवार अहम भूमिका निभा रहा है।

आश्रय गृह के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

# ठंड के मद्देनजर उपायुक्त ने किया रामगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

### बिजुलिया स्थित लेप्रोसी कॉलोनी में गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** ठंड के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रामगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छतरमांडू स्थित नगर परिषद रामगढ़ के आश्रय गृह का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को आश्रय गृह के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा गरीब व जरूरतमंद लोगों को सुविधाएं देने का निर्देश दिया । उन्होंने सड़क किनारे अथवा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सो रहे लोगों को ठंड से बचाने हेतु उन्हें आश्रय गृह में लाकर रखने का निर्देश दिया । साथ ही उपायुक्त ने आश्रय गृह के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर व बैनर आदि लगाने का निर्देश दिया। आश्रय गृह के उपरांत उपायुक्त ने शहर के बिजुलिया स्थित लेप्रोसी कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं के माध्यम से उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली। साथ ही उपायुक्त ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को देने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने बड़ी संख्या में लोगों के बीच गर्म कंबल का वितरण किया। इसके साथ ही उपायुक्त ने रेलवे स्टेशन, मिलोनी क्लब सहित अन्य क्षेत्रों का भी निरीक्षण कर गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुधीर कुमार, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।


कंबल का वितरण करतीं उपायुक्त

## संयमित संकारपूर्ण जीवन जियें युवा : डॉ. आरके दास

### विश्व एड्स दिवस पर चला जागरूकता कार्यक्रम



कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनएसएस इकाई एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विषय प्रवेश कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. बी रविदास ने कराया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. आरके दास ने कहा कि जागरूकता ही इस बीमारी का समाधान है। इसलिए युवाओं का यह दायित्व है कि संयमित संकारपूर्ण जीवन जियें। उन्होंने कहा कि एड्स से मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता धीरे-धीरे समाप्त हो जाती है। जिसके कारण मौत के कगार पर संक्रमित मनुष्य चला जाता है। वहीं डॉ. एकेएस झा ने कहा कि यह बीमारी असुरक्षित यौन संबंधों, संक्रमित मां का दूध पीने, एक ही इंजेक्शन का बार-बार प्रयोग करने व संक्रमित मनुष्य का रक्त देने से फैलता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी नामक वायरस से यह बीमारी फैलती है।

## जेएसपी फाउंडेशन ने विश्व एड्स दिवस पर चलाया जागरूकता कार्यक्रम

### किशोरी, खिलाड़ियों व बच्चों के बीच वितरित किये गये जागरूकता आईइसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासल (रामगढ़)।** विश्व एड्स दिवस पर जेएसपी फाउंडेशन ने गुरूवार को जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इसका उद्देश्य जानलेवा बीमारी के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना था। एचआईवी का मतलब ह्यूमन इम्यूनो डेफिसिएंसी वायरस होता है, उसके खिलाफ लड़ाई के लिए लोगों को एकजुट होने का एक अवसर प्रदान करता है। कहा गया कि इस विशेष दिन का उद्देश्य उन व्यक्तियों का समर्थन करना है जो इस वायरस के साथ जी रहे हैं और उन लोगों को याद करना है जिन्होंने एड्स से संबंधित बीमारी के कारण अपनी जान गंवाई है।

इस साल के विश्व एड्स दिवस का थीम 'इक्वलाइज' है। यह विश्व के नेताओं और नागरिकों से एड्स को खत्म करने के प्रयासों में बाधा डालने वाली असमानताओं को स्वीकार करने और हल करने का आग्रह करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी को आवश्यक एचआईवी देखभाल तक समान पहुंच मिले।

इस अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन ने जागरूकता फैलाने के लिए उच्च विद्यालय, बलकुदरा के बच्चों के साथ गांव में रैली निकाला। प्लांट परिसर में जागरूकता बैनर्स लगाए गए। इस दौरान किशोरी बच्चियों, फुटबल खिलाडियों और ओपीजेसीसी के बच्चों के बीच जागरूकता सत्र चलाया गया। साथ ही उनके बीच जागरूकता आईइसी वितरित की गयी। कार्यक्रम के दौरान रवि निवास, अनुराग सिंह, मंजू मिश्रा, अजय पांडेय, रश्मिता दास, सुरेंद्र कुमार, शशि प्रसाद, विनोद कुमार रविदास, माया कुमारी, अजित कुमार एवं दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।



जागरूकता कार्यक्रम में किशोरियां व अन्य

## सांसद की पहल लाया रंग, हुआ छावनी परिषद एवं किसानों के बीच समझौता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पिछले दिनों छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी द्वारा सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित कर पुराने मंडी पर सील लगाने का विरोध वहां के किसान कर रहे थे ।इसी क्रम में हुए विवाद पर छावनी परिषद द्वारा गंभीर धराओं में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसकी सूचना हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को प्राप्त होने पर उन्होंने अपने प्रतिनिधियों के साथ सप्ताह भर पहले सब्जी मंडी के किसानों से सगर्भित मुलाकात कर समस्या के निपटारे का आश्वासन दिया था। सांसद ने स्वयं पुलिस अधीक्षक एवं छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से संपर्क कर पीड़ित किसानों पर हुई प्राथमिकी को वापस लेने की बात कही। साथ इसके निष्पादन हेतु चार सदस्यीय टीम को कार्यान्वित किया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक,रविंद्र शर्मा शामिल थे। सांसद जयंत सिन्हा के निर्देश और किसानों की व्यथा को गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधि मंडल ने किसानों एवं छावनी परिषद के बीच सेतु का कार्य करते हुए दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह करवाया। साथ हीं गुरुवार को प्रतिनिधिमंड ने पुलिस अधीक्षक, कैंटोमेंट बोर्ड सहित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं रामगढ़ थाना को समझौता पत्र की प्रतिलिपि सौपते हुए प्राथमिकी निरस्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। इस अवसर पर प्राथमिकी के नामजद किसानों सहित तमाम किसानों ने सांसद जयंत सिन्हा को धन्यवाद देते हुए उन्हें सच्चा जनप्रतिनिधि बताया। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने इस संबंध में एक विज्ञप्ति जारी कर बताया की सांसद जयंत सिन्हा ने अपने कार्यकाल में पूरे लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाते हुए मेडिकल कॉलेज,सड़क एवं अन्य विकास कार्यों के साथ रामगढ़ जिले को एनटीपीसी जैसे संयंत्र दिया। जिसका प्रभाव आने वाले दिनों में हमे देखने को मिलेगा। कहा कि अपनी साफ सुथरी राजनीतिक छवि और जनता की समस्याओं के निदान के लिए उनके हनेशा तत्पर रहने के कारण वो पूरे लोकसभा क्षेत्र में भी कर्मयोगी सांसद के रूप में जाने जाते हैं।

## श्री अग्रसेन स्कूल में नि:शुल्क मधुमेह जांच शिविर 3 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रांची के प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ ड. विनय कुमार ढांढनिया तीन दिसंबर को भुरकुंडा में मधुमेह रोगियों की निःशुल्क जांच कर आवश्यक परामर्श देंगे। इस शिविर का आयोजन रोटरी क्लब रांची के सौजन्य से भुरकुंडा स्थित श्री अग्रसेन स्कूल के प्रांगण में सुबह 10 से 11 बजे तक किया जाएगा। रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि इस शिविर से मधुमेह के मरीजों को काफी फायदा होगा।


डॉ विनय ढांढनिया

## मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार करना बंद करें प्रबंधन : नरेश मंडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनियन कोल वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में गुरूवार को भुरकुंडा हाथीदाड़ी खदान में पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर वक्ताओं ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के शाखा अध्यक्ष सह जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने कहा कि भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार करना बंद करे, अन्यथा यूनियन आंदोलन का रूख अख्तियार करेगी। पीट मीटिंग में भूमिगत भत्ता कटौती, एसएलपी, वेतन समझौता, बकाया 15 दिन मजदूरी, आदि को ले मजदूरों को अवगत कराया गया।


पीट मीटिंग को संबोधित करते जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल व उपस्थित लोग

## पुल निर्माण से दर्जनों गांव के ग्रामीण होंगे लाभान्वित होंगे : कृष्णा सिंह

### छह उच्च स्तरीय पुल निर्माण को ले हुआ सर्वे, विधायक अंबा प्रसाद ने की थी अनुशंसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भदानीनगर (रामगढ़)।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत उच्च स्तरीय पुल निर्माण को ले विभाग के सहायत अभियंता चलचित्र महतो, कनीय अभियंता दिलीप ठाकुर ने गुरूवार को पतरातू दामोदर नदी में पुल निर्माण को ले सर्वे किया गया। जयनगर-बलकुदरा को जोड़ने वाले नलकारी नदी, पतरातू उरीमारी के बीच दामोदर नदी, चैनगडा व सिरका के बीच पांच नंबर दामोदर नदी, लेम व सामूदाह के बीच मसरीकोचा नदी, कंडेर डेलिया पत्थर नदी, बीचा व होन्हेंटांड के बीच नदी में पुल निर्माण को ले सर्वे हुआ। बताया गया कि विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पतरातू प्रखंड के 6 उच्च स्तरीय पुल निर्माण को ले अनुशंसा की गई थी। विभाग के एसडीओ व जेई ने बताया कि बहुत जल्द डीपीआर तैयार कर विभाग को सौंपा जायेगा। मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने कहा कि पतरातू उरीमारी के बीच दामोदर नदी में पुल निर्माण होने से दर्जनों गांव लाभान्वित होंगे। जिसमें पतरातू से उरीमारी, असवा, पोटंगा बड़कागांव तक लोगों का सफर में दूरी कम होगी। और उरीमारी के लोगों को भी पतरातू या रांची जाने में सुविधा होगी। वहीं जयनगर एवं बलकुदरा के बीच में पुल निर्माण से भी दर्जनों गांव को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने में बहुत ही कम दूरी का सामना करना पड़ेगा, जिससे दर्जनों गांव लाभान्वित होंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ष्णा सिंह, योगेंद्र सिंह खरवार, नईम अंसारी, मुन्ना अंसारी, अजीत सिंह व मुस्तकीम अंसारी मौजूद थें।


सर्वे के दौरान मौजूद विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह व अन्य

एक नजर में

## लोक अभियोजक को सेवा निवृत्ति बिदाई दी गई

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के लोक अभियोजक महेश प्रसाद के सेवानिवृत्ति उपरांत जिला अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अपर लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने की। इस मौके पर महेश प्रसाद के कार्य की प्रशंसा की गई। मौके पर लोक अभियोजक को पुष्प गुच्छ देकर माल्यार्पण कर व अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। महेश प्रसाद ने कहा कि पलामू जिले के अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायिक पदाधिकारी व आम जनमानस का न्यायिक कार्य निष्पादन के सहयोग में भरपूर सहयोग मिला है। मौके पर राजेश शर्मा ने कहा कि बेदाग सेवानिवृत्ति नौकरी का मूल मंत्र है। महेश प्रसाद ने पूरी ईमानदारी के साथ वफादारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। श्री प्रसाद का कार्य अतुलनीय है।

## टेक्निकल सेक्रेटरी ने राजहारा कोलियरी का किया निरीक्षण

**पड़वा पलामू।** सीसीएल सीएमडी के टेक्निकल सेक्रेटरी आलोक कुमार सिंह ने बुधवार की शाम राजहरा कोलियरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि सीएमडी के निर्देश पर राजहारा कोलियरी का निरीक्षण के लिए आया हूं। ताकि यहां की वस्तु स्थिति की जानकारी सीएमडी को देकर राजहरा कोलियरी में फिर से कोयलें का उत्पादन शुरू करने में आ रहीं परेशानी को दूर किया जा सके। उनके साथ टेक्निकल समेत कई पदाधिकारी विभिन्न बिंदुओं पर जांच की गई। उन्होंने कहा कि सीसीएल का प्रयास है कि राजहरा कोलियरी से उत्खनन कार्य जल्द शुरू कराया जाये। इसके लिए सीसीएल ने भलही प्रोजेक्ट के लिए ओबी को लेकर औक्सन भी किया है।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में दिन गुरुवार को फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर सिविल सर्जन लातेहार डॉ दिनेश कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्य क्षितिज, डॉ. गरिमा प्रकाश, विनीता कुमारी, डॉ. रामविलास ठाकुर, डॉ. उमेश कुमार, थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह,प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर डॉ दिनेश कुमार ने कहा कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर लोगों को दवा खिलाने की शुरूआत की गई है। इसके बाद घर घर जाकर 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रूप से पीड़ित लोगों को छोड़कर एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएगी।

## एआइएसएफ की बैठक में कमेटी का गठन

**मेकदनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन की बैठक गिरवर +2 हाई स्कूल के प्रशाल में हुई। बैठक में नई कमेटी गठित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रोहित सिंह एवं सचिव नीतीश कुमार चुने गये। इसके अलावा अभिषेक कुमार को उपाध्यक्ष और हीरा कुमार को सह सचिव बनाया गया है। गिरवर +2 हाई स्कूल कार्यकारणी सदस्य में धनंजय कुमार, प्रिंस कुमार, विशाल कुमार, सनी सिंह, अभिषेक कुमार, अंशु कुमार, आयुष कुमार, विश्वजीत सिंह, अक्षत सिंह को मनोनीत किया गया है। गुरुवार को टाउन हॉल कैंपस में गिरिवर हाई स्कूल के छात्रों की बैठक हुई। जिसमें एआईएसएफ की ओर से बतौर पर्यवेक्षक जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय उपस्थित होकर विद्यार्थियों को एआईएसएफ का गौरवपूर्ण इतिहास बताते हुए वर्तमान समय में छात्र आंदोलन की जरूरत पर विस्तार से बातचीत की और नए सदस्यों को संगठन में स्वागत किया।

## कलम के साथ तलवार पर भी मजबूत पकड़ रखते थे मिर्जा खलील बेग : परशुराम तिवारी

**मेदिनीनगर।** शिक्षक नेता, स्वतंत्र लेखक सह रजवाडीह स्कूल के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने मिर्जा खलील बेगके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है। श्री तिवारी ने कहा कि नेक इंसान व अजीम शायर मुजफ्फर सुल्तान बेग जो मिर्जा खलील बेग के नाम से प्रसिद्ध थे,का असमय अवसान मन को आहत करनेवाली घटना है। खलील बेग कलम के साथ तलवार पर भी मजबूत पकड़ रखते थे। मैंने उन्हें मुहर्रम में ताजिया के समय दोनों हाथों से एक साथ दो तलवार भांजते हुए देखा है। उनकी इस कला को लोग विस्फारित नेत्रों से निहारते थे। श्री तिवारी ने कहा कि वह एक सिद्धहस्त कलमकार थे। वे शहर के सौहार्द्र का सम्मानित चेहरा थे। उनके निधन से सभी जाति-धर्म के लोग मर्माहत हैं।

## खाद्य आपूर्ति विभाग की बुलाई गई समीक्षा बैठक : रुद्र शुक्ला

**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड मुख्यालय ब्लाक परिसर के सभागार में खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक बुलाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के बीच का खाद आपूर्ति मंत्री आदरणीय रामेश्वर उरांव के मंत्री प्रतिनिधि सह पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी बिधान सभा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीओ सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी महोदय तरहसी एवं तरहसी प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार समीक्षा बैठक में शामिल रहे।

## माता-पिता से मिले संस्कार को जीवन में उतारें : हेमलता

**मेदिनीनगर।** संसार में मनुष्य को छोड़ कर जितने भी जीव हैं वो अपनी जिंदगी आनंद से गुजार रहे हैं, लेकिन मनुष्य अपनी जिंदगी से बेहद दुःखी है। जब देखो अपने दुखों की दुहाई देता दिखता है ऐसा न हो कि ईश्वर अपने सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को दुखी देख मनुष्य का निर्माण करना ही छोड़ दें। ये सारी बातें रेड़मा ठाकुरबाड़ी में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा यज्ञ के प्रथम दिन अपने प्रवचन में मातृ शक्ति सेवा संस्थान मथुरा के विदुषी हेमलता शास्त्री ने कही। वहीं विदुषी शास्त्री ने कहा कि ईश्वर ने अपने सर्वश्रेष्ठ रचना के रूप में मनुष्य का निर्माण किया था। लेकिन मनुष्य सिर्फ अपनी कर्मों की वजह से जानवर से भी बदतर हो गया।

## अवैध छरी लोड तीन हाईवा जब्त

**मेदिनीनगर।** सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने रात्रि गश्ती के दौरान जोरकट से अवैध छरी लोड तीन हाईवा को जप्त किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि बीती रात्रि को गश्ती के दौरान जोरकट गांव में पुलिस भ्रमणशील थी। इसी बीच तीन हाईवा पर छड़ी लोड था।जो की पुलिस को देखते ही तीनों वाहन के चालक सहम गए और वाहन को तेज भगाना चाहा। लेकिन पुलिस ने तीनों वाहन को रोककर कागजात की मांग किया। तो चालकों ने छरी से संबंधित कोई भी कागजात देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सीजी 15 डीएक्स 4215 एवं जेएच 14 ई 8242 तथा जे एच एम एफ 7431 हाईवा वाहन को थाना में लगाया गया। चालकों से पूछताछ कर वाहन को जप्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी को लिखित सूचना दी गई है कि वाहन मालिक एवं चालक पर करवाई किया जाए। इस अभियान में एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह व अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

## फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम

**विश्रामपुर।** तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को फाइलेरिया बीमारी के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें हाथी पांव बीमारी होने के कारण, इसके लक्षण, इसकी वजह से होने वाली परेशानी और बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लिली एस्टेला पूर्ति, डॉ प्रियंका, बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, बीएम पंकज सिंह, मलेरिया बिभाग के विनोद तिवारी, एमटीएस पंकज कुमार, अनिल पांडेय ने दवा खिलाया, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लिली ने फाइलेरिया बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने ने बताया कि फाइलेरिया, लिफेटिक फाइलेरियासिस या हाथीपांव मच्छर से फैलने वाला एक दर्दनाक रोग है, जिसमें संक्रमित व्यक्ति के शरीर का प्रभावित हिस्सा विकलांग हो सकता है।

## चीन में कोरोना

चीन की राजधानी बीजिंग में कोविड-19 पृथकवास केंद्रों एवं क्षेत्रीय अस्पतालों के निर्माण में तेजी लाने के स्थानीय प्रशासन के आदेश के बाद लोगों ने शुक्रवार को हड़बड़ी में सुपरमार्केट से तथा ऑनलाइन मंचों पर जरूरी वस्तुओं की भारी खरीददारी की। बीजिंग के कुछ जिलों में लॉकडाउन को लेकर अनिश्चितता तथा छिटपुट अपुष्ट खबरों से खाद्य पदार्थों एवं अन्य जरूरी चीजों की मांग बढ़ गयी है। पिछले कई महीनों से शहर में ऐसी स्थिति नहीं नजर आयी थी। देश में कोविड-19 के रोजाना मामले रिकार्ड छू रहे हैं तथा शुक्रवार को इसके 32,695 नये मामले सामने आये। उनमें 1860 बीजिंग के हैं तथा ज्यादातर में इस महामारी के लक्षण नहीं हैं। जल्दबाजी में पृथकवास केंद्रों में तब्दील किये गये जिम, प्रदर्शनी केंद्र तथा अन्य बड़ी खुली जगह भीडभाड़, गंदगी , खाद्य आपूर्ति में कमी आदि को लेकर बदनाम रहे हैं। शहर के ज्यादातर निवासियों को उनके परिसरों से बाहर नहीं जाने की सलाह दी गयी है। उनके परिसरों को घेरा जा रहा है। प्रवेश द्वार पर सर से पैर तक सफेद कपड़े में ढके कर्मी अनधिकृत लोगों को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि निवासी प्रवेश पाने के लिए अपने सेलफोन हेल्थ एप से स्कैन करें। बीजिंग में कुछ किराना सेवा आपूर्ति मंचों पर मांग चरम पर पहुंच गयी है। मांग में वृद्धि और कर्मचारियों की कमी के चलते कुछ ग्राहक शुक्रवार को अलीबाबाज फ्रेशिप्पो और मीचुअन मैकाई जैसे ऑनलाइन किराना सेवाओं के जरिए शुक्रवार को उसी दिन के लिए सामानों की बुकिंग नहीं कर पाये। कुछ चीनी उपयोगकताओं ने कहा कि कुछ ऐसे डिलीवरी कर्मी हैं जिनके परिसर में लॉकडाउन है जिससे कर्मियों की कमी हो गयी है। वैसे एसोसिएटेड प्रेस इस खबर की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करती है। अलीबबा ने भी तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

## बढ़ता रोजगार

शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर जुलाई-सितंबर, 2022 में सालाना आधार पर घटकर 7.2 प्रतिशत पर आ गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान अवधि में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल के बीच बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। देश में जुलाई-सितंबर, 2021 में कोविड-19 महामारी से संबंधित प्रतिबंधों के प्रभाव के कारण बेरोजगारी दर अधिक थी। इस तरह बेरोजगारी दर में गिरावट को रेखांकित करने वाले श्रमबल सर्वेक्षण पर आधारित नवीनतम आंकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि महामारी के प्रभाव से निकलकर अर्थव्यवस्था लगातार पुनरुद्धार की ओर बढ़ रही है। आवधिक श्रमबल के 16वें सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में अप्रैल-जून 2022 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत रही। सर्वेक्षण में पाया गया कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक आयु की) में बेरोजगारी दर जुलाई-सितंबर, 2022 में घटकर 9.4 प्रतिशत रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 11.6 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा अप्रैल-जून, 2022 के दौरान 9.5 प्रतिशत था। वहीं, शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की बेरोजगारी दर एक साल पहले के 9.3 प्रतिशत की तुलना में जुलाई-सितंबर, 2022 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई। यह अप्रैल-जून, 2022 में 7.1 प्रतिशत थी। देश में रोजगार के ये आकड़ें जहां समाज के लिये उपयोगी है वहीं देश में आर्थिक गतिविधियों को गति देन के साथ सामाजिक शांति और सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी अनिवार्य है।

# सरकारी नौकरी चुनावी जीत के लिये भी जरूरी





**- एनके मुरलीधर**

> मोदी विकास का दूसरा नाम बताये जा रहे हैं यह नारा सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन मोदी ने निजीकरण की जो गति तेज की है उससे बिहार, झारखंड और यूपी सहित पूरे उत्तर भारत की राज्यों में जहां औद्यागिक विकास की गति धीमी रही है वहां आज भी सरकारी नौकरी युवाओं की पहली पसंद है।

**केन्द्र** सरकार दस लाख रोजगार योजना के तहत झारखंड में भी युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी दे रही है। ये नौकरियां रेल, सुरक्षा बलो, केन्द्र सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दी जा रही है। इसे 2024 के चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है जहां मोदी सरकार पर निजीकरण और अंबानी और अडानी के साथ खड़ें होने का आरोप विपक्ष लगा रहा है। सवाल यह है कि निजीकरण तीस वर्ष से चल रहा है लेकिन जिस प्रकार देश के उद्योगों का संरक्षण किया गया उसी प्रकार देश के युवाओं का संरक्षण भी किया जाना चाहिए। सरकारी सेवा देश के लिये एक उम्मीद है जिसके सहारे लाखों युवा अपने सपने पालते हैं और तीन पीढ़ियों को निर्धनता से निकालती है वहीं देश के विकास को भी गति देती है।

संकेत साफ है कि यूपी, बिहार और झारखंड में जॉब का अर्थ ही है सरकारी नौकरियां। खूंटी के लोधमा स्टेशन पर चाय पीते हुए मैंने एक युवा लाला केसरी से पूछा कि कोरोना में जिंदगी कैसी चल रही है तब उसने कहा कि पैसा तो अच्छा कमा लेते हैं लेकिन रूतबा के लिए छोटा मोटी माने फोर्थ क्लास नौकरी भी मिल जाती तो मामला फीट हो जाता।

मोदी विकास का दूसरा नाम बताये जा रहे हैं यह नारा सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन मोदी ने निजीकरण की जो गति तेज की है उससे बिहार, झारखंड और यूपी सहित पूरे उत्तर भारत की राज्यों में जहां औद्यागिक विकास की गति धीमी रही है आज भी सरकारी नौकरी युवाओं की पहली पसंद है।

बिहार के चुनाव में जो परिणाम सामने आये है उसका ईमानदारी से विश्लेषण किया जाये तो यह तय है कि सरकारी सेवा में जाना आज भी युवाओं के लिए सबसे बड़ी बात मानी जाती है। इसी बात का संकेत बिहार के चुनाव में दिया जिसे राष्ट्र का संकेत माना जाना चाहिए। सबसे हिट नारा था दस लाख नौकरियों का जो तेजस्वी ने दिया और जीते भी, सबसे बड़ी पार्टी बनी राजद। अब वे सरकार में है रोजगार देने पर जोर है।

चुनावी जंग ब्रिटेन के एक मशहूर सैन्य जनरल के शब्दों में कहें तो शायद ही एक आसान जंग थी। लेकिन नरेंद्र मोदी की चुनाव जिताऊ क्षमताओं को एक बार फिर प्रदर्शित करने से इतर यह राज्य विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रधानमंत्री की चर्चित क्षमता का असली इम्तिहान भी बन सकता है। कंपनियां अरबों के निवेश से विनिर्माण इकाइयां लगाएं, हजारों की संख्या में बढ़िया वेतन वाले रोजगार पैदा हों और संपन्नता का एक पनाहगाह बनकर उभरे, ताकि यह पिछड़ा राज्य आगे बढ़ सके।

आलोचकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी की उपलब्धियों पर जो सवाल उठाए उसका मुख्य आधार यही रहा है कि उन्होंने इस राज्य में दशकों से कायम संपन्नता एवं सक्षमता का फायदा उठाया। भारत के नेता के तौर पर मोदी आर्थिक एवं बदलावकारी प्रतिभा दशार्ने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं और कोविड-19 महामारी के समय उनके कमजोर प्रदर्शन से पहले ही यह बात उजागर हो चुकी थी। मोदी के लिए बिहार अपनी विकासपरक क्षमताएं दशार्ने के लिए एकदम साफ स्लेट है। बिजली, सड़क, पानी देने और कानून व्यवस्था की हालत सुधारने से जुड़ी अपनी उपलब्धियों के लिए तीन बार से मुख्यमंत्री पद पर आसीन नीतीश को सुशासन का खिताब दिया जाता रहा है। अगर बिजली देने के मामले में ही उनकी उपलब्धियां देखें तो पता चल जाता है कि उनका काम किस कदर चुनौतीपूर्ण रहा है? नीतीश के दौर में बिहार में बिजली खपत 700 मेगावॉट से बढ़कर 6,000 मेगावॉट हो गई और 'लालटेन युग' का खात्मा हो गया। नीतीश अक्सर लालू की पार्टी राजद के चुनाव चिह्न लालटेन को उस शासन के प्रतीक के तौर पर पेश करते रहे हैं। लेकिन निश्चित रूप से बिहार के लोगों ने इस बदलाव को खुद महसूस किया है। फिर भी यह विडंबना ही है कि सुशासन के बावजूद बिहार अब भी बीमारू राज्यों में बना हुआ है और विकास के तमाम मानदंडों पर होने वाली रैंकिंग में अक्सर निचले पायदानों पर मौजूद रहता है।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय के महानिदेशक पद से सेवानिवृत्त गोविंद भट्टाचार्य ने 'इकनॉमिक सर्वे ऑफ बिहार' का हवाला देते हुए कई विसंगतियों को रेखांकित किया है। उनका कहना है कि बिहार की प्रति व्यक्तिआय राष्ट्रीय औसत के एक-तिहाई से भी कम है, सकल राज्य घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2015-16 और 2018-19 के दौरान एक फीसदी अंक गिरी है और राज्य के 38 में से 13 जिले देश के सर्वाधिक पिछड़े 117 जिलों में शामिल हैं। बिहार के निराशाजनक प्रदर्शन के इन संकेतकों को सामने रखने के साथ ही भट्टाचार्य यह भी कहते हैं कि इस स्थिति के लिए अकेले नीतीश को जिम्मेदार ठहराना अनुचित होगा। भारत में जनसेवा में लगा कोई भी व्यक्ति सुधारों की राह में खड़े संस्थागत अवरोधों से बखूबी परिचित होगा। जहां तक बिहार का सवाल है तो वह सामाजिक पिछड़ेपन एवं भ्रष्टाचार के अतीत में इस कदर फंसा हुआ है कि वहां पर बड़े सुधार ला पाना कोई छोटी चुनौती नहीं है।

बिहार राज्य की 75 फीसदी से अधिक आबादी के खेती पर ही निर्भर होने से कारखानों के लिए बड़े पैमाने पर जमीन तलाशना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। बिहार उन राज्यों में से एक है जहां जमीन का अधिग्रहण करना बहुत कठिन है क्योंकि यहां पर भूमि स्वामित्व के रिकॉर्ड ही नहीं हैं। हाल में शुरू की गई स्वामित्व योजना बिहार में जमीन के मालिकाना हक संबंधी रिकॉर्ड की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकती है जिससे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आसान हो सकती है। मोदी अपनी सरकार के महत्त्वाकांक्षी 'हर घर नल से जल' कार्यक्रम के केंद्र में भी बिहार को रख सकते हैं ताकि ग्रामीण परिवारों तक निर्बाध जलापूर्ति की जा सके। वह बिहार के खस्ताहाल स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय फंड देने के साथ ही केंद्र की स्वास्थ्य बीमा योजना का विस्तार भी कर सकते हैं। उनके सामने बेशुमार मौके हैं। काशी प्रतीक है कायाकल्प का लेकिन दिल्ली का रास्ता झारखंड बिहार और काशी होकर ही जाता है।

(लेखक खबर मन्त्र के सब एडिटर हैं।)

## खास बात

### भक्ति का मार्ग

**विजय सिंगल**

**भगवद्गीता** में निःस्वार्थ भाव से कर्म करने पर बल दिया गया है। इसमें यह समझाया गया है कि मनुष्य को कभी भी अपने कर्तव्य-कर्म से पीछे नहीं हटना चाहिए। व्यक्ति को अपने स्वभाव अर्थात् गुणों के अनुरूप ही काम करना चाहिए और परिणामों की चिन्ता किए बगैर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहिए। कर्तापन की भावना से मुक्त होकर कर्म करते हुए और त्याग की सच्ची भावना से कर्मों को ईश्वर को अर्पित करके मनुष्य दिन-प्रतिदिन की चिंताओं और निराशाओं पर नियंत्रण पा सकता है।आध्यात्मिक पूर्णता प्राप्त करने का एक अन्य मार्ग है भक्ति अर्थात् ईश्वर की आराधना। जब भगवान के साथ प्रेम और विश्वास का संबंध स्थापित हो जाता है, तब व्यक्ति उसके और उसकी रची हुई सृष्टि के साथ एकात्मता का अनुभव करता है। एक सच्चे भक्त का जीवन अपने आप में ही एक उत्सव बन जाता है।

सच्चा धर्म अहं-केन्द्रित अर्थात् भय, लालच और वासना आदि से अभिशापित नहीं; अपितु विनय, सत्यनिष्ठा, धैर्य, नैतिकता और अहिंसा आदि से सुशोभित जीवन जीने का आह्वान करता है। जबकि एक अहं-केन्द्रित जीवन निरन्तर इच्छाओं और अत्यन्त कष्टों से भरा हुआ होता है, आध्यात्मिक जीवन तृप्ति का जीवन है। जब कोई व्यक्ति आत्मा का ज्ञान प्राप्त कर लेता है, तो वह अपने दोषों से लड़ने के लिए आंतरिक शक्ति प्राप्त कर लेता है।

अन्त में, (श्लोक 18.78 में) यह घोषणा की गई है कि जहां भी श्रीकृष्ण होंगे और जहां भी अर्जुन होगा; वहां निश्चय ही सौभाग्य, विजय, कल्याण तथा नैतिकता होगी। इस प्रकार, परमेश्वर की शिक्षाओं का ईमानदारी से पालन करके व्यक्ति न केवल आध्यात्मिक पूर्णता प्राप्त कर सकता है, बल्कि अपार सांसारिक वैभव को भी प्राप्त कर सकता है; क्योंकि आध्यात्मिक जीवन और सांसारिक अस्तित्व में कोई अंतर्विरोध नहीं है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि धर्म का लक्ष्य मानव की पूर्णता है। यह व्यक्ति को अपनी मूल प्रकृति को समझने तथा संभावनाओं से परिपूर्ण अपनी नियति को प्राप्त करने में सहायता करता है।

## चेतना में निवेश

विचार-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**कुछ** भी करना है तो उसके लिए मानवीय ऊर्जा, समय व साधनों की कुछ मात्रा सर्मिपत करनी पड़ती है। इसलिए हमें चेतना में निवेश करना चाहिए। अब तक हम सिर्फ जीवित रहने के लिए प्रयास करते रहे हैं। लेकिन जब तकनीकें यथार्थ बन जाएंगीं, तब अपना अस्तित्व बनाए रखना कोई मुद्दा ही नहीं रहेगा।

जब अस्तित्व कोई मुद्दा ही नहीं होगा तो हम जरूर ही चेतना में निवेश करना शुरू करेंगे। लेकिन जितना जल्दी हम यह शुरू करेंगे, उतना ही उन नई संभावनाओं की ओर आगे बढ़ने पर समस्याएं कम होंगीं, जो तकनीकों द्वारा प्रदान की जाएंगी। क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तकनीक हमेशा दुधारी तलवार होती है-यह दोनों तरफ से काट सकती है।

आप किस तरफ इसका इस्तेमाल करेंगे यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन हैं? क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तो फिर हमें क्या करना चाहिए, जिससे मानव समाज में चेतना बड़े स्तर पर प्रकट हो? प्रत्येक पीढ़ी में अत्यंत जागरूक मनुष्य होते रहे हैं। लेकिन कुछ पीढ़ियों और कुछ समाज में उनकी बातें सुनी गई हैं, जबकि अन्य कुछ समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया, तो अब समय आ गया है।

मधुपुर से धनबाद की ये नयी रेलवे ट्रैक योजना सिर्फ रेलवे का ट्रैक नहीं विकास, रोजगार, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने वाली योजना है। इस उपहार के लिए प्रधानमंत्री जी, गृहमंत्री जी और रेल मंत्री जी का आभारी हूँ।

**– निशीकांत दूबे, सांसद**

### आपके ट्वीट

झारखण्ड खूबसूरत प्रदेश, यहां सभी का स्वागत है...

**–हेमंत सोरेन, सीएम**





विद्या के दान और शिक्षा का प्रकाश फैलाने से बड़ी समाज सेवा क्या हो सकती है। उत्तर प्रदेश और झारखंड में इस तरह के दो अनूठे प्रयास देशभर के लिए मिसाल बने हैं। मैं इस सराहनीय कार्य में जुटे युवाओं को हृदय से बधाई देता हूं। **–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# पुरानी पेंशन व्यवस्था को लेकर राजनीति कितना सही?

**नागेन्द्र सिंह**

पंजाब, छत्तीसगढ़, राजस्थान और झारखंड की तरह उन राज्यों में शामिल हो गया जिन्होंने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) को त्यागकर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की बात कही है। तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश के बारे में भी सूचना है कि वे भी ऐसा ही करने का विचार कर रहे हैं। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव लड़ रही कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने वादा किया है कि अगर वे सत्ता में आती हैं तो पुरानी पेंशन योजना को वापस लाएंगी। सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों द्वारा एक रैंक एक पेंशन (ओआरओपी) की मांग की तरह ही सरकारी कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन की वापसी की मांग कर रहे हैं। ये कर्मचारी एनपीएस की तुलना में स्पष्ट लाभ वाली पुरानी योजना को तरजीह दे रहे हैं। ओआरओपी के रूप में भाजपा ने एक अहम चुनावी वादा 2014 में सत्ता में आने के एक साल के भीतर लागू किया था, ठीक उसी तर्ज पर ओपीएस की वापसी दीर्घावधि में राज्यों के लिए स्थायित्व वाली साबित नहीं होगी। हकीकत में इसी वजह के चलते पश्चिम बंगाल को छोड़ देश के शेष राज्यों ने एनपीएस को अपना लिया था और 1 अप्रैल, 2004 के बाद सेवा में आने वाले कर्मचारियों के लिए उसे अनिवार्य कर दिया गया।

दोनों योजनाओं के कर लाभ हैं लेकिन ओपीएस में मुद्रास्फीति से संबद्ध महंगाई भत्ते की व्यवस्था है जो हर छह महीने पर दिया जाता है। सबसे अहम

सामयिक

अंतर यह है कि सरकार ओपीएस भुगतान की पूरी लागत वहन करती है जबकि एनपीएस के तहत कर्मचारी अपने वेतन और महंगाई भत्ते का 10 फीसदी हिस्सा योगदान के रूप में देता है जबकि सरकार 14 फीसदी योगदान करती है। इस राशि को पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत विभिन्न योजनाओं में निवेश किया जाता है।

इसके अलावा इस राशि को इक्विटी और डेट बाजार में भी निवेश किया जाता है। यह सब दिशानिदेर्शों के अनुरूप और कर्मचारी के चयन के मुताबिक किया जाता है। ऐसे में एनपीएस राज्यों के वित्तीय बोझ को काफी कम करती है। यह भी एक प्रमुख वजह है जिसके चलते संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने पिछली सरकार द्वारा पारित कानून को न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उसका प्रचार प्रसार भी किया। निःशुल्क उपहारों की तरह ओपीएस भी एक गैरजवाबदेह लोकलुभावन कदम होगा, वह भी ऐसे समय जबकि अधिकांश राज्यों का राजस्व दबाव में है। भारी कर्ज में डूबा हुआ पंजाब इसका अच्छा उदाहरण है। चालू वित्त वर्ष के लिए उसका अनुमानित पेंशन आवंटन राज्य के कुल कर राजस्व का करीब एक तिहाई है। अगर वेतन और ब्याज भुगतान को शामिल कर दिया जाए तो देनदारियां राज्य के कर राजस्व का करीब 46 फीसदी हो जाएंगी।

गुजरात की वित्तीय स्थिति पंजाब से बेहतर है लेकिन पेंशन और वेतन भत्ते उसके कर राजस्व का करीब 72 फीसदी हिस्सा ले जाते हैं। शायद पंजाब की खस्ता वित्तीय हालत के कारण ही पुरानी पेंशन योजना को अपनाने की घोषणा तो कर दी गई है लेकिन इसकी तारीख नहीं बताई गई है।यह भी संभव है कि कई अन्य राज्य जल्दी ही ओपीएस अपनाने की मांग शुरू करें। दरअसल नैशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम्स इसके लिए सक्रिय अभियान चला रहा है और उसने हर राज्य में अपनी शाखाएं बना रखी हैं। अंततः इसका बोझ देश के सीमित संख्या में मौजूद कर दाताओं को ही उठाना पड़ेगा। बिहार जैसे राज्य में पांच लाख से अधिक और देश में लगभग 50 लाख पेंशनधारी होने का अनुमान है जिन्हें पेंशन मिल रहा है। (लेखक दिशा संस्थान आजमगढ़ से जुड़ें हैं।)

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### साझे प्रयास हों

**जहरीली** शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकने में पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी शर्मनाक है। यह ठीक है कि शराब का कारोबार करने वाले तस्करों को पकड़ने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा छापामारी की जानी चाहिए, लेकिन आमजन को भी स्वयं जागरूक होने की जरूरत है। समाज और सरकार साझे प्रयास से ही इस कारोबार पर नकेल कस सकता है। **– रवि किशन, रांची**

### पर्यावरण की चिंता

**अंतरराष्ट्रीय** समुदाय ने 'लॉस ऐंड डैमेज' का सिद्धांत तब स्वीकार किया, जब छोटे द्वीपीय देश और सबसे कम विकसित देश पिछले तीन दशक से इसके लिए मांग करते आ रहे थे। मगर धन किसे मिलेगा और कौन देगा, इसकी योजना कॉप 27 ने कॉप 28 पर टाल दी है। यह टालू नीति दुनिया और विशेषकर भारत जैसे देश के लिये महंगा पड़ेगा।

**–शिवजी प्रसाद ,हजारीबाग**

# वैश्विक जलवायु के लिये कितनी गंभीरता आवश्यक

**मनोज शर्मा**

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संधि पर दो हफ्ते तक चले 27वें सम्मेलन (कॉप 27) का समापन हो चुका है। जैसी अपेक्षा थी, यह सम्मेलन कुछ ज्यादा लंबा चल गया और इसमें शामिल प्रतिनिधि रविवार की शाम को 'क्रियान्वयन योजना' पर राजी हुए। सम्मेलन मिस्र के खूबसूरत शहर शर्म अल शेख में हुआ और क्रियान्वयन योजना का नाम उसी पर यानी शर्म अल शेख क्रियान्वयन योजना रखा गया। लेकिन यह योजना जलवायु परिवर्तन विरोधी एजेंडे को उतना आगे नहीं बढ़ाती है, जितनी अपेक्षा इससे की जा रही थी। इसमें बड़ी और नई बात 'लॉस ऐंड डैमेज' है। इसमें इस सिद्धांत पर सहमति बनी कि जिन पर जलवायु परिवर्तन की सबसे अधिक मार पड़ी है, वे मदद के भी हकदार हैं।

सबसे पहली बात, भारत जलवायु परिवर्तन के सबसे बड़े शिकार देशों में है मगर यह मानने की अब कोई वजह नहीं है कि भारत को 'लॉस ऐंड डैमेज' के तहत मुआवजे का हकदार कहा जाएगा। भारत की अर्थव्यवस्था इतनी बड़ी है कि उसे इस जमात में रखा ही नहीं जा सकता। दूसरा, इस बात का पूरा डर है कि इस तरह के मुआवजे के बदले जलवायु या विकास के लिए मिलने वाला दूसरा धन कम कर दिया जाएगा, जिसका एक हिस्सा भारत को भी मिलता है। समझौते में कहा गया है कि वित्तीय सहायता की मौजूदा व्यवस्था का इस्तेमाल लॉस ऐंड डैमेज भुगतान के लिए किया जा सकता है और इससे भारत को मिलने वाला धन कम होने का डर है।

पर्यावरण

फिर अगर हस्ताक्षर हो जाते तो भारत को शर्म अल शेख संधि से क्या हासिल होता? इस संधि में जाते समय सरकार की एक प्राथमिकता अर्थव्यवस्थाओं, जीवन शैलियों और बुनियादी ढांचे को इस तरह बदलना थी, जिससे मनुष्य को जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव से बचाया जा सके। अनुकूलन या बदलाव क्या है और इसके लक्ष्य कैसे मापे जाएंगे, इसकी स्पष्ट परिभाषा गढ़ने के प्रयास किए गए। निजी वित्तीय सहायता का इस्तेमाल इसी अनुकूलन या बदलाव के लिए करना महत्त्वपूर्ण पहला कदम है, जो शायद बढ़ा दिया गया है। भारत की दूसरी बड़ी योजना यह थी कि कोयले का इस्तेमाल घटाने की पिछले जलवायु सम्मेलन की अपील के दायरे में तेल और गैस को भी लाया जाए ताकि कोयले का पहले जैसा इस्तेमाल जारी रहे।

पर्यवेक्षकों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की अध्यक्षता मिस्र को मिलने से तेल एवं गैस उत्पादकों को अपनी बात आगे रखने का भरपूर मौका मिल गया। इसका स्पष्ट कारण यह है कि मिस्र वित्तीय सहायता के लिए सऊदी अरब पर निर्भर है। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने इसी साल की शुरूआत में मिस्र सरकार को कुल 22 अरब डॉलर की सहायता देने का वायदा किया था।

अच्छी खबर यह है कि ठीक-ठाक संख्या में देश इस रुख पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए, जिनमें यूरोपीय संघ भी शामिल है। इसलिए भारत को अड़ंगा लगाने वाला देश नहीं माना गया। पिछले जलवायु सम्मेलन की तुलना में यह सुखद बदलाव है और इससे पता लगता है कि भारत का रुख और तरीका कितना नया तथा रचनात्मक है। (पत्रकारिता विभाग रांची विवि रांची)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## नेता जितेंद्र को मातृ शोक

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के भराजो पंचायत अंतर्गत अमनारी गांव में भाजपा नेता 20 सूत्री सदस्य जितेंद्र पासवान के 95 वर्षीय माता मो. पार्वती उर्फ पतवा का देहांत हो गया। जिससे श्री पासवान को मातृ शोक हुआ। मृतक अपने अपने पीछे बेटा बहु नाती पोता भरे परिवार को छोड़ चली गई। अग्नि संस्कार अमनारी गांव के ही श्मशान घाट में किया गया।

## बीईओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने गुरुवार को कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने सहित अन्य निर्देश दिए। वे सबसे पहले उत्क्रमित उच्च विद्यालय मारगमरचा पहुँचे। वहां उन्होंने गाइडलाईन के अनुसार बच्चों को एमडीएम भोजन उपलब्ध कराने को निर्देश दिया।

# डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करती उपायुक्त व अन्य

**हजारीबाग।** डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा, कल्याण, समाज कल्याण,स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार, आधारभूत संरचना आदि अन्यान्य विषय पर चर्चा कर ज़िला के खनन प्रभावित इलाकों में नागरिकों के सुविधाओं बढ़ाने के संदर्भ में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उपायुक्त ने कहा डीएमएफटी से चयनित योजनाओं की डुप्लीकेसी ना हो यह सुनिश्चित करें। डीएमएफटी में प्रस्ताव भेजने से पहले ग्राउंड लेवल पर स्कीम के सभी पक्षों सहित पूर्व के अधूरे कार्य एवं विभाग स्तर पर प्रस्तावित योजनाओं को ध्यान में रख कर सभी कार्यकारी एजेंसी एवं विभाग के अधिकारी आश्वस्त हो लें। इसके अलावा किसी भी सूरत में बिना टेंडर का काम शुरू नहीं हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। डीएमएफटी से पूर्व में स्वीकृत 20 मध्य विद्यालयों के अतिरिक्त आज संपन्न प्रबंधकीय समिति में आठ नए मिडिल स्कूलों के अलावा छोटानागपुर उच्च विद्यालय, बेडोकला एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शाहपुर के सुदृढीकरण की भी मंजूरी दी गई। कल्याण विभाग के तहत संचालित खिरगाव, केबी कॉलेज, सीझुआ, नवाबगंज, मटवारी, दौलत महतो बीएड कॉलेज सहित नौ बालक/ बालिका हॉस्टल के मरम्मत करने के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। कस्तूरबा गांधी एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा सहित हॉस्टल में छात्राओं के लिए बेंच, डेस्क, बेड इत्यादि की जरूरतों से संबंधित प्रस्ताव सूची भेजने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव के अनुरूप मेडिकल कॉलेज के बाहरी हिस्से में जलभराव से मुक्ति हेतु नाली निर्माण के कार्य की स्वीकृति दी गई। महिला एवं बाल कल्याण विभाग के मॉडल आंगनबाड़ी निर्माण से संबंधित कार्य की गुणवत्ता व समय पर कार्य पूरा करने के लिए निरंतर निगरानी सीडीपीओ से कराने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। कौशल विकास एवं स्वरोजगार के संदर्भ में चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत में हैंडलूम कलस्टर डेवलपमेंट के लिए समूह को आवश्यक संसाधन मुहैया कराने के लिए तत्काल निर्णय लेते हुए भवन का जीर्णोद्धार,पानी की व्यवस्था एवं कच्चा माल आपूर्ति करने हेतू स्वीकृत दी गई। बड़कागांव स्थानीय विशिष्ट उत्पाद गुड़ के उत्पादन एवं पैकेजिंग सेंटर के अधिष्ठापन हेतु जेएसएलपीएस के तैयार प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। ए कौशल विकास केंद्र संचालित करने के लिए खाली भवनों का सर्वे कर प्रस्ताव देने के लिए निर्देशित किया गया। समिति की बैठक में चुरचू प्रखंड में कोविड के दौरान बने कोविड वार्ड को रिनोवेट करते हुए ओपीडी एवं लेबर रूम बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

### एक नजर में

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एड्स दिवस के अवसर पर कराया



स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी मैती आईटीआई बड़कागांव में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया जिसके तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ रेड्डी के द्वारा सभी बच्चों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही डॉक्टर के. प्रधान चीफ मेडिकल ऑफिसर एनटीपीसी के द्वारा एचआईवी एड्स के बारे मे जानकारी दी गई एवं सभी को इसके प्रति जागरूक किए । इसमें उप महाप्रबंधक आर एंड आर एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना के बी सेनापति एवं एनटीपीसी आरएनआर के वरीय प्रबंधक देवराज आनंद उपस्थित थे। साथ ही संस्थान के अधीक्षक मिथलेश कुमार उपाध्याय एवं अनुदेशक प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, अमरेश कुमार विद्यार्थी, विकास चौरसिया, महेश नायक, तरुण कुमार रंजन, इरफान अंसारी, शाहिद अख्तर, संजीत मेहता, प्रदीप गुप्ता, उपेंद्र कुमार, श्रीनाथ श्री, सुनील सिंह, रवि प्रजापति आदि उपस्थित थें।

# श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सदर विधायक

## जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल का वितरण



मौके पर उपस्थित सदर विधायक व अन्य

खबर मन्त्र संवददाता

**दारू।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के दारू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू के पिता स्व. हरी नारायण महतो के श्रद्धांजलि सभा- सह- कुटुम्बभोज में उनके दारू प्रखंड के ग्राम तिलैया स्थित आवास पर सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित कई गण्यमान्य लोग पहुंचे और स्व. हरी नारायण महतो के तस्वीर पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

मौके पर बलदेव बाबू द्वारा क्षेत्र के करीब एक दर्जन जरूरतमंद लोगों को गायत्री परिवार का पट्टा ओढ़ाकर और कम्बल भेंटकर सम्मानित भी किया गया। जरूरतमंदों को कम्बल विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों के हाथों भेंट कराया गया। उक्त अवसर पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सामाजिक पिता के निधन पर पुत्र के द्वारा उनके सामाजिक सोच को आगे बढ़ाते हुए उनके श्राद्ध के अवसर पर जरूरतमंद पीड़ित लोगों की सेवा में आगे आना समाज के लिए प्रेरक पहल है। मौके पर विशेषरूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी, खपरियावां की पूर्व मुखिया सह भाजपा नेत्री मंजू मिश्रा, जिनगा की पूर्व मुखिया सह भाजपा नेत्री लक्ष्मी देवी, समाजसेवी रामकिशोर सावंत, दिलीप साव, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# टीबी उन्मूलन को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



टीबी उन्मूलन को लेकर डॉ प्रकाश ज्ञानी संबोधित करते

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में डॉ प्रकाश ज्ञानी की अध्यक्षता मे टीबी उन्मूलन को लेकर जनप्रतिनिधिओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया ।उन्होंने जनप्रतिनिधिओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार टीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। जागरूक करने को लेकर टीबी मरीजों को ढूंढ़ने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में समाज के सक्षम व्यक्ति को निक्षय मित्र बनाकर इस अभियान में योगदान करने की अपील की है। डॉ ज्ञानी ने बताया कि टीबी उन्मूलन में जनभागीदारी की यह योजना प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अपने समाज के कल्याण और उत्थान के लिए है। हम सभी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज की मदद करें। उनकी सहायता करें और अपने भारत को टीबी मुक्त बनाने के इस अभियान में हम-आप भी भागीदार बनें। निक्षय मित्र के जरिये टीबी मरीजों को पोषण उपलब्ध करवाने और निक्षय मित्र योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया मनोज कुमार, मंगलदेव यादव प्रखण्ड कर्मी दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## विश्व एड्स दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**इचाक।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि एचआईवी संक्रमण से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट कर शरीर को कमजोर करता है। इम्यूनिटी पावर कमजोर होने से वक्त के साथ लोगों में अन्य गंभीर प्रकार के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आगे चलकर एचआईवी संक्रमन एड्स का रूप ले लेता है। मौजूदा समय में वैश्विक आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 3.7 करोड़ से अधिक लोग एचआईवी एड्स की गंभीर समस्या के शिकार हैं। साल 2020 की एक रिपोर्ट के मुताबित एड्स के कारण सात लाख के करीब लोगों की मौत हो गई। एचआईवी एक लाइलाज संक्रमण है, जिसकी अब तक कोई दवाई या टीका नहीं बना। लेकिन विशेषज्ञों ने एचआईवी से बचाव के उपाय बताएं हैं, जिनका पालन कर एड्स के खतरे से बचा जा सकता है। एड्स और एचआईवी संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है।

हालांकि दवाओं के माध्यम से एचआईवी को नियंत्रित किया जा सकता है और इस संक्रमण के कारण होने वाली जटिलताओं को भी कम कर सकते हैं। एचआईवी की दवाओं को एंटी रेट्रो वाइरल थेरेपी (एआरटी) कहा जाता है। एचआईवी की गंभीरता को कम करने के लिए एआरटी शुरू में सेवन करने की डॉक्टर सलाह देते हैं।

## संथाल आदिवासियों ने चलाया जागरूकता अभियान

**चरही।** तापिन के रोहनियां टांड में संथाल आदिवासियों ने जल, जंगल, जमीन तथा वन अधिकार संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके मुख्य अतिथि हीरालाल मुर्मू और विशिष्ट अतिथि ऑल आदिवासी स्क्रेंबल स्टूडेंट्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद टुडू और केंद्रीय सचिव देवीराम टुडू मौजूद थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन समाजसेवी महालाल हेम्ब्रोम कर रहे थे। मुख़्य अतिथि ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल,जंगल, जमीन तथा वन बचाव के संबंध में अपनी बातों को विस्तार से रखा। वहीं केंद्रीय सचिव श्री टुडू ने कहा कि अंधविश्वास एवं बाल विवाह को रोकने हेतु लोगों को आगे आना होगा। तभी इन कुरीतियों को सफलता पूर्वक दूर किया जा सकता है। साथ ही यह भी कहा कि लोग अपने बच्चे-बच्चियों को बेहतर शिक्षा दिलाने का काम करें।साथ ही शराब को त्याग करते हुए अपने तथा परिवार में सुख शांति और खुशहाली आएगी। मौके पर संतोष हेम्ब्रोम,मनोज मांझी, पारो मांझी, सावन हेम्ब्रोम, छोटू मांझी, बिरबल मरांडी,रामा मांझी,प्रित मांझी,देवंती बस्के,चांदमुनी सोरेन,सरस्वती हेम्ब्रोम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### युवा उद्यमी एवं युवाओं के यूथ आइकॉन हर्ष अजमेरा को

# डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित, बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग।** विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग द्वारा हजारीबाग के एचजेडबी आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा को स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन और समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। डब्लूएचआरपीसी द्वारा उनके कार्य अनुभव और अब तक की उपलब्धियों के अनुसार डॉक्टरेट की मानद उपाधि का सम्मान देने के साथ ही उन्हें डब्लूएचआरपीसी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी मनोनित किया गया। विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है और यह यूनाइटेड नेशंस डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड सोशल अफेयर्स और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया से पंजीकृत हैं। हर्ष अजमेरा को यह डॉक्टरेट की मानद उपाधि आयोग के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक डॉ. अभिन्ना होटा, आयोग के सचिव ब्रियन मवाले सके, पार्लियामेंट्री चेयरमैन सह गोवा के मुख्यमंत्री, स्पीकर और सांसद रहे फ्रांसिस्को सारडीन्हा और आयोग के चेयरमैन डॉ.तपन कुमार रोटरे के द्वारा नवाजा गया है। मानद डॉक्टरेट उपाधि मिलने के बाद हर्ष अजमेरा ने विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग को इसके लिए धन्यवाद दिया और कहा की सामाजिक कार्य और सेवा के प्रति हम समर्पित भाव से पूरा जीवन कार्य करते रहेंगे।

# प्लस टू हाई स्कूल बरही ने भागीदारी कर कई मैडल हासिल किया

खबर मन्त्र संवाददाता



खेलो झारखंड में विद्यार्थियों के साथ मौजूद शिक्षक

**बरही।** खेलो झारखंड 2022 के तहत जिला स्तरीय खेल महोत्सव में प्लस टू हाई स्कूल बरही के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई खेलों में मैडल जीतकर बरही का नाम रोशन किया है। जिसमें 200 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में सुधांशु कुमार सिंह, ऊंची कूद में सलेहा खातून, 1500 मीटर दौड़ में रोहित कुमार ने सिल्वर मेडल एवं वॉलीबॉल टीम गर्ल्स ने सिल्वर मैडल जीता। वॉलीबॉल टीम में रजनी, रिया, अनामिका, केरकेट्टा, अंशु बाड़ा, सुशीला केरकेट्टा मैडल जीता। स्कूल के इस प्रदर्शन में खेल शिक्षा का स्वरूप श्रीवास्तव प्लस टू के शिक्षक दिलीप कुमार एवं राजेश कुमार का बहुमूल्य योगदान रहा। प्रभारी प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम ने बच्चो के बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दिया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम, शिक्षक योगेन्द्र सिंह, सुनील कुमार द्विवेदी, सुरेश विश्वकर्मा, रामचंद्र मंडल, प्रीति बाला, कुमारी बरखा, भारती रंजन, रामचंद्र मंडल, रामचंद्र गुप्ता,अनिल कुमार नीरज, खेमलाल महतो, पवन कुमार सिंह, संजय तिर्की, ममता रानी, विकास मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह ने छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# बीडीओ ने राजनीतिक दल के लोगों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बीडीओ के साथ बैठक करते राजनीतिक जनप्रतिनिधि

**बरही।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण के मद्देनजर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से शुरू होने वाले मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। बीडीओ ने फोटो मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन, दावा, आपत्ति, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, नया नाम जोड़ने की जानकारी दी। साथ ही अपने बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी अब्दुल मनान वारसी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कृष्णा कुमार, प्रखंड अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अमित साहू, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बरही सावना मांझी एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित हुए। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रवासी मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**विष्णुगढ़।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी क्रम में विष्णुगढ प्रखंड के मजदूर की पुणे में 14 मंजिले से गिरने से बुधवार शाम को युवक की मौत हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चानो निवासी नेमा रविदास के 20 वर्षीय पुत्र श्याम रविदास की पुणे में काम के दौरान बिल्डिंग से गिरकर मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सकते में है तो वहीं गांव वाले भी शोक में हैं। बिल्डिंग से गिरने के कारणों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। वह रोजी रोटी की तलाश में पुणे गया था। जहां वह टाइल्स मित्री के रूप में कार्यरत था।वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने घटना को दुःखद बताते हुए गहरी संवेदना प्रकट की है और कहा है कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने कंपनी से मृतक के घरवालों को उचित मुआवजा मुहैया कराने की मांग की है।उन्होंने कहा कि मजदूरों के कार्यस्थल पर मौत हो जाने की यह कोई पहली घटना नहीं है। झारखंड के नौजवानों को रोजी-रोटी कमाने के लिए देश-विदेश जाना पड़ता है, जहाँ पर आये दिन उन्हें तरह-तरह की परेशानियों को झेलना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की हैं कि इन मजदूरों की हितों की सुरक्षा का उपाय किया जाय। साथ ही साथ लगातार हो रहे मजदूरो का पलायन रोकने का भी उपाय किया जाय।

## क्लस्टर लेवल-3 खोखो टूनार्मेंट आज से

## तीन दिवसीय सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता

**रजरप्पा।** डीएवी रजरप्पा में तीन दिवसीय सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता, क्लस्टर लेवल-3 खो खो टूनामेंट 2022 का आयोजन 02 दिसंबर से 04 दिसंबर तक किया गया है। उदघाटन समारोह समय सुबह 10 बजे से शुरू होंगी. इस खेल प्रतियोगिता में बिहार एवं झारखंड राज्य से अलगझअलग 65 विद्यालयों से लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएन यादव (महाप्रबंधक) सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. उर्मिला सिंह (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) प्राचार्य मौजूद होगें।

### भदानीनगर के आईजी मैदान में फुटबॉल लीग मैच का हुआ फाइनल

# हार और जीत खेल का पहूल : दुर्गा शंकर मंडल

### बालक वर्ग में लपंगा व बालिका में सुगिया की टीम बनी चैम्पियन

खबर मन्त्र संवाददाता



मुख्य अतिथि भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल के साथ खिलाड़ी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे लीग मैच का गुरूवार को भदानीनगर के आईएगी फुटबल मैदान में बालक-बालिका का फाइनल मैच खेला गया। इसमें बालक वर्ग में राइजिंग एफसी लपंगा ने हेसाबेड़ा कुजू की टीम को 4-3 से व बालिका वर्ग में सुगिया गर्ल्स एफसी की टीम ने सांडी गर्ल्स एफसी को 6-5 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इससे पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल, डीएसओ रूपरानी तिर्की, रामगढ़ जिला फुटबल संघ के सचिव मुस्तफा आजाद, मो. कमरूदीन, अनूप ठाकुर, आजाद अंसारी आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर किया। मौके पर विजेता व उपविजेता टीम को विनर व रनर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत करते हुए ओपी प्रभारी ने कहा कि आज हारने वाला ही कल जीतता है। खेल में हार से निराश नहीं होना चाहिए। हार और जीत खेल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी कैरियर बनाया जा सकता है। टुर्नामेंट को सफल बनाने में जबीर अंसारी, बलदेव बेदिया, कमलेश बेदिया, सूरज बेदिया, गौतम बेदिया, दिलीप बेदिया, राज करमाली, हरीश बेदिया, अमित बेदिया, हासिम अंसारी, राहुल, गजु बेदिया, प्रीतम बेदिया का विशेष योगदान रहा। वहीं रेफरी की भूमिका जतरू बेसरा, बीएन राय, कार्तिक, जितेंद्र बेदिया ने निभाई।

## प्रकाश करमाली को केंद्रीय प्रवक्ता मनोनीत पर बधाई

**रजरप्पा।** लोहरा करमाली समाज समन्वय समिति की रांची में हुई केंद्रीय बैठक में रामगढ़ कैथा निवासी प्रकाश करमाली को केंद्रीय प्रवक्ता मनोनीत करने पर समाज के पदाधिकारियों तथा जिला वासियों ने खुशी जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगदीश लोहरा को बधाई दी है। प्रकाश को प्रवक्ता मनोनीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि प्रकाश जी के मार्गदर्शन में लोहरा करमाली समाज समन्वय समिति को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि इनके मनोनयन से समिति को मजबूती मिलेगी। वही प्रकाश ने बताया कि समिति के प्रदेशाध्यक्ष ने जिस विश्वास एवं अपेक्षाओं के साथ उन्हें जो पद सौंपा है, उसे वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे। बधाई देने वालों में गौतम करमाली, आनंद सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## झरपो बुधबाजार से पेटो नदी तक सड़क निर्माण का रास्ता हुआ साफ

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र झरपो पंचायत के समाज सेवी सह भाजपा सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने वाट्सएप के माध्यम से जानकारी दिया कि झरपो बुध बाजार से पेटो नदी तक सड़क निर्माण को लेकर 5 दिसम्बर दिन सोमवार को माननीय सांसद महोदया श्रीमति अन्नपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा सड़क का शिलान्यास किया जाएगा । वही सांसद प्रतिनिधि श्री प्रसाद ने कहा कि इस सड़क निर्माण से झरपो,भराजो ,खैरा पंचायत समेत अन्य आस पास के क्षेत्रों में लोगो को अब हजारीबाग आवागमन के लिए ज्यादा दूरी तथा कीचड़ से सना रास्ते मे चलना नही पड़ेगा। जन जन से लेकर अधिकारी गणों तक झरपो से पेटो नदी के रास्ते को अवलोकन करवा खबर प्रकाशित करने वाले टाटीझरिया प्रखण्ड के क्षेत्रीय पत्रकारों को इस कार्य को लेकर उन्होंने धन्यवाद दिया।

## स्पीड न्यूज

### डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण



कैरो डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण गुरुवार को डीईओ सुनंदा दास ने किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश कुमार शास्त्री के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय के विभिन्न पंजियों की जांच करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने कहा शिक्षक अपने कार्य व दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीईओ ने बताया लोहरदगा जिले के कई विद्यालयों द्वारा ई-विद्या वाहिनी पर स्टेटस नहीं डाला जा रहा है। वैसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को नियमित रूप से स्टेटस डालने की बात कही। वहीं शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे ससमय विद्यालय पहुंचे।

### हिंडाल्को का जागरुकता कार्यक्रम



लोहरदगा।सीएसआर कार्यक्रम के तहत हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा के तत्वावधान में सीएसआर विभाग द्वारा खनन क्षेत्र जिनमें पाखर, बगड़ू, बिमरला, सेरेंगदाग एवं लोहरदगा, टोरी व रिचुघुटा आदि में विश्व एड्स दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत बगड़ू में भास्कर सिन्हा, सेरेंगदाग में रामावतार पासवान, लोहरदगा, टोरी व रिचुघुता साइडिंग में अनन्या डे, बिमरला में अभय भारती, पाखर में खुदिया कुमार, मुन्ना भगत की अगुवाई में संपन्न किया गया।

### शास्त्री हाई स्कूल में गुरू गोष्ठी



भंडरा । प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री +2 हाई स्कूल भंडरा में गुरुवार को गुरू गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुगोष्टी की अध्यक्षता बीईईओ जर नाथ महतो ने किया । कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भाग लिया था। गुरू गोष्ठी में शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों का सीधा संवाद हुआ। विद्यालय स्तर पर उत्पन्न समस्या को भी शिक्षकों ने पटल पर रखा। स्कूल मे नामांकित छात्रों की उपस्थिति, एमडीएम के तहत बच्चों को मिलने वाली भोजन, शत प्रतिशत छात्रों का बैंक खाता नही रहने सहित कई अन्य मामले की समीक्षा किया गया। कहा कि प्रखंड के स्कूलों में बच्चों की संख्या 22 हजार है। इसमे बहुत से छात्रों का बैंक खाता है। शेष छात्र बैंक खाता से वंचित है। बैंक शाखा में छात्रों का खाता खोलने कोताही बरती जाती है। इस बात पर बीईईओ ने कहा कि छात्रों का बैंक खाता खोलवाने हो रही परेशानी की बात बीडीओ के पास रखा जाएगा। ताकि बच्चों का बैंक खाता खोलवाने मे सहुलियत हो सके।

### समरेश सिंह के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

लोहरदगा। बोकारो के पूर्व विधायक और राज्य के पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रहे समरेश सिंह का निधन पर जिला भाजपा ने गहरा शोक व्यक्त किया है।साथ ही कहा है की झारखंड की राजनिति व बड़े आंदोलनकारी के रूप में अपूरणीय क्षति हुई है। इन्होंने राजनीति में स्वयं जनप्रतिनिधि होने के साथ लोगों को भी बनाया । इस दु:खद घड़ी में पूण्य आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को दुख सहने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो,मदनमोहन पाठक, राजमोहन राम, देवाशीष कार, ,अजय पंकज,तरूण देवघरिया,जिआउल अशर्फी, सूरज दसौंधी, विवेक चौहान,,पशुपति नाथ पारस, मिथुन कुमार तमेड़ा,भीखराम भगत, अमित लोहरा, संजय बर्मन,बाल्मीकि कुमार,लाल अविनाश शाहदेव आदि शामिल है।

### राशन दुकानदारों ने दिया धरना



लोहरदगा। समाहरणालय के समक्ष कई मांगों को लेकर गुरुवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसियेशन द्वारा धरना दिया गया। कहा कि आये दिन खाद्यान वितरण में दुकानदारों को ईपोस मशीन के समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है । मशीन का उम्र लगभग 7 साल होने जा रहा है जिसके कारण मशीन अपना काम सही ढंग से नहीं कर पाता है।साथ ही आये दिन नेट फेल बिजली फेल सरवर डाउन हो जाना दिनचर्या बन गया है जिसके कारण उपभोक्ता और दुकानदारों के बीच कटुता बढ़ते जा रहा है। धरना के माध्यम से सरकार से ई-पोस मशीन को बदल कर नया देने,एन.आई.सी. से बराबर सर्वर को ठीक रखने,केन्द्र सरकार द्वारा ई-पोस मशीन संचालन का भतता 17 रू० प्रति क्विंटल और 21 रुपये प्रति क्विंटन का भुगतान 2016 से आज तक भुगतान सुनिश्चित करने, विगत मार्च 2022 से आज तक पी.एम.जी. के.वाई का कमीशन का भुगतान ,दुकानदारों द्वारा खाली जूट बोरा का दाम का भुगतान करने तथा प्रशासन द्वारा समय समय पर तुगलकी फरमान जारी किये जाने पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन तेज करते हुए काम ठप्पा करने की बात कही गई।मौके पर जिले भर के राशन दुकानदार मौजूद थे।

### डालसा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

लोहरदगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने गुरुवार को सिविल कोर्ट प्रांगण में लीगल सर्विसेज क्लीनिक, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के द्वारा 'संविधान की महत्ता' को रेखांकित करते हुए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही विश्व एड्स दिवस को लेकर सदर अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने उपस्थित नागरिकों, अधिवक्ताओं न्यायिक कर्मियों एवं उपस्थित पदाधिकारियों को आज स्वास्थ्य की जांच शिविर से लाभ उठाने की अपील की ।

# शिक्षकों की कमी से पढ़ाई का हाल बेहाल

**नव प्राथमिक विद्यालय तिलवारी में मात्र एक शिक्षक**

**एक ही कक्षा में बैठकर एक से पांच तक के बच्चे करते हैं पढ़ाई, भवन कभी भी हो सकता है धाराशायी**

अंकित कुमार पासवान



चैनपुर के तिलवारी गांव में स्कूल के बाहर बैठकर पढ़ाई करते बच्चे।



जर्जर स्कूल का भवन।

**चैनपुर।** जिले में प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था की कमर टूटते जा रही है। देश के नौनिहालों को ऐसी शिक्षा दी जा रही है कि वे अक्षर ज्ञान भी समझ नहीं पा रहे हैं। ऐसे बच्चों के ग्रोथ के लिए उपायुक्त गुमला के द्वारा पढ़े हम बढ़ हम कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। परंतु जिले में कई ऐसे विद्यालय हैं जहां शिक्षकों की घोर कमी है और पारा टीचर के सहारे विद्यालय संचालित हो रहा है।

ऐसा ही एक मामला चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत अंतर्गत पहाड़ों में बसा तिलवारी पाठ गांव के नव प्राथमिक विद्यालय का है। जहां तिलवारी पाठ व उमाकोना पाठ के आदिम जनजाति परिवार के लगभग 30 बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। 30 बच्चों का भविष्य एक पारा शिक्षक डहरू असुर संवारने में जुटे हैं। मगर एक शिक्षक रहने के कारण कई दिन विद्यालय के काम से उन्हें यहां वहां आना जाना पड़ता है। जिस दिन शिक्षक नहीं रहते हैं उस दिन विद्यालय बंद हो जाता है। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। विद्यालय में कक्षा एक से लेकर 5 कक्षा की पढ़ाई होती है। एक ही कक्षा में बैठकर एक से पांच तक के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों को कैसी शिक्षा प्रदान की जा रही है। आदिम जनजाति परिवार के उत्थान व शिक्षा के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है लेकिन इन योजनाओं का धरातलीय स्थिति कुछ और ही बयां करती है।

सरकार विलुप्त प्रायः आदिमजनजाति के उत्थान में जुटी है तो उनके बच्चे अच्छी शिक्षा से महरूम हो रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर विद्यालय का भवन भी काफी जर्जर है जान जोखिम में डालकर बच्चे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर है। विद्यालय के छत्त का सारा सरिया बाहर निकल गया है। कुछ तो छत्त से लटक रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कभी भी विद्यालय धाराशायी हो सकता है। जिसके कारण बच्चों की उपस्थिति में भी कमी आयी है। वहीं स्कूली में पेयजल की भी समस्या है। रसोईया एतवारी देवी ने बताया कि एक किलोमीटर दूर जल मीनार से पानी लाकर मीड-डे-मील बनाया जाता है। जल मीनार खराब होने के कारण स्कूली बच्चों को चुंआ का पानी पीना पड़ता है। स्कूली बच्चों के लिए बना शौचालय भी पूरी तरह जर्जर है जिसके कारण कोई भी स्कूली छात्र छात्राएं शौच के लिए शौचालय का उपयोग नहीं कर पाते हैं। सरिता कोरबा, राजेंद्र कोरबा सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि हमारे बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही हैं।

गांव के स्कूल में एकमात्र पारा शिक्षक है। जिन्हें आए दिन विद्यालय के काम से ही यहां वहां आना जाना पड़ता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे है। सुविधा के अभाव के कारण हम अपने बच्चों को दूसरी जगह भी पढ़ने के लिए नहीं भेज पाते हैं। यही कारण है कि आज विलुप्तप्राय आदिम जनजाति के बच्चे अशिक्षित ही रह जाते है।

# गुमला में कैदियों के लिए बनेगा ओपेन जिम : डीसी

**खुलेगा लाईब्रेरी, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेगा पुस्तक**

**अवैध रूप से बालू व पत्थर की बिक्री करने वालों पर नजर रखने व वैध अनुज्ञप्ति धारियों के कागजात की जांच करने का भी दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल डीसी, एसपी, एसडीओ व अन्य

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुवार को जिला खनन टास्क फोर्स, विधि-व्यवस्था, उत्पादन, कारा, परिवहन, मानव तस्करी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में कारा प्रबंधन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कैदियों के लिए लाइब्रेरी निर्माण करना, ओपन जिम का निर्माण, उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं आवश्यक उपचार आदि का निर्देश दिया गया। कारागृह के बाहरी क्षेत्र में डीप बोरिंग करवाते हुए टंकी से कनेक्शन करवाने का निर्देश दिया। कारागृह के अंदर फूल पौधे लगाने , मेटल लाइट तथा हाई मास्ट सोलर लाइट लगाने आदि का निर्देश उन्होंने दिया।

उपायुक्त ने कारागृह में आरसेटी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण से कैदियों द्वारा बनाए गए पेपर फोल्डर, फाइल, लिफाफे आदि का इस्तेमाल सभी सरकारी दफ्तरों में करने हेतु आदेश जारी करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही कारागृह में कैदियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु किताबे उपलब्ध कराने की बात कही। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू एवं पत्थर की बिक्री करने वालों पर कड़ी नजर रखते हुए उनपर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने वैध विक्रेताओं की सूची की मांग करते हुए उनकी अनुज्ञाप्तियों को जांच करने हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। जिन चौक चौराहों पर अधिक अवैध माइनिंग की शंका है वैसे स्थानों को चिन्हित करते हुए जांच बढ़ाने की बात कही। इसके अलावा जंगल से अवैध लकड़ियों की तस्करी पर भी कड़ी नजर रखने की बात कही। साथ ही सभी चिन्हित चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु प्रस्ताव देने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने परिवहन पदाधिकारी से पुराने तथा पकड़े गए गाड़ियों की नीलामी करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया । इसके अलावा पॉल्यूशन कंट्रोल से पॉल्यूशन जांच नियमित रूप से करने की बात कही। उपायुक्त ने गाय तस्करी की रोकथाम करने हेतु विशेष टीम का गठन करते हुए इसपर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम वकारिव, अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन , जिला खनन पदाधिकारी, डीएसपी, सिटी मैनेजर, एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट गुमला, जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

### गुमला : ऑटो पलटने से आधा दर्जन घायल

**गुमला।** चंदाली पुलिस लाइन के समीप ऑटो पलटने से 6 लोग घायल हो गये। घायलों में डीएसपी रोड निवासी एलिना इंदवार, सिसई रोड करमडीपा निवासी रोजनीला तिर्की को गंभीर चोट लगी है जबकि अन्य को हल्की चोट पहुंची है। जानकारी के अनुसार एक ऑटो में सवार होकर सभी लोहरदगा रोड स्थित नदी टोली जा रहे थे। इसी दौरान सड़क के नीचे उतरते ही ऑटो पलट गई। जिसे उसमें सवार लोग घायल हो गये। घायल रोजनीला ने बताया कि ऑटो चालक नशे में था जिसके कारण घटना घटी।

**दो बाईकों की भिडंत में तीन लोग घायल :** जशपुर रोड में दो बाईकों की भिडंत में गुरूवार को तीन लोग घायल हो गये। जबकि घटना में मां और बच्चा बाल-बल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार करमटोली निवासी 41 वर्षीय अजय भगत व धनेश्वर प्रसाद गुमला कचहरी परिसर से बाईक से लक्ष्मण गैरेज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जशपुर से अपनी पत्नी रीना देवी, बच्चा निशांत खलखो के साथ बाईक से आ रहे 35 वर्षीय अनिल खलखो की भिडंत दूसरे बाईक से हो गई। जिसे गिरकर अजय भगत, धनेश्वर प्रसाद व अनिल खलखो घायल हो गये। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पोक्सो एक्ट में दो को 20 साल की सजा

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय में बुधवार को एडीजी 1 अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत में पोक्सो एक्ट के दो अलग-अलग आरोपियों को सजा सुनाते हुए जुर्माना भी लगाया है। पहला मामला महिला थाने में 10 /2019 को दर्ज कराया गया था जिसका कांड संख्या 112/ 2019 है।

मामले में गौस नगर निवासी रहमान अंसारी को दोषी ठहराते हुए कोर्ट ने 20 साल की सजा और 20,000 रुपया जुमार्ना लगाया है। वहीं दूसरा मामला सदर थाने में कांड संख्या 43/ 21 के तहत दर्ज कराया गया था। मामले में सदर थाना क्षेत्र के अरकोसा निवासी सुनील भगत को मामले का दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा व 25,000 रुपया जुर्माना लगाया गया है।

## आइजी पंकज कंबोज ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** रांची जोन के आईजी पंकज कंबोज गुरुवार को लोहरदगा एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया है।साथ ही अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की ।

आईजी पंकज कंबोज ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कई दिशा निर्देश दिए। बंद कमरे में हुई बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई है। उग्रवादियों के खिलाफ ऑपरेशन डबल बुल की सफलता पर भी चर्चा करते हुए उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण को लेकर जिले में चलाए जा रहे अभियान की जानकारी ली। आईजी ने पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निपटारा करने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर एसपी आर रामकुमार,एसडीपीओ बीएन सिंह,डीएसपी परमेश्वर प्रसाद,सार्जेंट मेजर के अलावे अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### केंद्र की गलत नीतियों से महंगाई चरम पर: बंधु तिर्की

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष रोशन वरवा की अध्यक्षता में परिसदन गुमला में हुई। जिसमें 5 दिसंबर को गुमला मुख्यालय में होने वाले भारत जोड़ो पद यात्रा को सफल बनाने पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि सूबे के पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीति के वजह से बेरोजगारी व महंगाई चरम पर है। बैठक में रोशन वरवा,रमेश कुमार चीनी ,मानिक चंद साहू ,राजनील तिग्गा,चुमनु उरांव चेतू उरांव,आशिक अंसारी ,अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, फिरोज आलम ,अमृता भगत ,आजाद अंसारी ,रामनिवास प्रसाद ,निशांत दुबे ,अरुण गुप्ता ,शाहजहां अंसारी,मोहम्मद खालिद शाह ,मोहम्मद फिरोज आलम ,कृष्णा लोहरा ,मोहम्मद गुलाम सरवर, इस्माइल कुजूर, कादिर अली ,रजब अंसारी ,आशीष नाथ शाहदेव, `नीलेश उरांव के साथ-साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शत्यचंडी महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**श्रीमद् भागवत कथा एक दूसरे से करना सिखाता है प्रेम : असिता**



घाघरा। घाघरा प्रखंड के सेहल गांव स्थित बजार डांड में आयोजित नव कुण्डीय शत्यचंडी महायज्ञ में परिक्रमा करने के लिए रोजाना लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रीमद् भागवत कथा पर प्रवचन देते हुए वृंदावन से आई कथावाचक बाल किशोरी असिता ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक दूसरे से प्रेम करना सीख लाता है। हम ईश्वर की भक्ति में ऐसे लीन हो जाए जैसे सुदामा ने भगवान श्रीकृष्ण से किया था। भगवान ऊंच-नीच गरीबी नहीं देखते है। ईश्वर बस प्रेम के भूखे आज भी सुदामा व भगवान श्री कृष्ण के प्रेम की मिसाल दी जाती है। वहीं किशोरी असिता जी के कार्यक्रम में लोग झूमते नाचते नजर आ रहे है। वहीं यज्ञ के प्रमुख आचार्य कल्याण बाबा ने गुरुवार को कहा की यज्ञ मंडप की 108 परिक्रमा करने से मनचाहा फल प्राप्त होता है। इसी को लेकर रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर भक्ति में लीन हो गए है। वहीं बनारस व चित्रकूट से आए ब्राह्मण अमित शास्त्री, आशीष बैध, अजय शास्त्री, विकास पाठक, आलोक शास्त्री ,दीपक मिश्रा, धुर्वेश शास्त्री, हरिओम शास्त्री, राम लखन शास्त्री, दिनेश पाठक, रामाधार के द्वारा वैदिक मंत्रोचार से पूरा गांव भक्ति मय हो गया है। साथ ही क्षेत्र की सुख शांति में वृद्धि के लिए विशेष अनुष्ठान भी किए जा रहे है। यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने बताया कि यज्ञ समिति के द्वारा रोजाना प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे है। मौके पर मुख्य रूप से योग समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साय, अरविंद पाठक रामू बढ़ाईक, मनोहर प्रजापति ,गणपत महतो ,सुनील कुमार पाठक, विवेक मिश्रा ,अरुण कुमार पांडे ,आशुतोष जायसवाल, राजेश भगत, बीनू गोप ,रमेश जयसवाल रामजीत प्रजापति, हिमांशु पाठक, रामपति देवी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### रसोईया-संयोजिकाओं का अनशन हुआ खत्म

गुमला। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका संघ का पांच सूत्री मांग को लेकर जारी अनशन जिला शिक्षा अधीक्षक से मिले अश्वासन के बाद समाप्त हो गई है। अनशन पर बैठी रसोईया-संयोजिका संघ के सदस्यों को जूस पिलाकर डीएसई ने अनशन समाप्त कराया। डीएसई ने अश्वासन दिया है कि मांगों को धीरे-धीरे समाधान किया जाएगा। फिलहाल कुछ मांगों को पूरा किया गया है। 60 वर्ष के उम्र वाले रसोईया-संयोजिका को फिलहाल नहीं हटाया जाएगा जब तक नियामवली न बन जाए। धरना में जिलाध्यक्ष देवकी देवी, मंजरी देवी, विनायकी देवी, शोभा देवी, स्वाति टोप्पो, सरिता उराईन, सुमित्रा , आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### गड्ढे में गिरा बाईक, दो दोस्तों की मौत



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नगड़ी ढलान के समीप सड़क दुर्घटना में सर्कस देखकर बाईक से लौट रहे दो दोस्त की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विक्की सिंह चेगरी ग्राम निवासी दोस्त अजियातु निवासी अरविंद मुंडा के साथ बुधवार की शाम सर्कस देखने आया था। सर्कस देखने के बाद विक्की सिंह मोटरसाइकिल पर अपने दोस्त अरविंद मुंडा को छोड़ने अजियातु जा रहा था। इसी क्रम में नगड़ी ढालान के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया और सड़क किनारे गड्ढे में दोनों युवक मोटरसाईकल के साथ जा गिरे। जिससे दोनों की मौत हो गई। गड्ढे में दोनों के गिरे होने की जानकारी रास्ता में आने जाने वालों को पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह 10:00 बजे ग्रामीणों द्वारा खेत खलियान जाने के क्रम में देखा गया कि दो युवक का शव और मोटरसाइकिल पड़ा हुआ है। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच दोनों युवक का शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### चैनपुर थाना प्रभारी ने गरीबों को दिया कंबल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम ,जनावल, छिछवानी एवं बामदा पंचायत के विभिन्न गांवो के 25 बुजुर्ग असहाय एवं गरीब महिलाओं के थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कंबल का वितरण किया। बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए बुजुर्ग महिलाओं को जीवन रक्षा हेतु कंबल प्रदान किया गया। वहीं इस ठंड के मौसम में कंबल पाकर महिलाएं भी काफी खुश नजर आयी। इस सराहनीय कार्य के लिए महिलाओं ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि चैनपुर प्रखण्ड में बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए वैसे लोग जिन्हे मदद की जरूरत है उन्हे ठंड से बचने के लिए कंबल प्रदान किया जा रहा है और आगे भी चैनपुर थाना गरीब असहाओ के लिए उनकी सेवा में आगे रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से एसआई दिवाकर मिश्रा, रंजन झा, प्रियंका तिर्की सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### झामस का विरोध मार्च तीन दिसंबर को

**गुमला।** झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा (झामस) जिला इकाई गुमला के द्वारा 3 दिसंबर को धनबाद के बाघमारा में सीआईएसफ के गोली से हुए कोयला मजदूरों की मौत के विरोध में विरोध मार्च निकाला जाएगा। साथ ही जिले में राशन की लूट, कालाबाजारी और कटौती, नियमित बिजली मासिक बिल नहीं आने, मनरेगा सहित विकास की योजनाओं में लूट व भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी भाकपा माले गुमला के सचिव गजेन्द्र सिंह ने दी है।

### एड्स दिवस पर छात्रों ने बनाया मानव श्रृंखला



**गुमला।** पॉलीटेक्निक कॉलेज गुमला के विद्यार्थियों के द्वारा गुरूवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विशाल मानव श्रृंखला बनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज को एड्स एवं उसके बचाव के प्रति जागरूक करना था। संस्थान के सभी छात्र, कर्मचारी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी को एड्स एवं इसके बचाव से संबंधित जानकारी दी गई । संस्थान के प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू ने इस अवसर बताया कि एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम (एड्स) साइलेंट किलर बीमारी है। जिसका पता प्रारंभिक चरण में चलने पर उपचार संभव है। यह रोगी के प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है। गुमला पॉलिटेक्निक के जागरुक छात्र-छात्रावों के द्वारा आयोजित इस जागरुकता कार्यक्रम में उन्होंने इस जानलेवा बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंकने की जरुरत पर बल दिया। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने तख्तियों पर उद्देश्यपरक स्लोगन एवं चित्रकारी बना कर मानव श्रृंखला बनायी जो कई कोलोमीटर लम्बी थी। उन तख्तियों पर एक से बढ़ कर एक जागरूकता एवं बचाओ संबंधी सुझाव अंकित थे। मानव श्रृंखला में संस्थान में पढने वाले डिप्लोमा सिविल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, मैकेनिकल, माइनिंग एवं के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### समाजसेवी शकुंतला ने की अलाव की व्यवस्था



**गुमला।** बढ़ते ठंड को देखते हुए समाजसेवी शकुन्तला उराँव ने शहर के थाना चौंक ,टावर चौंक व पटेल चौंक पर अलाव की व्यवस्था करायी है। शकुन्तला उराँव ने नगर परिषद से शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था करने और सभी गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करने की मांग की। शकुंतला उरांव ने कहा कि दिन प्रतिदिन गुमला शहर में पारा गिरता जा रहा है और ठंड का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में राहगीरों व सड़क पर घूमने वाले मानसिक रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए उनके द्वारा शहर के तीन स्थानों पर फिलहाल अलाव की व्यवस्था की गई है।

### सुखा राहत के लिए जल्द करायें केवाईसी

**गुमला।** जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने जिले के सभी किसानों से सुखा राहत का लाभ लेने के लिए शीघ्र आवेदन करने की अपील की है। किसान अपने निकटम प्रज्ञा केंद्र में आवेदन कर सकते है। वैसे किसान जो पूर्व में आवेदन किये है वे अपना केवाईसी करा लें। ग्रामीण क्षेत्र में अक्सर यह सुनने को मिलता है कि लोग लाभ से वंचित है। चुकी उनके पास जानकारी का अभाव होता है। गौरतलब है कि बारिश नहीं होने के कारण इस साल खेती नहीं हो पाई है। जिससे किसान परेशान है और ग्रामीण क्षेत्र में पलायन की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला में 12 प्रखंड में बसिया को छोड़कर सभी 11 ब्लॉक को राज्यसरकार ने सूखा घोषित किया है और सूखा से प्रभावित किसानों को राज्य सरकार 3500 रुपये मुआवजा देगी। उन्होंने सभी किसानों से जरूरी कागजात बैंक पासबुक, आधार कार्ड और जमीन रसीद लेकर आवेदन करने की अपील करते हुए लाभ लेने की बात कही।

### दर्जनों किसानों का नहीं हुआ केवाईसी



**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सिलम पंचायत के दर्जनों किसान सुखा राहत योजना का लाभ लेने के लिए केवाईसी कराने प्रज्ञा केंद्र पहुंचे लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण दर्जनों किसानों का केवाईसी नहीं हो पाया। कई महिला किसान अपने छोटे बच्चे को लेकर कड़ाके की ठंड में भी 12 बजे रात तक इंतजार किया पर उनका केवाईसी नहीं हो पाया। अंत में मायूस होकर अपना अपना घर लौट गए और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक को इस बात की जानकारी दी। नायक ने कहाकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन किसानों को हर बार बेवकूफ बनाने रहे हैं। सबसे पहले तो किसानों के लोन माफ कर देने की बात करके बेवकूफ बनाया। कोई किसान का लोन माफ नहीं हुआ। नायक ने सरकार से केवाईसी हेतु समय बढ़ाने की मांग की है ताकि अधिक से अधिक किसान इस योजना का लाभ ले सकें। मौके पर हरखमन बड़ाईक, मंजू देवी,चारी देवी,दुगिया देवी,मुकेश लोहरा, सुकरा लोहरा,सुरजन लोहरा,बाराती देवी, जीतू नायक,हिरजू लोहरा सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### गढ़वा में गिट्टी लदा हाईवा जब्त



गढ़वा। अंचलाधिकारी निधि रजवार ने बुधवार रात बिना चालान गिट्टी लदे हाईवा को जप्त कर विशुनपुरा थाना को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि गिट्टी लदा हाईवा श्री बंशीधर नगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान कमता गांव में चेकिंग अभियान के दौरान बिना चालान पाए जाने पर उक्त हाइवा को जप्त कर थाना को सुपुर्द कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन को भेज दिया गया। अवैध उत्खनन के खिलाफ अंचलाधिकारी के द्वारा लगातार किए जा रहे कार्रवाई से अवैध धंधेबाजो में हड़कंप है।

### देसी शराब को लेकर छापामारी



कांडी। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर गांव में अवैध देशी शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें डेढ़ क्विंटल जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया। प्रभारी थाना प्रभारी एसआई स्वामी रंजन ओझा के नेतृत्व में चलाए गये छापेमारी अभियान में नारायणपुर गांव के श्याम लाल पासवान के घर से करीब एक क्विंटल व मुखदेव चैधरी के घर से करीब साठ किलो जावा महुआ बरामद किया गया। बरामद महुआ को वहीं पर नष्ट कर दिया गया। छापामारी अभियान में कई जवान शामिल थे।

### महिला ने की आत्महत्या



भवनाथपुर। भवनाथपुर बस्ती के अमवा टोला निवासी अजीत पासवान की 29 वर्षीया पत्नी सुष्मिता देवी ने पारिवारिक विवाद में कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की दोपहर गढ़वा से गांव में शव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। बता दें कि बुधवार की शाम में पारिवारिक विवाद में आवेश में आकर सुष्मिता ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। गंभीर स्थिति में परिजनों ने देर शाम में अस्पताल में इलाज कराने के लिए लेकर पहुंचे। जहां पर तैनात चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

युवक घायल

गढ़वा। पलामू जिले के लेस्लीगंज गांव निवासी सरजू लाल का पुत्र अरुण कुमार लाल मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अरुण अपने घर से बहन के यहां कांडी जा रहा था। इसी दौरान मझिआंव थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### बाइक से गिरकर पिता-पुत्र घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के दुबे मरहटिया निवासी राकेश कुमार राम उसके पुत्र सिद्धार्थ कुमार मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राकेश अपने पुत्र सिद्धार्थ को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर गांव में घुमा रहा था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा। थाना क्षेत्र के अन्नराज नावाडीह गांव निवासी कौलेश्वर कोरवा की पत्नी प्रतिमा देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार प्रतिमा व उसके पति के बीच घरेलू मामले को लेकर झगड़ा हुआ था। इससे गुस्से में आकर प्रतिमा ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### शराब के नशे में गिरकर युवक घायल

गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव निवासी सुखाड़ी चंद्रवंशी शराब के नशे में गिरकर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सुखाड़ी ने सुबह में ही अत्यधिक शराब पी लिया। नशे की हालत में घर के समीप गिर कर बेहोश हो गया। स्वजनों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### गढ़वा में नवजात का शव बरामद

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के नवादा पुल के समीप एक झाड़ी से नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलने ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगों ने पुल के समीप एक झाड़ी में कपड़ा से लपेटा हुआ एक नवजात का शव देखा और उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर नवजात बच्चे का शव लेकर पोस्टमार्टम कराया।

### एड्स दिवस पर जागरूकता रथ



गढ़वा। उपायुक्त रमेश घोलप ने विश्व एड्स दिवस के मौके पर गुरूवार को समाहरणालय परिसर से जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ओम साईं खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, अहाना व जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा आदि संस्थानों के बैनर तले एचआईवी एड्स जैसे संक्रामक रोग से बचने, इसके रोकथाम व अन्य विभिन्न सावधानियों के बरतने आदि को लेकर जन जागरूकता रथ चलाया गया। लोगों में इस लाइलाज संक्रामक सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज के होने एवं इसके इलाज और रोकथाम के बारे में बैनर, पोस्टर व तख्ती के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जन जागरूकता रथ का रवाना किया गया। मौके पर डीसी श्री घोलप ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत को एचआईवी एड्स से पीड़ित मरीजों को सर्वजन पेंशन योजना से सात दिनों के अंदर आच्छादित करने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त अन्य सरकारी योजनाओं से भी उन्हें लाभान्वित करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

# नहीं हुआ पैक्सों का चयन

## कोडरमा जिले में 15 दिसंबर शुरू होगी धान की खरीद

उमा शंकर

**कोडरमा।** जिले में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उम्मीद से काफी कम धान की उपज होने की संभावना है, इसका मुख्य कारण समय पर वर्षा नही होना बताया जा रहा है, बहरहाल इस वर्ष विभाग द्वारा जिले में 17 हजार हेक्टेयर भूमि में धान लगाने का लक्ष्य दिया गया था, मगर समय पर बारिश नही होने के कारण महज 3400 हेक्टेयर भूमि पर ही धान की फसल लगाया गया था। अब विभाग के द्वारा जिले को 2 लाख क्विंटल धान की अधिप्राप्ति का लक्ष्य देते हुए, 15 दिसम्बर से धान क्रय करने का निर्देश दिया गया है, मगर कृषकों से धान खरीदारी को लेकर जिले में फिलहाल कोई तैयारी दिख नही रही है, यहां तक कि अभी तक पैक्सों का भी चयन नही हो सका है, जबकि जिले में धान कटनी शुरू हो चुकी है, ऐसे में इसका सबसे ज्यादा फायदा बिचैलिए को मिल रहा है। बिचैलिए सीधे खलिहान पहुंचकर

**17 हजार हेक्टेयर के विरुद्ध, 3400 हेक्टेयर भूमि में लगाया गया धान**

औने पौने दाम में धान की खरीदारी में जुट गए, 1400 से 1500 प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान खरीदा जा रहा है। प्रतिदिन दर्जनों ट्रकों में किसानों के धान खरीदे जा रहे है। किसान भी रबी फसल की बुआई को लेकर औने पौने दाम में धान की बिक्री करने में मजबूर है और इसका फायदा बिचैलिए उठा रहे हैं।

**736 किसानों का नहीं हुआ भुगतान :** विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले वर्ष धान की बम्फर पैदावार होने के कारण लक्ष्य से अधिक धान का क्रय किया गया था, विभिन्न पैक्सों के माध्यम से पिछले वर्ष 2 लाख 78 हजार 632 क्विंटल धान का क्रय 6974 निबंधित किसानों से किया गया था, जिसमें प्रथम किस्त की राशि सभी किसानों का भुगतान कर दिया गया था,



जबकि अंतिम किस्त की राशि 6238 किसानों को ही दिया गया था, शेष 736 किसानों को अभी राशि का भुगतान नही किया जा सका है, जिससे किसानों में मायूसी देखी जा रही है।

**क्या कहते हैं जिला आपूर्ति पदाधिकारी :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम ने बताया कि जिले में इस वर्ष धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 2 लाख क्विंटल है, किसानों से धान का क्रय 15 दिसम्बर से किया जाना है, इसको लेकर डीसीओ को पैक्सों का चयन करने से सम्बंधित प्रस्ताव भेजा गया है। पिछले वर्ष 6974 कृषकों से 2 लाख 78 हजार 632 क्विंटल धान का क्रय किया गया था, जिसमे से 736 किसानों का अंतिम किस्त का भुगतान लम्बित है, जिले के 7 पैक्सों के द्वारा किसानों से क्रय किये गए 40,359 क्विंटल धान अभी तक मिलों को नही भेजा गया है, जिसके कारण किसानों का भुगतान लम्बित है, इन सभी पैक्सों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर, आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**क्या कहते हैं डीसीओ :** जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो ने बताया कि जिले में 15 दिसम्बर से धान अधिप्राप्ति का निर्देश मिला है, पैक्सों के माध्यम से धान की खरीदारी की जानी है, पैक्सों के चयन की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

## भवनाथपुर : मनरेगा में फर्जीवाड़ा कर, लाखों रुपये की हुई निकासी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर(गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के अरसली उतरी पंचायत में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपये सरकारी राशि निकासी कर लिए जाने की मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार 2020-21 के तहत अरसली उतरी के खाता संख्या 150 प्लॉट 1351 में लाभुक अख्तर अंसारी का दो योजना एवं मुख्तार अंसारी का एक योजना 10.98 लाख रुपये आवंटित किया गया था। जिसमें बगैर काम कराए ही पदाधिकारियों के मिली भगत से 1 लाख 95 हजार की निकासी मजदूर के खाता के माध्यम कर ली गई। अख्तर अंसारी के पहला योजना से 66 हजार एवं दूसरे से 65 हजार की निकासी हुई है। वहीं मुख्तार अंसारी के योजना से 64 हजार की निकासी की गई है। जब की योजना स्थल पर योजना की बोर्ड



को छोड़ कर न तो किसी तरह का घेरावा है नही एक भी पेड़ है किसी तरह का कोई काम नही हुआ है।

**लोकपाल भी योजना पर उठा चुके हैं सवाल :** योजना के सुकृत होने पर जेसीबी उपयोग करने के शिकायत पर जांच करने पहुचे तत्कालीन मनरेगा लोकपाल स्थल जांच करने के दौरान गलत जगह योजना सुकृत होने पर कर्मियों को फटकार लगाया था। वहीं जिला स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा कर्मियों से

**बिना काम के ही अधिकारियों के मिली भगत से 1 लाख 95 हजार की निकासी मजदूर के खाते से हुई**

लेकर लाभुक को स्पस्टीकरण की मांग की थी। इसके बावजूद सरकारी राशि की निकासी किए जाना सीधा मनरेगा कानून की धजिया उड़ाई गई। जबकि लाभुक अख्तर अंसारी ने बताया कि मनरेगा योजना से वृक्षारोपण जो मिला था। लेकिन सूखा पौधा प्रखंड द्वारा दिए जाने पर हमने लेने से मना किया तो तत्कालीन बीडीओ और रोजगार सेवक द्वारा जबरन पेड़ लेने का दबाव बनाते हुए दुबारा पौधा आने पर फिर से लगाने की बात कहते हुए जबरन दे दिया गया था।

**क्या कहते हैं बीपीओ :** इस संबंध में पूछे जाने पर बीपीओ दयानंद प्रजापति ने बताया कि पेड़ लगा था नीलगाय चर गया है।

### मुस्लिम समुदाय ने की गौकसी की कड़ी निंदा



**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के प्रखंड सदर अख्तर अंसारी एवं मुस्लिम समुदाय के वरिष्ट नागरिक प्यारेमोहम्मद अंसारी ने प्रेसवार्ता कर बीते दिनों खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदनी में हुए गौकसी हत्या पर कड़ी निंदा किया है। भवनाथपुर प्रखण्ड सदर अख्तर अंसारी ने कहा कि चंदनी की गौकसी की घटना पूरे राज्य को झकझोर दिया है। सभी मुस्लिम समाज के लोग से अनुरोध किया है कि अपने गांव समाज मे बैठक बुलाकर इस तरह के घटना से परहेज करने की अपील किया है। वही मुस्लिम समाज के लोगो से अनुरोध किया है कि प्रशासन को जांच करने में मदद करे ताकि दोषियों को सजा मिले एवं निर्दोष नहीं फसें। प्रशासन स्वतंत्र रूप से जांच कर दोषी को सजा दिला सके। प्रशासन अपने तरीके से सराहनीय कार्य कर रही है। वही प्यारेमोहम्मद अंसारी ने मुस्लिम समाज के लोगो से अपील करते हुए कहा कि हमारा समाज बदनाम है। इस बदनामी से बचने के लिए जितने भी प्रतिबंधित चीज है उस पर कदम नहीं उठाए। मौके पर मैनुद्दीन अंसारी, गोपाल मियां, आदि उपस्थित थे।

## गरीब राशन में घोटाला, कई दुकानदारों ने की कालाबाजारी

**प्रखंड प्रमुख रोहन साहू द्वारा गठित एक टीम ने की घोटाले का खुलासा**



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के राशन में भारी घोटाले का मामला प्रकाश में आया है। यहां के अधिकांश जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने इस योजना के अनाज का वितरण नहीं किया बल्कि कालाबाजारी कर दी। इस राशन घोटाले का खुलासा प्रखंड प्रमुख रोहन साहू द्वारा गठित एक टीम ने की।

टीम में प्रखंड प्रमुख के अलावा उप प्रमुख दामोदर गोप डाड़ी मुखिया अनीता देवी पंचायत समिति सदस्य सह विधायक खाद आपूर्ति प्रतिनिधि भोला सिंह शामिल थे। प्रमुख ने बताया कि गठित टीम ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रखंड के दो दर्जन जन वितरण दुकानों का जांच किया और लगभग दो सौ लाभुकों से बात की इस निरीक्षण से यह स्पष्ट नतीजा निकला है कि नवंबर माह में वितरित किए जाने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का डीलरों ने घोटाला कर दिया है।और गरीबों का निवाला लूट लिया है। इस क्रम में गुरुवार को टीम ने कटिया के तपेश्वर पांडेय कि दुकान लोबगा के प्रभु गंझू की और चाडरम के मोहनी देवी की दुकान के कार्ड धारियों से मुलाकात की कार्ड धारियों ने कहीं अनाज कम मिलने,कही अनाज नहीं मिलने की शिकायत की। प्रमुख ने कहा कि कोरोना के महामारी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने प्रत्येक लाभुकों को 5 किलो गेहूं और 5 किलो चावल मुफ्त वितरण का निर्देश दिया था ताकि कोई गरीब भूखा ना रहे। किंतु डीलरों ने इस अनाज को डकार दिया। इधर डीलरों द्वारा किए गए घोटाले का विधायक प्रतिनिधि भोला सिंह ने कड़ी निंदा की है इसकी गहन जांच-पड़ताल कर दोषियों पर कड़ी करवाई करने की मांग की है। इधर प्रमुख द्वारा गठित समिति ने भी इस घोटाले के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

### सरकारी योजनाओं का समय पर करें पूरा : उमाशंकर अकेला



**चतरा।** झारखंड विधानसभा की निवेदन समिति के सभापति विधायक उमाशंकर अकेला ने परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभाग के क्रियान्वित विविध योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। मौके पर कई बिन्दुओं पर चर्चा की गयीं। राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि वे भूमि का निबंधन (रजिस्ट्री) एलपीसी के आधार पर सभी दस्तावेजों के जांचोपरांत करें। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में सभी गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करेंगे। इसकी जांच समय समय पर संबंधित पदाधिकारी करेंगे। सभी कोल परियोजना क्षेत्र में आने वाले भू रैयतों का सभी कागजातों का भौतिक सत्यापन कर स्थानीय लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान करने को लेकर निर्देशित किया गया।जिला खनन पदाधिकारी चतरा को निर्देशित किया गया कि सभी कोल परियोजनाओं में होने वाले हैवी ब्लास्टिंग हैवी ब्लास्टिंग से पूर्व लोगों को सायरण के माध्यम से सूचना देंगे साथ ही खनन क्षेत्र के आस पास निवास करने वाले ग्रामीणों को किसी अन्य स्थानों पर बसाने हेतु निर्देशित किया गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में आईटी फेस्ट शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। वेबसाइट डिजाइनिंग, कवर पेज डिजाइनिंग, लोगो डिजाइनिंग, गेम डिजाइनिंग, एप डेवलपमेंट, पेंटिंग कंपटीशन में हिस्सा लिया। इस मौके पर फिलो एजूटेक प्राइवेट लिमिटेड से मिस्टर इंद्रजीत कुमार और मिस्टर ज्योति कुमार सिन्हा विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार की गई डिजाइनिंग को काफी पसंद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आईटी के क्षेत्र में बच्चों की समझ बढ़ती है और रुचि भी उत्पन्न होती है। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बुके देकर दोनों का स्वागत किया। स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए विद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव छात्रों पर देखने को मिल रहा है। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिवार कटिबद्ध है। कार्यक्रम आईटी टीचर फैयाज कैशर, चंदन पांडेय, किशोर कुणाल और अलका सिंह की देखरेख में हुए। पहले दिन के इस प्रतियोगिता में पानी हाउस की छात्रा निधि राज को प्रथम, ऋषि कुमार को द्वितीय और मोंटी कुमार तथा काव्या कुमारी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। तीसरे दिन प्रतियोगिता का समापन होगा और रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार के अलावा छात्रों में अभिनव, वासु, आरव, पूजा, अस्तित्व, काव्या कृति, साक्षी रजक, आर्यन कुमार, आयुष, रुद्र, प्रत्यूषा, एंजेल, करिश्मा, श्रवण, कौशांबी, इलमा, हर्षिका, संगम, रोहित, तन्मय समेत अन्य बच्चे मौजूद थे।

### कटैया ने टेहरो को पांच गोल से हराया

सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय मैदान में गुरुवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच बालक-बालिका प्रतियोगिता 2022-23 टूनार्मेंट का आयोजन का फाइनल मुकाबला बीडीओ बैधनाथ उरांव के अगुवाई में किया गया। वहीं पंचायत स्तर से प्रखंड स्तर तक के टीम का चयन कर जिला स्तर से प्रमंडल होते हुए राज्य स्तर तक खिलाड़ी एवं टीम का चयन के उद्देश्य से मैच का आयोजन किया गया। जिसमें सभी 14 पंचायतों के टीम ने भाग लिया, जहां पहला सेमी फाइनल मुकाबला माधोपुर और कटैया के बिच खेला गया। जिसमें कटैया पंचायत फाइनल मुकाबला में शामिल हुआ। वहीं दुसरी सेमीफाइनल मुकाबला मरचोई और टेहरो से हुआ, जिसमें टेहरो पंचायत फाइनल मुकाबला में शामिल हुआ। वहीं फाइनल मुकाबला कटैया पंचायत व टेहरो पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें कटैया पंचायत फाइनल मुकाबला में जीत हासिल कर लिया।

## एक नजर में

### बिरजू तिवारी ने किया कोचिंग सेंटर का उद्घाटन



चतरा। कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत राजपुर बस स्टेंड के समीप सक्सेस जोन कम्प्यूटर सह म्यूजिक कोचिंग सेंटर का उद्घाटन जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) ने दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर जिला परिषद् उपाध्यक्ष ने कहा कि समाज में शिक्षा का महत्व उतना ही है जितना जीवन जीने के लिए पानी का होना। शिक्षा के उपयोग तो अनेक है परन्तु उसे सही और नई दिशा देने की आवश्यकता है। शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिए कि एक व्यक्ति अपने परिवेश से परिचित हो सके। शिक्षा हम सभी के उज्जवल भविष्य के लिए एक अहम भूमिका निभाता है। वहीं कोचिंग सेंटर के निदेशक रोहित दांगी ने कहा कि इस कोचिंग सेंटर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के कमजोर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है।वहीं कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों के देनेवाले सुविधा के बारे में जानकारी दी. मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह,सुनील दांगी,सिकंदर अकेला,इंद्रदेव दांगी, कमांडो रजक,आदित्य दांगी,अमित कुमार,राहुल दांगी,महेंद्र राणा,सरयू साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता



**टंडवा(चतरा)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाडीलौंग में गुरुवार को संविधान दिवस के सप्ताह 2022 के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग सप्तम एवं अष्टम के छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान, सामान्य ज्ञान, खेलकूद एवं समसामयिक प्रश्नों पर अपना अपना जवाब दिया। जिसमें कुल पांच राउंड की समाप्ति के उपरांत सप्तम वर्ग के छात्र विजई हुए। विजेता टीम को कलम देकर सम्मानित किया गया, जबकि दूसरी टीम का उत्साह वर्धन करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक जगदीश राम तथा संचालन शिक्षक राजेश राम द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बालकृष्ण राम किरण कुमारी अंजू कुमारी एवं मीनू कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

### उपायुक्त ने की डीएमएफटी के साथ बैठक



**चतरा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिले में डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा सभी संबंधित पदाधिकारी एवं महालेखाकार के अंकेक्षण टीम के साथ की गई। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे ऑडिट टीम का सहयोग करते हुए ससमय नियमानुकूल ब्यय किये गए अपने दस्तावेजों जांच एवं अंकेक्षण कराएं। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का निरंतर अंतराल पर जांच कराए जाने से ब्यय एवं किये गए कार्यों में पारदर्शिता बनी रहती है। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता समेत सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कुंदा में 10 एकड़ पोस्ते की फसल नष्ट



**कुंदा(चतरा)।** कुंदा पुलिस और वन विभाग के द्वारा पिछले 1 सप्ताह से अफीम विनष्टीकरण को लेकर लगातार अभियान जारी है। इधर कुंदा थाना क्षेत्र के डूंमरवाल के जंगलो में संयुक्त अभियान चलाकर 10 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया। इस दौरान डूमरवार से सटे हुवे गांव के वन क्षेत्र में लगी पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर से नष्ट किया है। अभियान का नेतृत्व सर्किल इंस्पेक्टर ल,व कुमार ने किया इस दौरान कुंडा थाना प्रतापपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान और कुंदा वनरक्षी लोग भी शामिल थे। सर्किल इंस्पेक्टर लव कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र में प्रतिबंधित पोस्ता की फसल लगाने वाले की पहचान की जा रही है पहचना कर उनपर मामला दर्ज किया जाएगा थाना क्षेत्र में किसी भी कीमत में पोस्ता की खेती नहीं होने दिया जाएगा।। क्षेत्र में लगातार पोस्ता की खेती के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। सर्किल इंस्पेक्टर ने आगे कहा कि वैसे गांव या वन क्षेत्र जहां पर ग्रामीणों द्वारा पोस्ता की खेती किया गया है। वहां के ग्रामीण खुद से पोस्ता की खेती को नष्ट कर दें । अन्यथा अभियान के दौरान पोस्ता की खेती को नष्ट करने के बाद उन पर मामला दर्ज कर जेल की हवा खानी पड़ेगी।

### एड्स दिवस पर निकली जागरूकता रैली



इटखोरी। भद्रकाली महाविद्यालय में एन एस एस इकाई वन व इकाई टू के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दुलार हजाम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली भद्रकाली महाविद्यालय परिसर से बलिया गांव होकर वापस महाविद्यालय पहुंची। इस दौरान बलिया गांव में लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। छात्र- छात्राओं तख्तियां में एड्स विषयक स्लोगन लिखकर नारे लगाते हुए गांव में भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ. पांडेय ने कहा कि एड्स जानलेवा बीमारी जरूर है, पर उचित रहन सहन और जागरूकता ही इसके बचाव का सबसे कारगर माध्यम है। लोगों को एड्स के प्रति जागरूक होना होगा। इस मौके पर प्रो जानकी दांगी, प्रो ललित मोहन चौधरी, प्रो श्याम सुन्दर प्रसाद, प्रो डॉ मंसूर, प्रो लीलू रानी, प्रो मधुबाला, महोम्मद शहिद, महोम्मद असलम, छात्र सोनू पांडेय, विवेक तिवारी सहित अन्य छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

### फाइलेरिया मुक्त बनाने में करें सहयोग: डीसी



**चतरा।** सदर अस्पताल परिसर में जिला स्तरीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्धघाटन एवं शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में उपायुक्त अबु इमरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि जिले में यह कार्यक्रम फाइलेरिया मुक्त चतरा बनाने के लिए किया जा रहा है जिले के सभी प्रखंड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक से पंद्रह दिसंबर तक पाक्षिक रोस्टर अनुसार सेविका सहिया द्वारा दवा खिलाने का कार्य किया जाएगा। सभी लोग नियमानुसार दवा का सेवन करें और जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। गर्भवती महिला, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति एक साल से छोटे बच्चो को छोड़कर सभी उम्र के लोग इस दवा को ले सकते हैं।?बताते चले की यह कार्यक्रम का उद्देश्य जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना है जो कि आज एक दिसंबर को आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य उप केंद्रों में दावा खिलाने का कार्य किया जा रहा है। दो दिसंबर से पंद्रह दिसंबर तक सहिया सेविका द्वारा घर घर जा कर दवा खिलाने का कार्य किया जायगा। जिसे लेकर आज सदर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा फाइलेरिया की दवा खा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, डॉक्टर मनीष लाल, डॉक्टर आशुतोष,डॉक्टर अजहर, अभिमन्यु कुमार, पीसीआई मंटू कुमार, केयर इंडिया से आबिद सरदार , समेत अन्य सभी संबंधित मौजूद थे।

# स्पीड न्यूज

## प्रदेश अध्यक्ष का अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने किया स्वागत



स्वागत करते लोग।

**लातेहार।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ऋषिकेश पाठक का लातेहार के बारीडीह में निजी दौरे पर जिला अध्यक्ष अतुल कुमार के नेतृत्व में माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया की राज्य सरकार जो समझौता किया था उसे पूरा करे अन्यथा अगले वर्ष जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मोर्चा के महासचिव अनूप कुमार, संयोजक पवन कुमार यादव, प्रवक्ता प्रवीण सिंह, महेश कुमार गुप्ता, प्रमोद प्रसाद, सतेंद्र यादव, महाभारत भगत, राजदेव राम, दिनेश ठाकुर, दिलीप प्रसाद, ओम प्रकाश, क्षत्रिय उदय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत के लिए 15 तक ई-केवाइसी किया जायेगा

**बारियातू।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लिए निबंधन व ई केवाईसी 15 दिसंबर तक कि जाएगी। जानकारी देते हुए भीएलडब्ल्यू चंदन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लिए किसानों का निबंधन व ई केवाईसी बीते तीस नवंबर तक ही समय निर्धारित थी। परंतु राज्य सरकार के निर्देश पर अब 15 दिसंबर तक कि जाएगी। भीएलडब्ल्यू चंदन ने प्रखंड के किसानों से अपने नजदीकी सीएसपी में जाकर निबंधन व ई केवाईसी करवाने की अपील भी किया है। ज्ञात रहे कि पूर्व में झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत भी जो किसान निबंधन कराये है वे भी अपना ई केवाईसी निश्चित रूप से करा योजना का लाभ प्राप्त करे।

## जिला फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए चयन ट्रायल की प्रक्रिया आज से आरंभ

**गारु।** इस बार सत्र 2022-23 में अंतर जिला फुटबॉल टूनार्मेंट क्लस्टर लेवल में कराए जा रहें है, क्लस्टर चाईबासा में लातेहार जिला का मैच 6 दिसंबर को खुटी जिला के साथ खेला जाएगा, चाईबासा में पश्चिम सिंहभूम, लातेहार तथा खूंटी जिला का मैच आयोजित कि जा रही है, और इन तीनों टीमों में से जो विजेता टीम होगी, वह अंतर जिला फुटबॉल टूनार्मेंट के सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगी, इसे लेकर लातेहार जिला फुटबॉल संघ के सचिव अनवर खान ने बताया लातेहार के महुआडांड़ प्रखंड स्टेडियम मैदान एवं बालूमाथ में हाई स्कूल मैदान और बरवाडीह के रेलवे खेल मैदान में दो दिसंबर से जिला स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन ट्रायल की प्रक्रिया आरंभ हो गई, जहां जिला भर के फुटबॉल खिलाड़ी, जिला फुटबॉल संघ सहायक सचिव वशीम अख्तर मोबाइल नं 7366938841, कोषाध्यक्ष तबरेज खान 7070329157 एवं बरवाडीह में सयुंक्त उपाध्यक्ष काजमी अनवर और अशफाक अहमद 6200155852 एवं बालूमाथ में संयुक्त सचिव प्रेम गुप्ता, राजकिशोर पासवान 74004109025 मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते है, 5 दिसंबर को बरवाडीह से टीम चाईबासा के लिए रवाना होगी।

## घायल व्यक्ति से मिल जल्द स्वस्थ होने की कामना: लक्ष्मण

**बालूमाथ।** प्रखंड में बीते दिन हुए बेसिक स्कूल के पास हुए बाइक दुर्घटना में आरा ग्राम रामदेव राणा के पुत्र सुधीर राणा से मिलने पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा में घायल व्यक्ति सुधीर राणा से मिल घटना की जानकारी ली और स्वास्थ लाभ लेने के साथ ईश्वर से जल्द से जल्द स्वस्थ होने का कामना किया। आरा ग्राम के ग्रामीणों ने अपने अपने समस्याओं से लक्ष्मण कुशवाहा को अवगत कराया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, ओबीसी जिला मंत्री श्रवण यादव, तुलसी प्रसाद, प्रेम साव, रवि प्रकाश, अरुण यादव, अवध यादव, रामदेव राणा, बिनोद साव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस पर ग्रामीणों को किया जागरूक



जागरूक करते छात्रायें।

**लातेहार।** अविराम के नर्सिंग और फामेर्सी संकाय के स्टूडेंट्स ने विश्व एड्स दिवस पर ग्रामीणों के मध्य जाकर एड्स कैसे फैलता है, इससे बचाव कैसे करें और एड्स को लेकर क्या भ्रम हैं। विषयो पर जागरूक किया। सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि शिक्षा जिम्मेदारी है। समाज के प्रति और इस जिम्मेदारी का निर्वहन बोध छात्र छात्राओं में होना आवश्यक है और झारखंड से पलायन अधिक होता है ऐसे में एड्स जैसी लाइलाज बीमारी जिससे बचाव ही ईलाज है। जागरूक होने की अत्यधिक आवश्यकता है। रैली और स्लोगन के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमे शिखा कुमारी, निशा लकड़ा, सपना बाखला, विना डुंगडुग, तनु प्रिया, पूर्णिमा कुमारी, सोनिया मुर्मू आदि ने स्टूडेंट्स के साथ सक्रियता से भाग लिया और ग्रामीणों द्वारा एड्स जैसे विषय जिस पर बात करते कतराते है इस पर इतनी सरलता से समझाए जाने को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा की एड्स से बचाव ही इससे बचाव है।

# डीडीसी की अध्यक्षता में समर अभियान की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



समीक्षा बैठक करते डीडीसी।

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समर अभियान अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। अभियान के सफल क्रियान्वयन के प्रतिवेदन का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने प्रखंड वार सर्वे की जानकारी ली। जिसमें कम प्रगति वाले प्रखंडों को चिन्हित कर जल्द से जल्द सर्वे से संबंधित प्रगति करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान समर अभियान अन्तर्गत चिन्हित सैम, मैम, एनीमिक सस्पेक्टेड केस वाले लाभुकों को यथोचित लाभ प्रदान कराने के निमित्त नया कार्यप्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इससे संबंधित कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। ताकि ज्यादा से ज्यादा सस्पेक्टेड केस की पहचान कर उनका उपचार कराया जा सके और जिले से कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से खत्म किया जा सके। समर डैशबोर्ड रिपोर्ट की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल में डाटा को जल्द से जल्द अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने अभियान के तहत चिन्हित अल्परक्तता से ग्रसित महिलाओ को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने एवं अति कुपोषित बच्चों का एमटीसी में उपचार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीपीएम, जेएसएलपीएस, महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाए तथा बचे हुए लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## साईबर अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे, थाना प्रभारी दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते थाना प्रभारी।

**लातेहार।** साईबर अपराधी पवन कुमार उर्फ पवन यादव उम्र 20 वर्ष पिता केदार प्रसाद यादव ग्राम फलडू थाना नारादिगंज जिला नवादा बिहार के रहने वाला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि लातेहार थाना में थाना काण्ड संख्या 297/21 दिनांक 21.10.2021 को धारा 406/419/420 भादवि एवं धारा 66 (सी), 66 (डी) आईटी एक्ट तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले को लेकर धर पकड़ के लिए कार्रवाई किया जा रहा था। तभी मोबाईल नंबर 8051916347 के धारक का लोकेशन नवादा नारादिगंज नवादा बिहार आ रहा था। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुअनि राहुल कुमार मेहता बरवाडीह थाना के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा किया गया। उक्त टीम में साइबर सेल के कर्मचारी भी शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा 28 नवंबर 2022 को इस घटना में प्रयुक्त मोबाईल नंबर के धारक पवन कुमार उर्फ पवन यादव को एक सीम एवं दो एंड्रायड मोबाईल के साथ नारादिगंज नवादा से गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञात हो कि पवन कुमार लोगों को लौटरी का प्रलोभन देकर पैसे की उगाही करता था। वहीं छापेमारी टीम में आ. सुरेश सिंह साईबर सेल, आरक्षी वीरेंद्र पासवान साइबर सेल शामिल थे।

# देव के सूर्य मंदिर से लाया गया कुंड का जल व पवित्र मिट्टी, भूमि पूजन आज

### मुख्य संरक्षक विधायक बैद्यनाथ राम व समिति के अध्यक्ष समेत पदाधिकारी व गणमान्य रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता



जल भर कर लाते भक्त।

**लातेहार।** सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी लातेहार के द्वारा औरंगा नदी तट पर सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए भूमि पूजन दो दिसंबर की पूर्वाह्न दस बजे से प्रारंभ किया जायेगा। भूमि पूजन में बिहार देव स्थित सूर्य मंदिर के कुंड का पवित्र जल व मिट्टी मंगाया गया है। गुरूवार की सुबह तकरीबन चार बजे लातेहार से समिति के सदस्य विजय प्रसाद गुप्ता, राजेश प्रसाद, ब्रजेश अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंह, विजेंद्र दास व संजय पांडेय सड़क मार्ग से देव स्थित सूर्य मंदिर के लिए रवाना हुए। देव सूर्य मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कुंड का पवित्र जल व मिट्टी लेकर संध्या तकरीबन चार बजे लातेहार पहुंचे। लातेहार पहुंचने पर इनका भव्य स्वागत किया गया। एनएच 75 पर एस्सार पेट्रोल पंप के पास से दोपहिया वाहनों से इनकी आगवानी की गयी और गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान काफी संख्या में सूर्यनारायण समिति के काफी संख्या में सदस्य व अन्य लोग भी उपस्थित थे। सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 20 डिसमिल भूमि पर मंदिर का निर्माण कार्य कराया जाएगा। 17 डिसमिल जमीन सावित्री कुंवर पति स्व लक्षमण सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह व धमेंद्र सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। जबकि तीन डिसमिल जमीन पावर्ती कुंवर व स्व. हरकेश यादव के वंशजों ने दान दिया है। मंदिर के नीचे हॉल होगा एवं उपरी तल्ले में सात गुंबद होगें। सबसे उच्चे गुंबद की उच्चाई 81 फीट होगी। उन्होने बताया कि मंदिर निर्माण में तीन करोड़ रुपए का लागत आने का अनुमान है। श्री सिंह ने बताया कि 11 हजार रुपए से अधिक दान देने वाले दान दाताओं का नाम शिलापट्ट में अंकित किया जायेगा। उन्होने मंदिर निर्माण के लिए तन मन व धन से सहयोग करने की अपील जिला वासियों से की। भूमि पूजन कार्य के लिए समाजसेवी अमरेश प्रसाद गुप्ता, निर्मल कुमार महलका, शशिभूषण पांडेय, विगन प्रसाद, महेद्र प्रसाद सिंह, विजय प्रसाद, अनिल कुमार पप्पू, कोषाध्यक्ष राजू यादव, गणेश राम, विनय प्रसाद, शुभम गुप्ता, जय शंकर पासवान, धीरज कुमार, निरंजन सिंह, विजय प्रसाद, अनिल प्रसाद, अवध किशोर प्रसाद, संजय पांडेय, सुनील प्रसाद, नारायण राम, दिनेश महलका, सकेंद्र यादव, पंकज यादव, आयुष शौंडिक, लक्की पांडेय, सुमेर कुमार, बिट्टू साव व पीपी कुमार आदि सक्रिय हैं।

## सुखाड़ राहत के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**चंदवा।** सुखाड़ राहत के लिए आवेदन ऑनलाइन करने की तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के फैसले का कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने स्वागत किया है। उन्होंने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि सरकार के इस फैसले से किसानों को राहत मिला हैं, समय बढ़ने से हजारों किसानों को फायदा होगा। सुखाड़ राहत योजना का सर्वर डाउन रहने से हो रहे किसानों की परेशानी को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान लगातार सरकार को अवगत कराते हुए तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से कर रहे थे। आगे कहा कि तिथि बढ़ जाने से किसान जो रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे सर्वर डाउन रहने के कारण अब वे किसान नए से आवेदन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे और उनका ईकेवाइसी अपटुडेट करा पाएंगे। पंसस अयुब खान ने शिविर में प्राप्त किसानों के आवेदनों का रजिस्ट्रेशन ईकेवाइसी अपने निगरानी में कराने की मांग अंचलाधिकारी विजय कुमार से की है।

## खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**बालूमाथ।** बालूमाथ मुख्यालय स्तिथ राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खेलों झारखंड खेलों प्रतियोगिता में जिला से चयनित हुए खिलाड़ियों को प्रधानाध्यापिका रूबी बानो ने सम्मानित किया। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये प्रधानाध्यापिका ने कहा कि प्रखंड स्तर के विजेता टीम आज जिला में जीत का परचम लहराकर राज्य स्तरीय कम्पीटिसन के लिए अपनी जगह बनाई है जो पूरे बालूमाथ के लिए गर्व की बात है। आशा करते है राज्य में भी अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन कर अपने बिद्यालय व क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना की। चयनित खिलाड़ियों में बालिका फुटबॉल टीम कक्षा नौ से बारहवीं तक रोहित उराँव 300 मीटर की दौड़, सीमा कुमारी, 800 मीटर की दौड़ में, प्रियंका कुमारी भाला फेंक में, रिले दौड़ में गोविंद बैठा, उपेंद्र उराँव, सुरेंद्र गंझू, पिंटू उराँव गोला फेंक में आंशिक मुंडा और पिंटू उराँव 800 मीटर दौड़ में नाम शामिल है। यह सब खिलाड़ी जिला स्तरीय विजेता थे। जो अब राज्य स्तरीय खेल में हिस्सा लेंगे। मौके पर शिक्षक मो. निजामुद्दीन, राजीव रंजन पांडेय, अनिल कुजूर, विशाखा मिश्रा, ललिता कुमारी, ओम प्रकाश, ज्ञानेश्वर पांडेय, आशीष कुमार पांडेय, संदीप कुजुर, अनुज कुमार, लक्ष्मण कुमार, पंकज सिंह, निरंजन कुमार, मोहम्मद मुर्शीद, राज किशोर पासवान फुटबॉल कोच उपस्थित रहे।

# आज पिपराडीह के ग्रामीण देंगे धरना



धारना देने के संबंध मे जानकारी देते पिपराडीह के ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत के पिपराडीह के दर्जनों निवासी अनुमंडल कार्यालय लातेहार के समीप दो दिसंबर से धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन के सम्बंध में पिपराडीह के निवासी रंजन यादव, सकेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, लखन यादव, प्रकाश यादव, सुदामा यादव, विशेश्वर यादव सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सार्वजनिक जमीन खाता संख्या 30, प्लाट 131 रकबा 3-31 एकड़ एवं प्लाट संख्या 293 रकबा 31 डिसमिल की बंदोबस्ती गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा करा ली गई। उपरोक्त सार्वजनिक जमीन पर हम सभी ग्रामीणों की पूर्वजों द्वारा गमहेल, वट सावत्री पूजा के साथ मृत्यु प्रान्त होने वाले संस्कार कार्य के लिए बिरखोद के लिए उपयोग की जाती रही है। जिसकी सूचना हम सभी लगातार अंचल कार्यालय बारियातू सहित जिले के पदाधिकारियों को देते आ रहे है। इसके बावजूद बीते वर्ष उपरोक्त जमीन की 31 डिसमिल की ऑनलाइन रशीद भी निर्गत कर दी गई थी। ऑनलाइन रशीद मिलने की जानकारी मिलते ही हम सभी अंचल कार्यालय पहुंचे तो तत्कालीन अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने ऑनलाइन रसीद को स्थगित करने की आदेश भी निकाल दी। परंतु अब भी ऑनलाइन में उक्त 31 डिसमिल जमीन किसी एक व्यक्ति के नाम पर दिखाई दे रहा है। जिसके विरोध व उपरोक्त पूरी जमीन की बंदोबस्ती रद्द करने की मांग को लेकर दो दिनों का धरना प्रदर्शन दो दिसंबर से करेंगे। ज्ञात रहे कि पिपराडीह के ग्रामीणों ने बीते तीस नवंबर को अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर धरना प्रदर्शन की अनुमति मांग चुके है।

# 8 घंटे में हत्या का हुआ उद्भेदन ससुर साले व सास ने की हत्या

### दो की गिरफ्तारी हुई, एक फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के कुंरूद गांव से बुधवार को महुआडांड़ थाना पुलिस ने एक दफनाया हुआ युवक का शव निकाला। जिसकी पहचान अनुप मिंज उम्र 25 वर्ष जिला गुमला के ग्राम परकला निवासी के रूप में कि गई, महुआडांड़ प्रभारी आशुतोष यादव द्वारा दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता एवं पंचायत चंपा मुखिया सुषमा कुजूर कि मौजूदगी में शव निकाल कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा दिया गया था, साथ ही थाना प्रभारी अशुतोष यादव ने केश दर्ज कर हत्या के उद्भेदन के लिए अनुसंधान सुरू कर दिया गया, इस केश की अनुसंधानकर्ता पुआनि राजेश कुमार राम को बनाया गया साथ पुआनि संजय रत्न, पुलिस बल साथ थे, कुछ लोग को पुछताछ के लिए थाना लाया गया, इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया की अनुप मिंज कुंरूद गांव में चार साल से चारलेश बाड़ा के घर पर रह रहा था, और उसकी पुत्री सलिमा बड़ा से प्रेम संबंध में था, अनूप ने शादी नहीं की थी, लेकिन एक दो साल का एक बच्चा था, चारलेश बाड़ा, एवं इसकी पत्नी मरियम कुजूर एवं पूछताछ की गई तो बताया अनुप मिंज को हमलोग शादी करने के लिए कह रहें थे, 24 नवंबर की रात अनूप मिंज शराब पीकर आया इसी बात को लेकर बहस सुरू हुई, जहां बहस इतनी बढ़ गई की चारलेश बाड़ा, एवं इसकी पत्नी मरियम कुजूर डंडा से हामला कर अनुप मिंज की हत्या कर दिया, फिर इस हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई लेकिन चारलेश बाड़ा का बेटा अतुल बाड़ा वहा पहुंचा तो प्लान बदल दिया गया, फिर शव को महादेव टाड़ में लेजाकर दफनाया गया, चारलेश बाड़ा, एवं पत्नी मरियम कुजूर को गुरूवार लातेहार जेल भेज दिया गया, साथ ही इसका बेटा अतुल बाड़ा की तलाश जारी है,

# बालूमाथ: नहीं मिला एम्बुलेंस ठेले पर ले गया शव

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वास्थ्य केंद्र की बड़ी लापरवाही

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों अव्यवस्था का आलम लगातार दिखता नजर आ रहा है। मंगलवार की शाम जहां परिवार नियोजन कराने आई महिलाओं को ऑपरेशन के बाद जमीन पर सुलाने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ की वहीं दूसरा मामला गुरुवार की संध्या लगभग 7:00 बजे मृतक के शव को एंबुलेंस नहीं देने के बाद शव को ठेला में लाद कर ले जाने का मामला सामने आया है। बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया पंचायत के टेमराबार के आदिवासी परिवार के चंदरु लोहरा की तबीयत खराब हो गई थी।परिजनों द्वारा उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद चंदरु लोहरा के भतीजा टूलू लोहरा ने अस्पताल प्रबंधन से एंबुलेंस की मांग की। लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा एंबुलेंस का व्यवस्था नहीं कराया गया। टूलु लोहरा ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा यह कहा गया कि हम लोगों के पास जो व्यवस्था है हम लोग दे रहे हैं। आप इसे जो सुविधा है उसी के हिसाब से शव ले जाइए। हम लोग गरीब परिवार के होने के कारण हम लोगो के पास प्राइवेट वाहन करने के लिए पैसा नहीं था। इस कारण हम लोग ठेला से शव को अपने घर ले जा रहे है। इसी दौरान मुरपा मोड़ के समीप बालूमाथ भाजपा नेता पूर्व उप-प्रमुख संजीव सिन्हा ने मृतक के परिजनों से बात की ।व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार को एंबुलेंस नहीं देने की बाबत जानकारी मांगी। उसके बावजूद भी प्रभारी द्वारा एंबुलेंस देने में कोई रुचि नहीं दिखलाया गया। और यह कहकर पल्ला झाड़ दिया कि अभी मेरा ड्यूटी नहीं है। इसलिए जिनका ड्यूटी है वह समझेंगे। बहरहाल जो भी हो एक आदिवासी व्यक्ति की मौत के बाद सरकारी एंबुलेंस व्यवस्था नहीं होना स्वास्थ्य विभाग के कार्यशैली पर प्रश्न उठने लगा है। वही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है ।ज्ञात हो कि जिस वक्त चंदरु लोहरा की मौत हुई थी उस वक्त बालूमाथ अस्पताल परिसर में एंबुलेंस खड़ा था।

# एक नजर में

## पुलिस ने गौ तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मनिका।** मनिका पुलिस प्रशासन के द्वारा दो गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। और पशु लोड टेंपो वाहन को जब्त कर लिया गया है। ज्ञात हो कि बीते दिन पूर्व बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के समीप सैकड़ों ग्रामीणों ने टेंपो वाहन में लोड पशु और दो पशु तस्करों को पकड़कर मनिका थाना को सूचना दिया था। जिसके बाद एसआई प्रदीप कुमार राय,एएसआई परमानंद सिंह अपने दल बल के साथ प्रखंड मुख्यालय के समीप पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने पशु लोड वाहन और दोनों तस्करों को पुलिस को सौंप दिया था। मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दोनों पशु तस्करों को लातेहार जेल भेज दिया। मौके पर थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में किसी भी तरह की अवैध कारोबार व पशुओं की तस्करी जैसी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले के ऊपर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाना हमारा लक्ष्य है इस तरह के कारोबारियों को किसी भी सूरत पर बख्शा नहीं जाएगा। मनिका पुलिस प्रशासन के द्वारा अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर वैसे लोगों को चिन्हित कर सख्त सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## धूलकण से परेशान ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गोलीटांड ग्राम में गुरुवार को कोयला गाड़ियों से उड़ते धूलकण से परेशान ग्रामीणों ने सड़क जाम दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि मगध कोलियरी से निकलकर प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां इस मार्ग से होकर गुजरती हैं। जिससे धूल कण उड़ते रहता है। धूलकण उड़ने के कारण घरों में धूल की मोटी परत जम जा रही है। वहीं राह चलना भी दूभर हो गया है। धूलकण के कारण ग्रामीण कई गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं। इसको लेकर कई बार सीसीएल और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से वार्ता हुई है कि सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव करवाया जाएगा। लेकिन पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है। जिस कारण हमेशा धूल उड़ते रहता है। वहीं जाम की सूचना पाकर सीसीएल के अधिकारियों ने जाम कर रहे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और मौके पर पानी टैंकर मंगाकर सड़क पर पानी का छिड़काव करवाया गया। इस दौरान करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**लातेहार।** नालसा दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार गुरूवार को संविधान सप्ताह के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्राधिकार के द्वारा किये गए कार्यो का पेपर कटिंग और प्राधिकार के कार्यो से संबधित पर्चे एवं पुस्तिका इत्यादि को इस प्रदर्शनी में दिखाया गया। इस कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाति विजय उपाध्याय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उक्त प्रदर्शनी में व्यवहार न्यायालय के अधिवक्तागण एवं न्यायालय में आये हुए पक्षकारगण ने इस प्रदर्शनी को देखा और कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होते रहने से प्राधिकार के कार्यो के बारे में उन्हे जानकारी मिलते रहेगी। प्रदर्शनी के दौरान पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। तत्पश्चात स्वास्थयकर्मियों और पीएलवी के द्वारा विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान की हुई शुरूआत



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग गंभीर : राकेश सहाय

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, मुखिया कालो देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, वरिष्ट नेता रविंद्र राम और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आशीष रंजन समेत कई अतिथियों ने लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर बीडीओ श्री सहाय ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त में दवा दी जा रही है। फाइलेरिया मुक्ति अभियान में कार्यक्रम की सफलता के लिए आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, सहायिका एवं प्रशिक्षित वॉलेंटियर को लगाया गया है, जो घर-घर जाकर दो वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को दवा की खुराक देंगे। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आशीष रंजन ने बताया कि दो साल के कम उम्र के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं खिलाई जाएगी। इसके अलावा जो गंभीर बिमारी से पीड़ित हैं, उन्हें भी दवा नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया में पैरों, हाथों में सुजन आ जाती है। जिसे हाथी पैर कहा जाता है। इससे मुक्ति के लिए सरकार द्वारा मुफ्त में दवा दी जा रही है। उन्होंने फाइलेरिया से बचाव के लिए सोने के समय मच्छरदानी का प्रयोग करने एवं घर के आसपास साफ-सफाई रखने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने बताया कि घरों के इर्द-गिर्द गंदगी रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है। जिससे कई प्रकार की संक्रामक बिमारी फैलती है। मौके पर ड्रेसर राजेश चंद्र सिन्हा, वार्ड सदस्य और महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक, युवराज बिक्रम सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## परिषद की आमसभा 4 दिसंबर को

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आम सभा 4 दिसंबर को आयोजित होगी। परिषद के महासचिव अविनाश कुमार झा ने बताया कि परिषद द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी स्कूल परिसर में रविवार को दिन में 11 बजे से आयोजित होनेवाली इस आमसभा में वर्ष 2021.22 व वर्ष 2022.23 ;सितम्बर 2022 तकद्ध के आय.व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगाए साथ ही परिषद की गतिविधियों व भावी योजनाओं पर भी चर्चा की जायेगी। उन्होंने इस आमसभा में परिषद के सभी सदस्यों से आने का आग्रह किया है।

## आग से 10 वर्षीय बालक का चेहरा झुलसा

**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार प्रखंड के उतासारा पंचायत अंतर्गत बांगा गांव निवासी शिकारी महतो का पुत्र करण कुमार महतो ;10 वर्षद्ध गुरुवार की सुबह आग से झुलस कर घायल हो गया। परिजनों ने आग से झुलसे घायल किशोर को पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार की गई। इस घटना में उसका चेहरा ओर सर का बाल मामूली रूप से झुलस गया है। बताया जाता है कि घायल किशोर गुरुवार की सुबह ढंड से राहत पाने के लिए आग ताप रहा था कि अचानक वह आग की चपेट में आ गया जिसके कारण मामूली रूप से उसका चेहरा ओर सर का बाल झुलस गया। प्राथमिक उपचार होने के पश्चात उसने राहत महसूस की।

## फुसरो मे बाल कृष्णा टायर में कस्टमर मीट

**बेरमो।** फुसरो शहर के आर एन कंपलेक्स ढोरी स्थित बाल कृष्ण टायर के तत्वाधान में ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मां अंबिका शोरूम के डीलर चंद्रेश कानाबार और वीरेंद्र जैन की अध्यक्षता में आयोजित ग्राहक मिलन समारोह में बीकेटी कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर उत्तम अग्रवालए मंगलम इटरप्राइजेज के मैनेजर एस के मिश्रा और जे के सिंह एएरिया सेल्स मैनेजर अंगद सिंहए सेल्स मैनेजर सुमित सेनए सुनील कुमार ने बारी.बारी से वाहन मालिकों को बीकेटी कंपनी के विभिन्न प्रकार के वाहनों के टायर की गुणवत्ता एवं सर्विस वारंटी और रेडियल टायर के बारे में ग्राहकों को विशेष रूप से बताया। ग्राहक मिलन समारोह में करीब डेढ़ सौ वाहन मालिक उपस्थित थे।

## छापामारी में चार टन अवैध कोयला जब्त

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के नया बस्ती स्थित हरिजन बस्ती के जंगलों में गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी कर लगभग 04 टन अवैध कोयला जप्त किया जो झाड़ियों में छुपा कर रखा गया था। बरामद कोयला को ट्रैकटर द्वारा थाना लाया गया। वहीँ बात की जाय अवैध कोयले की तो पुरे कोयलाँचल में पुलिस द्वारा अवैध कोयले को लेकर लगातार क्षेत्रों में व्यापक रूप से छापामारी कर इस धंधा को बहुत हद तक विराम लगाने में सफलता हासिल की है।

## समरेश सिंह के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**बेरमो/पेटरवार।** बोकारो के पूर्व विधायक सह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री समरेश सिंह के निधन पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतोए पूर्व विधायक छत्रुराम महतो सहित भाजपा के नेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गोमिया विधायक ने कहा कि हमने एक गद्दावर व जुझारू नेता को खो दिया है जिसकी पूर्ति निकट भविष्य में नही हो सकती है। उन्होंने अपने जीवन काल में जनता की आवाज बन कर जनता की सेवा करते रहे जिस कारण बोकारो की जनता उसे कभी नही भूल पाएंगे। उनके निधन पर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जायसवालए वरिष्ठ भाजपा नेता शांतिलाल जैनए पूर्व प्रखंड अध्यक्ष असित कुमार बनर्जीए प्रहलाद महतोए सुधीर कुमार सिन्हाए अनिल स्वर्णकारए मोहन लाल अग्रवाल, अबोध कुमार नायकए नागेश्वर सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# समरेश सिंह के निधन से हो गया एक युग का अंत : दीप नारायण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** पूर्व मंत्री समरेश सिंह का निधन गुरुवार सुबह बोकारो स्थित उनके आवास पर हो गया। सुचना पारकर जदयू प्रदेश महासचिव और यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों से बात कर गहरी संवेदना व्यक्त किया। इस शोक की घड़ी में दुख व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री समरेश सिंह का निधन से एक युग का अंत हो गया। समरेश सिंह जुझारू, संघर्षशील, निडर,गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित, और झारखंड के लोगों का एकीकृत बिहार में एक मात्र नेता थे। समरेश सिंह जीवन भर असहाय लोगों का आवाज बने और उनके हक - अधिकार के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का काम किए। इन्होंने झारखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाएं। वनांचल प्रदेश निर्माण की बात को भाजपा में जोरदार ढंग से उठाया। समरेश सिंह गरीब - शोषित - पीड़ित के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनके संघर्ष को लोग याद रखेंगे। यूथ फोर्स परिवार उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करती है और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करती है।शोक व्यक्त करने वालों में जितेंद्र कुमार पांडे, गोपाल चंद्र गोप, कमलेश मंडल, सुजित ठाकुर, नुनु मनी सिंह, सचिन मंडल, प्रकाश मंडल, शिव लाल हेंब्रम, फुलचंद दास, बिन्दु देवी, सुभाष सिंह, प्रदीप सिंह, शब्बीर अंसारी, गुड्डू सिंह,मनिष राय, परिमल दे, प्रबोध पांडे, गोतम पांडे,इंदल सिंह, हीरालाल तुरी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री समरेश सिंह के निधन पर शोकसभा

सिंदरी। बोकारो के पाँच बार विधायक रहे झारखंड के पूर्व मंत्री समरेश सिंह के आकस्मिक निधन को लेकर एफसीआई आवास संख्या जे 7 स्थित भारतीय उर्वरक श्रमिक संघ कार्यालय व एसपीएम कॉलेज सिन्दरी में गुरुवार को आपात शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में संघ महामंत्री अशोक प्रसाद ने पूर्व मंत्री के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनके संघर्ष, आंदोलनात्मक कार्यक्रम व राजनैतिक दृढ़ता का परिणाम झारखंड में संघ व भाजपा का विस्तार है। उनके आकस्मिक निधन से धनबाद सहित पूरे झारखंड में शून्य काल छा गया है। इसकी भरपाई कर पाना काफी मुश्किल है। शोकसभा में मुख्य रूप से संघ के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार बनर्जी, अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद मंडल, उपाध्यक्ष अहिंद्र कुमार ओझा, विजय सिंह, महामंत्री अशोक प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, महेश पाठक, रासबिहारी पाठक सहित अनेकों कार्यकताओं ने अपने अपने विचार वयक्त किए।

## चास और बोकारो के लोग मानते थे समरेश सिंह को मानते थे परिवार का सदस्य

बोकारो। जे पी आंदोलन से राजनीतिक सफर शुरू करने वाले संघर्षशील समरेश सिंह उर्फ समरेश दा के निधन की खबर आते ही लोगों में शोक की लहर उमड़ पड़ी। सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठन सहित आम नागरिकों का हुजूम उनके स्थानीय सेक्टर .चार आवास पर उमड़ पड़ा। उनके पुत्र श्रमिक नेता संग्राम सिंह ने बताया कि उनकी शव यात्रा स्थानीय सेक्टरों से होते हुए श्री राम मंदिर एवं सेक्टर दो के माँ काली व श्री शिव मंदिरए चास होते हुए उनके पैतृक गांव जाएगी जहाँ उनके अंतिम दर्शन के बाद अंतिम संस्कार का कर्यक्रम होगा। सभी शोकाकुल लोगों ने कहा कि आज चास चंदनकियारी, बोकारो हो गया। झारखण्ड की राजनीति के मसीहा स्वरूप दादा की भरपाई कभी भी नहीं किया जा सकता है। दादा चास. चंदनकियारी. बोकारो के लोगों को अपने परिवार सा मानते रहे हैं।

# पहला कदम स्कूल में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**दिव्यांगता सप्ताह**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की पहला कदम स्कूल 1 से 7 दिसंबर तक दिव्यांगता सप्ताह मना रहा है।जिसके तहत गुरुवार को पहला कदम के प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि धनबाद जिले के सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा , डॉ.आदया, डॉ शिल्पी, डॉ. विनीता अग्रवाल ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरूआत की।सिविल सर्जन डॉ. आलोक ने पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों का सदैव सहयोग और साथ निभाने का वादा किया। मनोचिकित्सक शिल्पी,डेंटिस्ट विनीता अग्रवाल,रेल्वे हॉस्पिटल से डॉ. आदया ने पहला कदम स्कूल के सभी बच्चों की निःशुल्क जांच कर बहुत ही सराहनीय योगदान किया।शिविर में लगभग 75 बच्चों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच का लाभ उठाया।बच्चों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। सचिव अनिता अग्रवाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चो के स्वास्थ्य का ध्यान रखे।डॉ. इस धरती में भगवान का दूसरा रूप है जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में बच्चों के स्वास्थ्य का इलाज कर उन्हें जीवनदान प्रदान करते है। दिव्यांगता सप्ताह के दूसरे दिन शुक्रवार को पहला कदम स्कूल के द्वारा सुबह 9 बजे गोल्फ ग्राउंड से होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी।आप सभी से निवेदन है कि इस रैली में उपस्थित होकर बच्चों का मनोबल बढ़ाये। पहला कदम स्कूल की शिक्षिका एवं प्रवक्ता बबीना चावड़ा ने कहा एक दिवसीय शिविर में आये सभी चिकित्सको ने पुनः अपनी सेवा देने का वादा किया है।

# गोमिया सीएचसी में चल रहा 200 एड्स संक्रमितों का इलाज

**विश्व एड्स दिवस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर गुरुवार एक दिसंबर को गोमिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एड्स दिवस मनाया गयाए इस मौके पर एचआईवी एड्स विभाग के आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन परमानंद दास ने लोगों को बताया कि एड्स बीमारी लाइलाज हैए एड्स संक्रमित व्यक्ति के साथ छुआछूत जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिएए यह बीमारी किसी को छूने या हाथ मिलाने से नहीं फैलता हैए असुरक्षित यौन संबंध के कारण ही इस रोग के चपेट में लोग आते हैं। परमानंद दास ने बताया कि गोमिया अस्पताल के माध्यम से करीब दो सौ मरीज का इलाज चल रहा हैए जिसमें बोकारो थर्मलए बेरमोए स्वांगए गोमिया बैंक मोड़ए महुआटांड़ए चतरोचट्टीए करी खुर्दए तेनुघाट सहित अन्य क्षेत्रों से मरीज हैंए जो यहां जांच और परामर्श के लिए पहुंचते हैंए ज्यादातर मरीज मजदूर हैं और वे बाहर काम करने के लिए जाते हैंए कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉण्जितेंद कुमारए डॉक्टर निशा कीड़ोए प्रधान लिपिक प्रवीण कुजूरए ज्योति कुमारीए मिथिलेश कुमारए नरेंद्र प्रजापतिए सरयू रविदासए लक्ष्मी मजूमदारए प्रदीप सिंहए दिलीप कुमारए राजेश डुंगडुंगए मनोज सोरेनए हीरालालए गणेशए विनोद कुमारए मोहम्मद इकबालए इम्तियाजए श्याम पटेलए विनोद आनंद मरांडीए अमितेजए सहिया साथी मौजूद थे।

# बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई



**बोकारो।** नवम्बर में सेवानिवृत हुए 08 अधिशासी तथा 47 अनधिशासी कर्मियों के लिए एचआरडी सेंटर के मुख्य प्रेक्षागृह में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संजय कुमार सीजीएम दीपक रायए जीएम सोनी सिंह सहित कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।वरीय प्रबंधक डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया एवं सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अन्तिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। अतिथियों ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया।

# डीएवी सिंदरी बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** ऐसा कहा जाता है कि देखने से मनुष्य में सबसे ज्यादा विकास होता है। इसी प्रकार बच्चों के विकास के लिए शैक्षिक भ्रमण अतिआवश्यक है। इसी कड़ी में डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी की ओर से छात्र छात्राओं को बुधवार को शैक्षिक भ्रमण के लिए जैनधर्म के मंदिर की जानकारी के लिए पारसनाथ ले जाया गया। विद्यार्थियों ने जैन धर्म के रीति रिवाजों और परंपराओं सहित संग्रहालय से जानकारी प्राप्त की। इससे बच्चों के द्वारा पुस्तकों सहित वातावरण व प्रकृति की भी जानकारी मिलती है। इस भ्रमण के दौरान विद्यालय प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के सिद्धांतों को मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित बताया। इससे बच्चों को देखकर, सुनकर व महसूस कर ज्ञान प्राप्त होता है। इससे छात्रों में सहयोगात्मक भावनाओं सहित निरीक्षण, कल्पना आदि शक्तियों का विकास होता है। छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ प्रकृति व ऐतिहासिक स्थल का भी भ्रमण कराने से नई चीजें सीखने को मिलती हैं। शैक्षिक भ्रमण से छात्र में इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जानने में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए भ्रमण शिक्षा का एक अंग है। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय प्राचार्य सहित लगभग 130 छात्र छात्राएँ, 10 शिक्षकों सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला ने दुपट्टे से फांसी लगा की आत्महत्या

**कतरास।** रानीबाजार राजेन्द्र नगर में बुधवार की देर शाम बीरो कौर (27) ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में मृतक के पति गुरदीप सिंह उर्फ विक्की व अन्य परिजनों ने उसे उठाकर नजदीक स्थित निजी अस्पताल में ले गये।जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतका का चार वर्ष पहले ही विवाह हुआ था। तीन वर्ष की एक पुत्री है। मायका जामाडोबा में है।कुछ दिनों से महिला का पति से अनबन चल रहा था। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# आईईएल ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया के आईईएल ग्राउंड में ओरिका कंपनी के तत्वाधान में आईईएल टी .20 नॉक आउट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को टूनार्मेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अथिति आईईएल ;ओरिकाद्ध कंपनी के जीएम राकेश कुमार ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच मस्जिद मोहल्ला ससबेड़ा बनाम नो रूल्स ससबेडा के बीच खेला गया। जिसमें मस्जिद मोहल्ला ससबेड़ा की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 137 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में नो रूल्स ससबेडा की टीम ने 18 ओवर में 116 रन बनाकर ऑल आउट हो गये। इस तरह से मस्जिद मोहल्ला ससबेड़ा की टीम 21 रनों से जीत हासिल किया। निर्णायक की भूमिका संतोष यादवए धीरज सिंहए जीतू पांडेयए दासू उरांवए आलोक उपाध्याय ने निभाया। इस टूनार्मेंट में कुल 48 टीमों ने भाग लिया है। प्रतिदिन दो मैच खेला जाएगा। जिसका फाइनल मैच 28 दिसंबर को होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओरिका प्रबंधन आईआरडी राजेश शर्माए एचआर रोशन शर्माए मनोज सिंहए कांग्रेस नेता पंकज पांडेयए गोमिया प्रमुख प्रमिला चौड़ेए जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राजएमुखिया शांति देवीए मुखिया बंटी उरांवएमुखिया अंसु कुमारीए केके पांडेयए अनामिका पांडेयए इंदर सिंहए प्रवीण यादवएअभय सिन्हाए हरी सिंहएधनेश्वर रविदास आदि लोग मौजूद थे।

## सेल संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभागाध्यक्षों की बैठक में चर्चा

**बोकारो।** बोकारो निवास में सेल के विभिन्न संयंत्रों के सामग्री प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षों की दो दिवसीय बैठक संपन्न हुई।बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाशए बीएसएल के अधिशासी निदेशक;एमएमद्ध ए श्रीवास्तव सहित बीएसएल एवं सेल के विभिन्न संयंत्रों व इकाइयों के सामग्री प्रबंधन के प्रमुख तथा वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। तत्पश्चात सेल के सभी इकाइयों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से इन्वेंटरी मैनेजमेंट से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर एक दूसरे से जानकारी साझा की।

# शहीद धर्मेंद्र यादव अमर रहें के नारे से गूंजा पुटकी

**शहीद को राष्ट्रीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई**



खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** बीच बलिहारी मेरिंग धौरा निवासी जितेंद्र यादव के 36 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार यादव जो 402 एलटीएडी रेजिमेंट(कैम्प) में हवलदार क्लर्क के पद पर पंजाब के पठानकोट में नियुक्त थे। जिनका ईलाज चंडीगढ़ कमांड अस्पताल मे चल रहा था। 30 नवम्बर ईलाज के दौरान सुबह चार बजे उनका निधन हो गया। दिवंगत सैनिक का पार्थिक शरीर पंजाब एयरपोर्ट से राँची एयरपोर्ट पहुँचा उसके बाद रांची से बाई रोड करकेन्द मोड़ पहुँचा जहां हजारों की संख्या में लोगो ने फूल माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया।और करकेन्द से केंदुआ बाजार होते हुय सुभाष पार्क बीच बलिहारी पहुंचकर दिवंगत शहीद धमेन्द्र यादव के पार्थिक शरीर को पुटकी थाना प्रभारी अलबिनुस इंदवार एवं रामगढ़ केन्ट से आये सिख रेजिमेंट के बीर जवानों ने अंतिम सलामी दिया।वही शहीद के पिता जितेंद्र यादव, पत्नि राजमंती देवी,15 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी यादव, 8 वर्षीय पुत्र शनि कुमार यादव ने श्रधंजलि दिया।और सेकडों की संख्या मे गण्यमान लोगो ने मोहलबनी घाट पर पहुंचकर अंतिम संस्कार शामिल हुआ।

## पेज एक का शेष

### शिक्षकेतरकर्मियों को मिला...

इसमें 136 करोड़ रुपये खर्च होगा। झीरी के कचरा डंपिंग यार्ड में अब वैज्ञानिक तरीके से लीगेसी वेस्ट (पुराने कचरों) का डिस्पोजल किया जायेगा। इसके क्रियान्वयन में करीब 136 करोड़ रुपये खर्च करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। झीरी में कुल 31 एकड़ भूमि में करीब 1803858 एमटी लीगेसी वेस्ट डंप है। इसके निस्तारण के लिए जुडको ने प्लान तैयार किया है। इसके तहत बायो माइनिंग, रिसोर्स रिकवरी और प्लास्टिक अपशिष्ट का निस्तारण किया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए रांची नगर निगम ई-टेंडर के जरिये ठेकेदार का चयन करेगा। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति दी गयी।

### अब नहीं काटने ...

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें : सीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार करायें। इससे ग्रामीणों बिचौलियों से भी मुक्ति मिल सकेगी। उन्होने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही एक कार्य योजना तैयार कर रही है, जिसमें ओल्ड एज के लोगों को कचहरी का चक्कर न काटना पड़े। मौके पर सीएम के समक्ष इस प्रक्रिया के तहत लाभान्वित 3 लाभुक दामिनी दीक्षित तिवारी, शैलेश कुमार एवं पूर्णिमा कुमारी ने संबंधित अनुभव साझा किये। इस अवसर पर सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव केके सोन, निदेशक उमाशंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### समर्थकों के दादा ...

आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। पूर्व मंत्री समरेश सिंह की पत्नी भारती सिंह का देहांत 28 अगस्त 2017 को ही हो चुका था। अंतिम संस्कार में राज्य के कई दिग्गज नेता पहुंच सकते हैं। **सीएम ने जताया शोक, राजकीय सम्मान देंगे :** पूर्व मंत्री समरेश सिंह के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि भगवान से प्रार्थना है, दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिजनों को दुख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। सीएम ने कहा कि झारखंड के चर्चित व्यक्तित्व के पार्शिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जायेगी। **भाजपा को सुझाया था चुनाव चिन्ह कमल :** 1980 में भाजपा के पहले अधिवेशन में समरेश सिंह ने ही पार्टी का चुनाव चिह्न कमल फूल हो, यह सुझाव दिया था। 1977 में जब वह निर्दलीय के रूप में चुनाव जीते, तो उनका चुनाव चिह्न कमल का फूल ही था। पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक रहे समरेश सिंह पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते थे। 1985 और 1990 में भाजपा के टिकट पर समरेश सिंह बोकारो से चुनाव लड़ा। 1985 में एक बार समरेश सिंह ने इंदर सिंह नामधारी के साथ मिलकर अलग राह पकड़ी। उन्होंने संपूर्ण क्रांति दल का गठन किया। कुछ ही समय बाद पार्टी का भाजपा में विलय हो गया था। समरेश सिंह विधानसभा में जनता की मुखर आवाज थे। अपनी बात मजबूती से सदन में रखने के लिए उनकी अलग पहचान थी। झारखंड गठन के बाद बनी बाबूलाल मरांडी सरकार में उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री का पद संभाला था। कोयलांचल का बड़ा चेहरा माने जाने वाले समरेश सिंह ने राजनीति में कई अहम पारियां खेली। समरेश सिंह के 2 बेटों हैं एक बेटे की शादी हो गयी है।

### चाईबासा में मुठभेड़ ...

सुशील लकड़ा ओड़िशा के सुंदरगढ़ के निवासी हैं, इन्हें पैर में गोली लगी है। वहीं सूरज कुमार यूपी रायबरेली के हैं। इन्हें दाहिने पैर में गोली लगी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर है। नक्सलियों की गोलीबारी में एक डॉग हैंडलर संदीप एम भी घायल है। **मिसिर बेसरा दस्ते से भिड़ंत :** जानकारी के अनुसार पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली मिसिर बेसरा व अनमोल दा का दस्ता शामिल है। जंगल में फायरिंग व बमों के धमाके घंटों तक आसपास के गांवों में भी सुने गये। जानकारी के अनुसार पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम टोंटो थाना क्षेत्र के सिलईबेड़ा और सारजमबुरु के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान सुबह 8 बजे सुरक्षाबलों से नक्सलियों की मुठभेड़ हो गयी। कई घंटे की गोलीबारी के बाद मुठभेड़ खत्म हुई। दुबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किए जाते ही पूर्वाह्न 11 बजे फिर से नक्सलियों से मुठभेड़ हुई जो करीब 4 बजे तक जारी रही। **बेहद दुरूह इलाका है :** जंगल में जिस जगह मुठभेड़ हुई है वह बेहद दुरूह इलाका है। मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने के कारण अभियान में शामिल कोबरा बटालियन के जवानों ने डीजीपी कंट्रोल रूम से संपर्क साधा और मुठभेड़ एवं घायलों की जानकारी दी। तब जिला मुख्यालय से अतिरिक्त बलों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही रांची खेलगांव हेलीपैड की सीआरपीएफ के जवानों ने घेराबंदी कर दी थी। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर के तहत हॉस्पिटल तक लाया गया।

### अगले आदेश तक...

बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था।

### समूह को सद्भाव....

' पीएम ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए हम बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे।

**'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' :** मोदी ने कहा कि भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य - हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम -'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। **आतंकवाद, महामारी से लड़ना होगा :** उन्होंने कहा कि आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है-हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए। आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। मोदी ने कहा कि सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। **हमारी प्राथमिकताएं :** हमारी प्रथमिकताएं 'एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' के प्रति आशावान बनाने पर केंद्रित होंगी। अपनी पृथ्वी को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनायी गयी है। भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित प्रतिमान के रूप में प्रस्तुत करेंगे। **जी-20 समूह के सदस्य देश :** सदस्यों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन और अमेरिका। स्पेन स्थायी अतिथि हैं, जो हर वर्ष आमंत्रित होते है। भारत ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मिस्र को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया है। श्री मोदी ने पिछले माह इंडोनेशिया के बाली द्वीप में आयोजित जी-20 की शिखर बैठक में राष्ट्रपति जोको विडोडो से समकालीन विश्व के इस सबसे प्रभावशाली बहुपक्षीय मंच की कमान ग्रहण की थी।

स्पीड न्यूज

## सुनंदा पुष्कर केस में शशि थरूर को नोटिस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर को पत्नी सुनंदा पुष्कर की मौत के मामले में क्लीन चिट मिली थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में थरूर को बरी कर दिया था। इसी फैसले के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने याचिका दायर की है। साथ ही हाईकोर्ट ने थरूर को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 7 फरवरी 2023 को तय की है।

## दिल्ली शराब घोटाले में केसीआर की बेटी का नाम

**हैदराबाद।** दिल्ली शराब घोटाले मामले में अब तेलंगाना के सीएम केसीआर की बेटी और एमएलसी के. कविता का नाम भी शामिल हो गया है। इडी ने जांच को लेकर कुछ डॉक्यूमेंट्स कोर्ट में पेश किया। इसमें कविता का नाम भी है। उनपर आप नेताओं को 100 करोड़ भुगतान कराने का आरोप है।

## गलती से बॉर्डर क्रॉस करने वाले जवान को पाकिस्तान ने लौटाया

**चंडीगढ़।** गुरुवार सुबह पंजाब सेक्टर में भारत-पाक सीमा पार करने वाले बीएसएफ जवान को पाकिस्तान ने भारत को सौंप दिया है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि जवान ने गलती से सीमा पार कर ली थी।

## शेयर लगातार आठवें दिन हरे निशान में

**मुंबई।** गुरुवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 184.54 अंकों की मजबूती के साथ 63,284.19 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 54.15 अंकों की बढ़त के साथ 18812.50 के स्तर पर बंद हुआ।

## कश्मीर फाइल पर बयान देने वाले नादव लापिड ने मांगी माफी

**पणजी।** फिल्म द कश्मीर फाइल्स पर बयान देकर इजराइल के फिल्मकार नादव लापिड विवादों में फंस गए हैं। नादव ने फिल्म को वल्गर कहा था। वहीं, अब नादव ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि उनका उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था।

## जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल गुरुवार सुबह हैक हो गया। इसके बाद से ही सिक्योरिटी एजेंसी और साइबर एक्सपर्ट जांच में जुट गए हैं।

### गुजरात : खरगे के रावण वाले बयान पर मोदी ने किया पलटवार, कहा

# कांग्रेस में मुझे गाली देने की होड़

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात में 5 दिसंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कलोल में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम ने सबसे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 'रावण' वाले बयान पर पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस में इस बात की होड़ लगी है कि कौन मुझे कितना गाली दे सकता है। मैं खड़गे जी का सम्मान करता हूं। वह वही कहेंगे जो उन्हें कहने के लिए कहा जाएगा। कांग्रेस पार्टी को नहीं पता कि यह राम भक्तों का गुजरात है। रामभक्तों की इस भूमि पर खरगे जी से मुझे 100 सिर वाला रावण कहने के लिए कहा गया और उन्होंने ऐसा किया भी।

**अब रावण को ले आये...**

पीएम ने कहा कि जो कभी भगवान राम के अस्तित्व में विश्वास नहीं करते थे, वे अब रामायण से 'रावण' ले आये हैं और, मुझे आश्चर्य है कि उन्होंने कभी पश्चाताप नहीं किया, मेरे लिए इस तरह के



अपशब्दों का इस्तेमाल करने के बाद माफी मांगने की बात तो भूल ही जाइए।

**गुजरात ने मुझे जो ताकत दी है...**

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में जब आपने मुझे दिल्ली भेजा था, तब देश में मोबाइल फोन बनाने की दो फैक्ट्रियां थीं, आज 200 से ज्यादा हैं।

यदि आपकी पांचों अंगुलियां घी में हैं, तो एक अंगुली कमल का बटन दबाना चाहिए की नहीं। मैं गुजरात का बेटा हूं, आपने मुझे जो गुण दिए हैं, गुजरात ने मुझे जो ताकत दी है वह इन कांग्रेसियों को परेशान कर रही है।

**जितना कीचड़ उछालोगे उतना ही कमल खिलेगा :** पीएम ने कहा कि कांग्रेस के मित्र कान खोल कर सुन लें, आपकी लोकतंत्र में आस्था और अविश्वास आपका विषय है, परिवार के लिए जीना है तो आपकी मर्जी, लेकिन एक बात लिख लीजिए, जितना कीचड़ उछालोगे उतना ही अधिक कमल खिलेगा ।

**कांग्रेस को घेरा**

गरीबी उन्मूलन को लेकर पिछली कांग्रेस सरकारों के दावों पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि इस सबसे पुरानी पार्टी के शासन में वास्तव में गरीबी बढ़ी थी, क्योंकि इसने केवल नारे लगाए। कोई ठोस काम करने के बजाय देश को गुमराह किया। वह गुजरात में छोटा उदयपुर जिले के बोदेली नगर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे, जहां पांच दिसंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होगा।

## जनता महंगाई से त्रस्त, मोदी कमाई में मस्त : राहुल गांधी

एजेंसी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि जनता महंगाई को लेकर परेशान है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में तेल के दाम घटने के बावजूद देश की जनता को राहत देने के लिए कदम नहीं उठा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले छह माह के दौरान एक चौथाई तक कम हो गये हैं और पूरी दुनिया कच्चे तेल के दाम में कमी के कारण राहत महसूस कर रही है, लेकिन मोदी सरकार ने इसका कोई लाभ देश की जनता को नहीं दिया। कच्चे तेल के दाम इस कदर गिरने के बावजूद सरकार ने तेल के दाम एक रुपए भी कम नहीं किए हैं। राहुल ने ट्वीट किया 'पिछले छह महीनों में, कच्चा तेल 25 प्रतिशत से ज्यादा सस्ता हो गया है। देश में पेट्रोल-डीजल के दाम 10 रुपए से ज्यादा घटाए जा सकते हैं, लेकिन सरकार ने एक रुपया भी कम नहीं किया। भारत की जनता महंगाई से त्रस्त है, प्रधानमंत्री अपनी वसूली में मस्त हैं।'

## गुजरात : पहले चरण में 60% मतदान, पिछली बार से 7% कम



एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग पूरी हो गई। इस तरह 19 जिलों की 89 सीटों के लिए मैदान में उतरे 788 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद हो गई है। पहले चरण में करीब 60 फीसदी से ज्यादा लोगों ने मतदान किया।

**सौराष्ट्र में कम वोटिंग**

सौराष्ट्र-कच्छ में सिर्फ 42% मतदान हुआ। वहीं, दक्षिण गुजरात में 56% वोटिंग दर्ज की गई है। इस तरह सौराष्ट्र में दक्षिण गुजरात के मुकाबले 14% कम वोटिंग हुई है। यहां के 12 जिलों में सिर्फ मोरबी में ही 53.75% वोट पड़े। बाकी के अन्य जिलों में 50% से भी कम वोटिंग हुई है। इस तरह पाटीदार क्षेत्र में कम मतदान ने उम्मीदवारों को असमंजस में डाल दिया है।

**सौराष्ट्र 42% पर सिमटा**

**पिछली बार ज्यादा वोटिंग वाली सीटों पर हुआ था कांग्रेस को फायदा**

वहीं, अब पिछले चुनाव की बात करें तो इन सीटों पर कुल 67.23% वोट पड़े थे। इस दौरान जिन सीटों पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई थी, उनमें से ज्यादातर सीटें कांग्रेस के खाते में गई थी। हालांकि वोट प्रतिशत में भाजपा ज्यादा पीछे नहीं थी। 2017 के चुनाव में कपराडा, नीजर, मांडवी, व्यारा, वांसदा, नंदोद, सोमनाथ, वंकानेर, टंकारा, जसदण, डांग्स, मोरबी, जंबुसर, तलाला में कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत मिली थी। वहीं, भाजपा ने जेतपुर, अंकलेश्वर, मांडवी, नवसारी, जलालपोर, धरमपुर, मंगरोल, महुवा, वागरा, गनदेवी सीटों पर अपना परचम लहराया था।

## नवंबर में जीएसटी कलेक्शन घटकर 1.46 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नयी दिल्ली।** जीएसटी से सरकार को नवंबर महीने में 1.46 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई। अक्तूबर महीने के मुकाबले इसमें चार प्रतिशत की कमी आई। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह 11 फीसदी ज्यादा है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को इस बात की जानकारी साझा की गई। अक्तूबर महीने में जीएसटी का कलेक्शन 1.52 लाख रुपये था। नवंबर 2021 में जीएसटी का कलेक्शन 1.32 लाख करोड़ रुपये था। नवंबर लगातार नौवां महीना है जब माल व सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

### नागरिक उड्डयन मंत्री ने डिजियात्रा सुविधा लॉन्च की

## हवाई अड्डे पर अब आपका चेहरा ही 'बोर्डिंग पास'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को डिजियात्रा सुविधा की शुरूआत कर दी है। इसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में हवाईअड्डे पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर हवाई यात्रियों को प्रवेश की अनुमति होगी। डिजियात्रा सुविधा के साथ हवाई अड्डों पर यात्रियों को कागज रहित प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा जांच क्षेत्रों सहित विभिन्न चेकप्वाइंट्स पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर यात्री डेटा को स्वचालित रूप से अपडेट किया जा सकेगा। दिल्ली के अलावा गुरुवार को वाराणसी और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर डिजियात्रा सुविधा शुरू की गई। सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आधार-आधारित सत्यापन और एक सेल्फ इमेज कैप्चर का उपयोग करके डिजियात्रा ऐप पर अपना विवरण दर्ज करना होगा। उसके अगले चरण में बोर्डिंग पास को स्कैन करना होता है और अपने क्रेडेंशियल्स को हवाई अड्डे के साथ साझा किया जाता है। 15 अगस्त को दिल्ली एयरपोर्ट पर शुरू किया गया था डिजियात्रा का ट्रायल।

## पाकिस्तान की कोयला खदान में धमाका, नौ मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट में नौ कर्मचारियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी नजीर खान ने कहा कि बुधवार को खैबर पख्तूनख्वा के ओरकजई आदिवासी जिले में डॉली कोयला खदान में 13 श्रमिक थे, जब खदान के अंदर गैस की चिंगारी के कारण विस्फोट हुआ। उपायुक्त ने कहा कि पट्टा ठेकेदार सहित नौ शव बरामद किए गए हैं। शेष चार खनिक, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं, को मलबे से निकाला गया और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट में महिला न्यायाधीशों की पीठ का गठन

### मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का बड़ा फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वैवाहिक विवाद और जमानत के मामलों से जुड़ी स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई के लिए गुरुवार को न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी वाली महिला न्यायाधीशों की एक पीठ गठित की। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में ऐसा तीसरी बार हुआ है, जब पूरी तरह महिला न्यायाधीशों वाली पीठ का गठन किया गया है। दो न्यायाधीशों वाली पीठ अभी सुप्रीम कोर्ट की अदालत संख्या 11 में बैठ रही है। पीठ के समक्ष 32 मामले सूचीबद्ध किए गए हैं, जिनमें से वैवाहिक विवाद और



जमानत वाली 10-10 स्थानांतरण याचिकाएं हैं। मालूम हो कि स्थानांतरण याचिका ऐसी याचिका होती है, जिनमें किसी मामले को राज्य एजेंसियों से केंद्रीय एजेंसी या किसी उच्च न्यायालय ने दूसरे उच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया जाता है। सबसे पहले पूरी तरह से महिला पीठ का गठन 2013 में किया गया था जब न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा और न्यायमूर्ति रंजना प्रसाद देसाई की पीठ का गठन किया गया था। इसके बाद 2018 में न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की पीठ का गठन किया गया था। अभी उच्चतम न्यायालय में तीन महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना का 2027 में देश की पहली प्रधान न्यायाधीश बनना तय है। उच्चतम न्यायालय में अभी सीजेआइ समेत 27 न्यायाधीश हैं, जबकि इसकी कुल क्षमता 34 न्यायाधीशों की है।

## जनता की अध्यक्षता : क्यों जी20 भारत, प्रत्येक नागरिक के लिए मायने रखता है! : अमिताभ कांत

अमिताभ कांत

**नयी दिल्ली।** भारत के राजनयिक संबंधों के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत ने '20 का समूह' (जी20), जो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का अंतर सरकारी मंच है, की अध्यक्षता ग्रहण की है। 1999 में स्थापित, यह समूह, दुनिया की कुल आबादी का दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। आसान शब्दों में कहें, तो जी20 वैश्विक नीति के संदर्भ में सबसे मजबूत राजनीतिक प्रभाव रखता है, जिसकी वजह से यह समूह वर्तमान के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों - सतत विकास लक्ष्य, जलवायु कार्रवाई, खाद्य



सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियां, डिजिटल बदलाव आदि - पर विचार-विमर्श करने का प्रमुख मंच बन गया है। जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है, ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी- मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी - वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केंद्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख - जी20 का अब तक का सबसे बड़ा - अगले साल सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख' होने की है।

## अब कोरियाई भाषा में भी प्रकाशित होगी सुपर 30

**पटना/सियोल।** सुपर 30 संस्था और उसके संस्थापक आनंद कुमार की जर्नी पर लिखी गई किताब 'सुपर 30' अब कोरियाई भाषा भी में प्रकाशित होगी। इस किताब को कनाडा के मशहूर डॉक्टर बीजू मैथ्यू ने लिखा है। ये किताब अब तक पांच भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी है। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, गुजराती और तमिल शामिल है। आनंद कुमार ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का आइआइटी में पढ़ने का सपना पूरा करने के लिए 2002 में सुपर 30 संस्था शुरू की थी, जो अब देश के नामी इंस्टीट्यूट्स में शामिल है। साउथ कोरियाई पब्लिशर 'द प्लान जी कंपनी लिमिटेड' ने इस किताब को लेकर सुपर 30 के फाउंडर आनंद के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। पब्लिशिंग हाउस के सीइओ क्यूंग एलईई ने कहा ये किताब स्टूडेंट्स के साथ-साथ एजुकेशनल प्रोग्राम के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगी।

## जॉर्जिया एंड्रियानी का हॉट लुक



अरबाज खान की गर्लफ्रेंड मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी आए दिन सुर्खियों में छाई रहती हैं। जॉर्जिया अब धीरे-धीरे इंडस्ट्री में भी अपने पैर जमाने की कोशिश में लगी हैं। हाल ही में उनका म्यूजिक वीडियो 'दिल जिससे जिंदा है' रिलीज हुआ था। जिसमें वह गुरमीत चौधरी के साथ नजर आईं थी। इसी बीच जॉर्जिया अरबाज संग अपने रिश्ते को लेकर भी खबरों में बनी हुई हैं। माना जा रहा है कि इस जोड़ी का ब्रेकअप हो गया है। जॉर्जिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने फैंस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। मॉडल असल जिंदगी में बेहद बोल्ड है। जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं। जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। ये पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। वायरल हो रही तस्वीरों में एक्ट्रेस रेड कलर की हॉट ड्रेस कैरी किए हुए नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद हर किसी की निगाहें उनपर थम सी गई हैं। वहीं उनकी पर्सनल लाइफ लाइफ की बात करें तो, 2017 से जॉर्जिया और अरबाज एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। पिछले 5 साल से दोनों एक साथ हैं।




## दक्षिण कोरिया के खिलाफ रोनाल्डो के खेलने पर संशय, अभ्यास सत्र से रहे बाहर

एजेंसी

**दोहा।** पुर्तगाल की टीम ने कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट राउंड में अपनी जगह बनाने ली है। अब उसे अपने अंतिम ग्रुप मैच में दो दिसंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलना है।

उस मैच में कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के खेलने पर संशय है। उन्होंने बुधवार को अपनी टीम के साथियों के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। वह इस विश्व कप के दो मैचों में एक गोल कर चुके हैं। रोनाल्डो के अभ्यास नहीं करने पड़ने पर पुर्तगाल फुटबॉल महासंघ ने कहा कि वह खास तरह से रिकवरी में लगे हैं। रोनाल्डो ने घाना के खिलाफ टीम के पहले मैच में पेनल्टी पर गोल किया था। पुर्तगाल ने अपने दूसरे मैच में उरुग्वे को 2-0 से हराकर अंतिम-16 के लिए क्वालीफाई किया। शुक्रवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक अंक उन्हें शीर्ष स्थान पर रख सकता है। अगर घाना अगर मैच तीन गोल के अंतर से जीत लेता है तो पुर्तगाली टीम दूसरे स्थान पर रह सकती है। पुर्तगाल के प्रशिक्षण सत्र में स्ट्राइकर गोंजालो रामोस अभ्यास कर रहे थे। वह रोनाल्डो की अनुपस्थिति में खेल सकते हैं।



**ब्राजील को जिताने के लिए मॉडल का बोल्ड फैसला, हर गोल पर शेयर करेंगी टॉपलेस तस्वीर**

फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में फैंस बिलकुल कमी नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच ब्राजील की एक मॉडल ने बड़ा ऐलान किया है जिसे सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। ब्राजील की मॉडल डायने तोमाजोनी ने ब्राजील के फैंस से वादा किया है कि उनकी टीम जब भी गोल करेगी वह अपने इंस्टाग्राम पर टॉपलेस तस्वीर शेयर करेंगी। उनके इस ऐलान के बाद वह काफी चर्चा में आ गई हैं। हालांकि यह सिर्फ उनके सेक्यूर फॉलोअर ग्रुप के लिए होगा।

## क्रिकेट सलाहकार समिति का गठन

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने गुरुवार को अपनी तीन-सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) में अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नायक की नियुक्ति की घोषणा की। बीसीसीआइ ने बताया कि दो टेस्ट, 46 वनडे और 31 टी20 मैच खेलने वाली नायक सीएसी का हिस्सा बनी रहेंगी। वह इससे पहले मदन लाल और आरपी सिंह की तीन-सदस्यीय समिति का हिस्सा थीं।

## बांग्लादेश में सात साल बाद वनडे सीरीज खेलेगा भारत

**नयी दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज चार दिसंबर से शुरू होगी। टीम इंडिया सात साल बाद बांग्लादेश में मेजबान टीम के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेली थी। पिछला दौरा (2015) भारतीय टीम के लिए यादगार नहीं रहा था।

## इंग्लैंड के चार बल्लेबाजों के शतक, बैकफुट पर पाकिस्तान



एजेंसी

**रावलपिंडी।** इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (122), बेन डकेट (107), ओली पोप (108) और हैरी ब्रूक (101 नाबाद) के शतकों की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को चार विकेट के नुकसान पर 506 रन बना लिये। इंग्लैंड के शीर्ष पांच बल्लेबाजों में जो रूट (23) एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जो शतक नहीं जड़ सके।

**लाबुशेन, स्मिथ के दोहरे शतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बनायी विशाल बढ़त**

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने मार्नस लाबुशेन (204) और स्टीव स्मिथ (200) के दोहरे शतकों की बदौलत वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में गुरुवार को 598 रन का विशाल स्कोर खड़ा करके पारी घोषित की। वेस्ट इंडीज ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाये 74 रन बना लिये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ स्टेडियम पर दूसरे दिन की शुरुआत 293/2 से करते हुए सिर्फ दो विकेट गंवाकर 305 रन जोड़े।




